त्रैमासिक
ISSN : 3048-9547 (Print)

# विद्वत वाणी

(विचार, विस्तार और नवाचार)

मूल्य: 100/- रुपये मात्र

प्रथम वर्ष - 2024
खण्ड - 2, अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2026)
Volume - 2, Issue - 4
(April to June 2026)
Starting Year - 2024

*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

## Our Mentors

**1. Mr. Ashok Upreti -** Former Indian Forest Service Officer,
Retd. Principal Chief Conservator of Forests and State Head -
(Forest Department Tamilnadu),
Former Chairman - Research Advisory Committee of Tamilnadu.

**2. Dr. Malini Pande -** Professor and Additional Registrar,
Director: Internal Quality Assurance Cell,
Director: Center for Online Programs,
Director: Academic Staff College, Special Officer - New Education Policy,
Dr. MGR Educational & Research Institute, Deemed to be University, Chennai.

**3. Dr. Davinder Singh Boha -** Dist. Language Officer, (Retd.),
S.A.S. Nagar, Dist Mohali, Punjab

**4. Smt. Rajalakshmi Arunachalam -** Tahsildar (Retd.),
Chengalpet Revenue Unit, (Govt. of Tamilnadu), Chennai.

**5. Smt. Brinda Srinivasan -** Asst. General Manager (Retd.), BSNL,
Department of Telecommunications, Ministry of Communications,
(Government of India), Nungambakkam, Chennai.

आवरण पृष्ठ चित्र विवरण- हिमालय पर्वत शृंखला, देवभूमि उत्तराखंड

**Published by:**

**(Research and Development Division)**

**Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**

(A Registered Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt.of India)

**Address for Correspondence:**

Plot No.-29, Door No.-11, Balakrishnapuram, 3rd Street,
Adambakkam, Chennai-600088, Tamilnadu

त्रैमासिक
ISSN : 3048-9547 (Print)
विद्वत वाणी
मूल्य: 100/- रुपये मात्र
(विचार, विस्तार और नवाचार)
प्रथम वर्ष - 2024
खण्ड - 2, अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2026)
Volume - 2, Issue - 4
(April to June 2026)
Starting Year - 2024
*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

## About the Journal

**VIDWAT VANI** is an International Peer Reviewed Quarterly Hindi Research Journal which publishes quality research papers in Hindi language. This Journal provides an excellent platform to provide access to Hindi research publications around the world. The Journal plays a very significant role in supporting the academic programmes of various Colleges and Universities globally for their Hindi Research Publications. Being an Open Access Journal, it identifies, evaluates, procures, processes and makes these research resources easily accessible to the faculty and research students for their teaching, study and research.

The Journal is published under the Aegis of **Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**, Chennai. (A Registered and Licensed Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt of India).

**Vidwat Vani** provides researchers and authors with an outstanding opportunity to publish their research articles on a diverse range of topics. These research papers undergo rigorous and transparent evaluation by our peer review board, ensuring high standards of consistency and scholarly integrity.

**Mission**: **Vidwat Vani** aims to foster academic excellence by promoting innovative research in Hindi literature, culture and philosophy etc. Our mission is to provide a platform for scholars and researchers to share their insights, encouraging intellectual discourse and preserving the richness of Hindi scholarly traditions.

**Vision**: **Vidwat Vani** envisions becoming a leading journal that bridges traditional and contemporary Hindi research, inspiring a new generation of scholars to explore and contribute to the evolving landscape of Hindi academia.

**Our Values**: We uphold academic integrity and accountability as paramount. We value intellectual excellence and research while encouraging a strong commitment to exploration, rationality and expertise, which form the cornerstone of our journal's scholarly culture.

त्रैमासिक
# विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
ISSN : 3048-9547 (Print)
मूल्यः 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024
खण्ड - 2, अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2026)
Volume - 2, Issue - 4
(April to June 2026)
Starting Year - 2024
*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

## Our Editorial Team

**Editor-in-Chief:**

Dr. Sanjay Raman, Director, Sharada Saptarishi Foundation, Address: No 8, Green City, Sripati Nagar, Thiruninravur, Vill Pakkaam, Dist Thiruvallur, Chennai-602024, Tamilnadu
Email **editor.vidwatvani@gmail.com**

## Our Editorial Board Members

We are proud to have a team of experienced and intellectually strong editorial board members.

**1. Zhihui (Dr. Vivek Mani Tripathi)**
Professor (Hindi), Guangdong University of Foreign Studies, China. (Xiaoguwei, Panyu District, Guangzhou 510006, China)
Email **vmtripathi@gdufs.edu.cn**

**2. Dr. Sushma Malhotra**
Assistant Faculty-Queens College
65-30, Kissena Blvd
Flushing NY 11367
Professor (Retd.), Office of Adult : Continuing Education (OACE),
New York City, Education Department,
New York, United States of America.
Email **sushma.malhotra@qc.cuny.edu**

**3. Dhunpal (Raj) Heeraman**
Retd. Senior Journalist, Hindi Scholar, Senior Hindi Author, Senior Poet, Morc. Swan, Pereybere,
Grand-Baie Republic of Mauritius
Email **rajheeramun7727@gmail.com**

**4. Dr. Vandana Sharma**
Assistant Professor (Hindi),
Central University of Jammu,
Bagla (Rahya Suchani),
Samba Jammu-181143,
Jammu and Kashmir
Email **vandana.hnd@cujammu.ac.in**

**5. Dr. Ashish Kumar**
Asst. Director (O.L),
Central University of Nagaland,
Lumami, Nagaland, 798627
Email **hindiofficer@nagalanduniversity.ac.in**

**6. Dr. P. Saraswathi**
Assistant Professor (Hindi),
University of Madras,
Marina Campus, Chennai-600005,
Tamilnadu.
Email **sarashindi@unom.ac.in**

**7. Dr. Ashwini Shandilya**
Assistant Professor (Hindi),
Institute of Education and Training,
Sector 2, Panchkula-134109, Haryana
Dept. of Education, (Govt of Haryana)
Email **akakshandilya@gmail.com**

**8. Dr. Deepti**
Assistant Professor and HOD,
(Department of Hindi),
Hindu College, Dhab Khatika,
Amritsar-143001, Punjab.
Email **drdeeptisahni@gmail.com**

**9. Dr. P. Ezhil Nachiar**
Assistant Professor (Dept of Hindi-Aided),
SDNB Vaishnav College for Women,
Vaishnava College Road, Lakshmi Nagar,
Shanti Nagar, Chrompet,
Chennai-600044, Tamilnadu.
Email **nangai1001@gmail.com**

**10. Dr. Santosh Kumar Tiwari**
Assistant Professor (Hindi),
Government Inter College, Shankarpur,
Pauri Garhwal-246001, Uttarakhand.
Email **santoshtiwari913@gmail.com**

**11. Dr. Chandrika Choudhary**
Asst. Professor (Dept of Hindi),
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College, Saraipali-493558,
Dist. Mahasamund, Chhattisgarh.
Email **drchandrikachoudhary@gmail.com**

**12. Dr. Vaddi Jagadeesh**
Asst Professor (Dept of Hindi),
PNC COGNITIO DEGREE COLLEGE,
33 SRB Campus, Opp SRB Gardenia,
Kadugodi, Bengaluru-560067,
Karnataka
Email **drvaddijagadeesh@gmail.com**

**13. Dr. Vijay Laxmi**
Asst Professor and Head of the Dept
(Dept of Hindi)
Shri Ram Singh Dhoni Govt Degree College
Jainti, Almora-263626, Uttarakhand
Email **devalaxmi1984@gmail.com**

**14. Dr Pradeep Kumar**
Professor (Dept of Hindi)
Lords University, Alwar
Rajasthan-301028
Email **pradeepbas@gmail.com**

## Peer Review Committee Members

**1. Dr. Dilip Kumar Medhi**
Professor, University of Gauhati,
Gopinath Bordoloi Nagar,
Jalukbari, Guwahati, Assam 781014
Email **dkmedhi1@gauhati.ac.in**

**2. Dr. S.V.S.S. Narayan Raju**
Professor, (Department of Hindi),
School of Social Sciences and Humanities,
Central University of Tamilnadu,
Thiruvarur-610005, Tamilnadu.
Email **svssnraju@cutn.ac.in**

**3. Dr. Savita Dhudkewar**
Assistant Professor (Retd),
Institute of Higher Education and Research,
Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha,
Madras, T. Nagar, Chennai-600017,
Tamilnadu.
Email **savitashashikant@gmail.com**

**4. Dr. Diksha Mehra**
Assistant Professor (Guest),
(Hindi and Other Languages Dept),
DSB Campus, Kumaun University,
Nainital-263002, Uttarakhand
Email **dikshamehra12478@gmail.com**

## Assistant Editors

**1. Prema Bhuwan Pandey** - Poetess, Novelist, Researcher, Reviewer, Author, Senior Litterateur, Noida, Uttar Pradesh.
Email **pandebhuwanchandra@gmail.com**

2. **Dr. K. Priya** - Poetess, Reviewer,
Young Litterateur, Chennai
Email **priyamuthukumaran2@gmail.com**

**3. Pooja Parashar** - Poetess, Reviewer, Ph.D. Scholar, Young Litterateur, Chennai.
Email **poojasudharsun@gmail.com**

**4. Dr. R. Gowri** - Senior Hindi Pracharak, Author, Young Litterateur, Chennai
Email **gowrirangaradjou@gmail.com**

**5. Mrs. Shanti Soni** - Senior Lecturer, Government Higher Secondary School Mahmand, Development Block Bilha, District Bilaspur, PIN-495004, Chhattisgarh
Email: **shantisoni192@gmail.com**

◆◆◆◆◆

**Published by:**
**Dr. Sanjay Raman, Editor-in-Chief**

**(Research and Development Division)**
**Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**
(A Registered Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt.of India)

**Corporate Office:**
No 8, Green City, Sripati Nagar,
Thiruninravur, Dist Thiruvallur,
Chennai-602024, Tamilnadu

**Address for Correspondence:**
Plot No.-29, Door No.-11,
Balakrishnapuram, 3rd. Street,
Adambakkam, Chennai-600088, Tamilnadu

**Printed by:**
**Karmanya Printers**, Vill. Pakkam,
Thiruninravur, Dist. Thiruvallur,
Chennai-602024, Tamilnadu

## Our Review Process

All research papers are reviewed by our qualified editorial board members and peer review committee members. Decisions on the paper review are made as rapidly as possible and our Journal responds to authors accordingly.

## Guidelines for the Authors

**Vidwat Vani** welcomes the submission of manuscripts that meet the criteria of significance and subject excellence. The journal accepts only unpublished research papers. The main author must ensure that they have obtained necessary approval for their research paper publication from co-authors (if any).

The Journal adheres to a zero-tolerance policy for plagiarism and copyright infringement. All research paper submissions undergo a stringent plagiarism check before their acceptance for publication. However, the responsibility lies with the authors to ensure proper compliance with institutional approval where necessary.

## Paper Submission Instructions

**Electronic Submission:** Only electronic submissions of research papers will be considered. The text should be error-free, fully typed in a single-spaced Microsoft Word file (in Arial Unicode/Mangal Font only) and should be mandatorily emailed to **editor.vidwatvani@gmail.com** as an attachment only. **(No PDF or JPG files will be accepted)**.

**Author Details:** The research paper should include the full name of the author and co-author(s) (if any), along with the institution and place. A scanned photograph in JPG format must be sent with the submission.

**Acceptance and Publication:** Upon review by our Peer Review and Editorial Board team, an acceptance letter will be emailed to the author, including the expected publication date.

**References:** A minimum of 5 references is mandatorily required for each paper with proper details including the book title, author's name, place and year of publication and page numbers etc.

**Abstract:** Each research paper must have an abstract of 200 words, along with 5 to 10 keywords.

**Copyright Agreement:** Authors and co-authors (if any) must submit a filled and scanned copyright agreement form upon acceptance of their paper.

**Publication Charges:** Submission of the paper implies that the work is original and unpublished. Authors are required to pay a processing fee of Rs. 1200/- (Rupees One Thousand Two Hundred only) after acceptance for their paper publication.

**Our Bank Account Details are as follows:**

**Sharada Saptarishi Foundation**
**Current Account No 69640200000082**
**Bank Of Baroda**
**Nathamedu Branch**
**Dist Thiruvallur**
**Chennai-602025**
**IFSC Code BARB0VJNAME**

**or**

**Vidwat Vani**
**(A Unit of Sharada Saptarishi Foundation)**
**Current Account No- 2502252278964414**
**IFSC Code AUBL0002522**
**AU Small Finance Bank**
**Phase 10, Mohali Branch, Punjab**

(*Cheques are Subject to Realization)*

**Publication Ethics**

**VIDWAT VANI** follows the Committee on Publication Ethics (COPE) Code of Conduct and Best Practice Guidelines for Journal Editors.

**The perspectives shared in the articles published in this research journal are those of the author(s) and do not imply endorsement by Vidwat Vani or its editorial board.**

All disputes will be governed exclusively by the jurisdiction of Chennai.


**Contact Us**

**Vidwat Vani (Quarterly Hindi Journal)**
**C/o (Research and Development Division)**
**Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**

**Address for Correspondence**

Plot No.-29, Door No.-11,
Balakrishnapuram, 3rd Street,
Adambakkam, Chennai-600088, Tamilnadu
E-mail **editor.vidwatvani@gmail.com**

**WhatsApp for Quick Response**
7526889547, 6381710754

**Editor-in-Chief:** 9841234866 (Calls Only)
Dr. Sanjay Raman



**Tamilnadu Coordinator**
Ajay Raman- 9884423940

**Punjab State Coordinator**
Mohan Kumar- 9888890019
Surjit Singh- 7973278851

**Graphic Designer**
Harshvarthan. M, Chennai.

**Composing**
P.V.K. Bhavani Gangadhar, Thiruvallur.

**Branch Administrative Assistant**
Shankar Periyan, UT, Chandigarh.

**PRO & Media Consultant**
R. Sridevi - Bureau Chief,
Ahinsa Kranti (Daily), Chennai

अहिंसा क्रांति
REGN NO. RAJHIN/2019/79236
मुकेश नाहर जैन
(प्रधान संपादक)
(M) 9079209672
कार्यालय :- 2/1375, के.बी.एच.बी., जोधपुर 342005
श्रीदेवी ,चैन्नई - ब्यूरो चीफ अहिंसा क्रान्ति
अभिषेक जैन
(कार्यकारी संपादक)
(M) 9950517131

Ref No- AKBC-0001 Date- 26-मई-2026



# शोध एवं साहित्य की सारस्वत वाणी

हिंदी साहित्य एवं शोध की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने हेतु चेन्नई से प्रकाशित शोध पत्रिका '**विद्वत वाणी**' का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय, सार्थक एवं प्रेरणादायी है। वर्तमान समय में जब शोध एवं वैचारिक संवाद की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है, ऐसे में यह पत्रिका साहित्य, भाषा, संस्कृति एवं अकादमिक चिंतन को नई दिशा प्रदान करेगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि '**विद्वत वाणी**' विद्वानों, शोधार्थियों तथा हिंदी प्रेमियों के लिए ज्ञान-विस्तार, सृजनात्मक अभिव्यक्ति एवं गंभीर विमर्श का एक सशक्त मंच सिद्ध होगी।

पत्रिका के संपूर्ण संपादक मंडल को पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलमय शुभकामनाएँ।

सादर...

आर॰ श्रीदेवी

**आर.श्रीदेवी**
राष्ट्रीय ब्यूरो चीफ

समाचार पत्र प्रकाशन पता :- बालियों का वास, धुंधाड़ा, जिला जोधपुर (राज.)
Mob.: 8718831120 Email : ahinsakranti@gmail.com • Website : www.ahinsakranti.com

# अनुक्रमणिका

**Table of Contents**


1. **मोहन राकेश की कहानियों में चित्रित मध्यवर्गीय चेतना** 11
डॉ. पी. आर. वासुदेवन 'शेष', चेन्नई

2. **साधारण में असाधारण : विनोद कुमार शुक्ल की काव्य-दृष्टि** 17
संग्राम सिंह निराला, रायगढ़ (छ. ग.)

3. **भारतीय ज्ञान परंपरा और विकसित भारत में पर्यावरण संकल्प** 23
शगनप्रीत कौर, श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब

4. **प्रेमचन्द की कहानियों में दलित संवेदना** 28
पुष्पा कुमारी, अलवर, राजस्थान

5. **महीप सिंह की कहानियों में वृद्ध जीवन की त्रासदी** 33
रश्मिरेखा बेहेरा, भुवनेश्वर, ओड़िशा

6. **मध्यकालीन राजस्थान की धार्मिक परिस्थितियाँ** 39
डॉ. सलिल श्रीवास्तव, जयपुर, राजस्थान

7. **हिंदी के संत काव्य की विशिष्टता** 45
डॉ. दीपा, मालवीय नगर, नई दिल्ली

8. **धूमिल और सुकांत के काव्य में राजनीतिक चेतना** 52
नेहा चौबे, मिदनापुर, प. बंगाल

9. **हिंदी कथा-साहित्य में दलित विमर्श का स्वरूप** 57
डॉ. नरेश कुमार, मधेपुरा, बिहार

10. **छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में राम** 62
डॉ. ज्योति बाला साहू, भाठागाँव, रायपुर, (छ. ग.)

त्रैमासिक ISSN : 3048-9547 (Print)
विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
मूल्यः 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024
खण्ड - 2, अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2026)
Volume - 2, Issue - 4
(April to June 2026)
Starting Year - 2024

## संपादकीय..................

आज का तमिलनाडु एक ऐतिहासिक और नीतिगत बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। यह राज्य न केवल अपनी सहस्राब्दियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में अग्रणी रहा है, बल्कि वर्तमान दौर में वह अपनी भाषाई अस्मिता को आधुनिक वैज्ञानिक शोध तथा तकनीकी नवाचार के साथ जोड़ने में भी एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। विमर्श के केंद्र में तमिल भाषा का संवर्धन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्रि-भाषा सूत्र बनाम राज्य की पारंपरिक द्वि-भाषा नीति का मुद्दा प्रमुखता से उभरा है। इस वैचारिक मंथन के बीच, तमिलनाडु ने पूरे देश को यह दिखाया है कि अपनी मातृभाषा के प्रति अडिग निष्ठा किसी भी समाज की वैश्विक और वैज्ञानिक प्रगति में बाधक नहीं, बल्कि उसका सबसे सशक्त एवं जीवंत आधार स्तंभ हो सकती है। राज्य के सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य में भाषा केवल आपसी संवाद का साधन नहीं है, बल्कि वहाँ के लोगों की अस्मिता और ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक है। शिक्षा के क्षेत्र में तमिल और अंग्रेज़ी के द्वि-भाषी मॉडल को पूरी दृढ़ता से बनाए रखने का तार्किक आधार भी यही है कि जहाँ तमिल भाषा स्थानीय संस्कृति, सामाजिक न्याय और पहचान को सुरक्षित रखती है, वहीं अंग्रेज़ी, छात्रों को वैश्विक स्तर पर विज्ञान, चिकित्सा और अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करती है। यह दृष्टिकोण इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी भाषा को जबरन थोपने के बजाय, अपनी जड़ों से गहरे जुड़े रहकर भी वैश्विक स्तर का नेतृत्व तैयार किया जा सकता है।

भाषा का यह संवर्धन केवल पारंपरिक साहित्यिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रह सकता। इसे पुख्ता ऐतिहासिक और वैज्ञानिक शोध का निरंतर समर्थन मिलना अनिवार्य है। तमिलनाडु इस मोर्चे पर अभूतपूर्व और गंभीर अकादमिक कार्य कर रहा है। कीलाडी और पट्टिनामरुदुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर चल रहे पुरातात्विक उत्खनन और चोल काल की ऐतिहासिक तांबे की प्लेटों के वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण ने तमिल संस्कृति की प्राचीनता को अकाट्य प्रमाणों के साथ दुनिया के सामने रखा है। यह इतिहास, नृविज्ञान और भाषा के अंतर्संबंधों पर हो रहे निरंतर अनुसंधान का ही परिणाम है, जो अब केवल अकादमिक गलियारों तक सीमित न रहकर डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक पहुँच रहा है। इसके साथ ही, राज्य की दूरदर्शी नीतियाँ इस बात पर विशेष बल दे रही हैं कि उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे जटिल तकनीकी अनुसंधानों के निष्कर्षों को तमिल भाषा में भी सुलभ कराया जाए ताकि ज्ञान का वास्तविक लोकतंत्रीकरण हो सके। जब विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक शोध के प्रतिमान स्थानीय भाषा में उपलब्ध होते हैं, तो ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों के भीतर भी नवाचार की मौलिक क्षमता जाग्रत होती है।

इससे न केवल भाषाई गौरव की पुनर्स्थापना होती है, बल्कि अकादमिक स्तर पर मौलिक और स्तरीय शोध-पत्रों के लेखन को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे क्षेत्रीय भाषाएँ वैश्विक ज्ञान-कोश का एक अनिवार्य हिस्सा बनती हैं। अंततः, तमिलनाडु का यह वर्तमान परिदृश्य स्पष्ट करता है कि अपनी भाषाई विरासत के संवर्धन का वास्तविक अर्थ किसी अन्य भाषा का अंधविरोध करना नहीं, वरन् अपनी मातृभाषा को शोध, उच्च रोज़गार और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान

का सक्षम माध्यम बनाना है। भाषा संवर्धन तथा वैज्ञानिक दृष्टि का यही अद्‌भुत समन्वय तमिलनाडु को एक प्रगतिशील, समतावादी और भविष्योन्मुखी समाज के रूप में स्थापित कर रहा है।

इस भाषाई दृष्टिकोण एवं दूरदर्शिता को धरातल पर उतारने हेतु राज्य का औद्योगिक एवं प्रशासनिक ढांचा भी अत्यधिक सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समकालीन कॉरपोरेट गवर्नेंस और तकनीकी उद्योगों में 'स्थानीय समावेशन' की बढ़ती माँग को देखते हुए, प्रशासनिक स्तर पर तकनीकी शब्दावलियों का मानकीकरण किया जा रहा है। यह नीतिगत कदम यह सुनिश्चित करता है कि वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ जब राज्य के भीतर निवेश करें, तो वे स्थानीय प्रतिभाओं की भाषाई सहजता का लाभ उठा सकें।

आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से, द्वि-भाषी मॉडल ने एक अत्यंत कुशल तथा संतुलित कार्यबल (Workforce) तैयार किया है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक कल्याण की योजनाओं को लागू करने में जितना सक्षम है, उतना ही अंतरराष्ट्रीय पटल पर व्यापारिक समझौतों को दिशा देने में निपुण है। इसके अतिरिक्त, फिनटेक, सेमीकंडक्टर डिज़ाइन और डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में तमिल माध्यम से शिक्षा प्राप्त युवाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सांस्कृतिक जड़ों का परित्याग आवश्यक नहीं है। अंततः, यह संतुलित दृष्टिकोण अन्य राज्यों के लिए भी एक मार्गदर्शक केस-स्टडी बन गया है, जो यह प्रमाणित करता है कि सांस्कृतिक संरक्षण व सतत आर्थिक विकास दोनों ही परस्पर पूरक नीतियाँ हैं।



**प्रधान संपादक**

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# मोहन राकेश की कहानियों में चित्रित मध्यवर्गीय चेतना



**डॉ. पी. आर. वासुदेवन "शेष"**

कवि, कहानीकार, समीक्षक
वरिष्ठ साहित्यकार
चेन्नई-600014
संपर्क
vasudevanshesh@gmail.com

**शोध सारांश**

नए कहानीकारों में विशिष्टत्रयी (कमलेश्वर, राजेंद्र यादव, मोहन राकेश) ने कहानी को नया मोड़ देने तथा परंपरा स्थापित करने में विशेष योगदान दिया है। राजेंद्र यादव की कहानियों में जहाँ नई कहानी का प्रारंभ माना जाता है, वहीं इसके मूल विकास के रूप में कमलेश्वर और मोहन राकेश की कहानियाँ अपूर्व देन के रूप में स्वीकार की जाती हैं। मोहन राकेश की बहुमुखी (मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, वैयक्तिक, यथार्थोन्मुखी, व्यंग्यात्मक) कहानियों ने कहानी साहित्य में श्रीवृद्धि की है। इनकी लेखनी से प्रस्फुटित कहानी संग्रह 'इंसान का खण्डहर', 'नये बादल', 'जानवर और जानवर', 'एक और ज़िंदगी', फौलाद का आकाश, 'वारिस' आदि हैं। ये कहानी-संग्रह चार भागों में आए हैं- 'आज के साये', 'मिले जुले चेहरे', 'पहचान' और 'एक-एक दुनिया'। मोहन राकेश आधुनिक कहानीकार हैं। इसीलिए उन्होंने आधुनिक विषयों, आधुनिक समस्याओं पर आधुनिक ढंग से अपनी कहानियों पर प्रकाश डाला है। आधुनिक युग में परिपार्श्व में पूर्णतया ढलकर इनकी कहानियाँ जीवन में व्याप्त संघर्ष को आत्मसात कर लेती हैं। इनकी कहानियाँ इतनी सजीव हैं कि जीवन का कोई न कोई पक्ष पूर्णतया प्रकाशित होकर उपस्थित होता है। विशेष प्रशंसनीय बात यह है कि यह पक्ष बहुत साधारण ढंग से अभिव्यक्त किया जाता है। जटिल कथानक इनको रुचिकर नहीं लगते। मोहन राकेश ने इन कहानियों में पंजाब, दिल्ली और बंबई जैसे शहरों के जीवन को लिया है। भारत विभाजन की घटनाएँ उभारी हैं तथा मध्यवर्ग एवं निम्नवर्ग को अपनी कहानियों का आधार बनाया है।

**बीज शब्द**

**1. मध्य वर्ग 2. निम्न वर्ग 3. मोहन राकेश 4. आधुनिक समस्याएँ 5. भारत विभाजन 6. मानसिक अन्तर्द्वंद्व**

**मूल शोध**

मोहन राकेश की कहानियों में अंतर्मुखी भावनाओं की प्रबलता है। इनके पात्र सामाजिक संदर्भों से जूझते हुए पहले तो वैयक्तिक हो जाते हैं, फिर नितांत अन्तर्मुखी हो जाते हैं और फिर अपने अकेलेपन में घुटते हैं। अन्तर्द्वंद्व की यातनाएँ सहते हैं,

आर्थिक एवं मानसिक दृष्टि से तो स्वतंत्र हो जाते हैं, परंतु सुखी नहीं हो पाते हैं।

वैयक्तिक आग्रहों से युक्त होकर मोहन राकेश जो भी कुछ कहना चाहते हैं उसमें आस्था, आकुलता, व्याकुलता, संकल्प, त्याग आदि भावनाएँ संजोए रहते हैं। मोहन राकेश ने अपनी कहानियों के पात्रों को यथार्थ परिवेश के अनुकूल ढाला है। इनके पात्र निम्न तथा मध्यवर्ग से संबंधित हैं। इनके पात्रों में जाति तथा वर्ग वैषम्य की स्थिति प्रमुख है। उनकी इस वैयक्तिकता से सामाजिकता को ठेस नहीं पहुँचती है, क्योंकि पात्रों की समस्याओं का आधार सामाजिक है- **"व्यक्ति यथार्थ परिवेश से असम्पृक्त होकर निर्जीव हो जाता है और जातीय विशेषताओं एवं संस्कारच्युत होकर अजनबी बन जाता है। इसलिए मोहन राकेश एक व्यापक दृष्टि चरित्र-चित्रण के संबंध में अपनाते हैं और पात्रों की वैयक्तिक विशेषताओं को प्रकाशित करने का लक्ष्य एवं अनुभूति के होते हुए भी समष्टिगत आधारों की उपेक्षा नहीं करते।"**[1]

नये कहानीकारों ने व्यक्ति और समाज को लेकर एक ऐसा व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है कि हम पूरे विस्तार से इन दोनों (व्यक्ति ओर समाज) को समझ पाते हैं। यही कारण है कि मोहन राकेश की कहानियाँ हमारे आधुनिक जीवन के वातावरण, अनुभूतियों और जीवन के संघर्ष से संबंधित हैं। प्रत्येक नये कहानीकारों की तरह मोहन राकेश भी स्वयं को परंपराओं से काट लेते हैं। जीवन में व्याप्त संघर्ष की अभिव्यक्ति ही इनका श्रेय प्रेय है। वैयक्तिक चेतनापरक यथार्थ चित्रण से संबंधित कहानियों में 'उसकी रोटी', 'नये बादल', 'परमात्मा का कुत्ता', 'हक हलाल', 'एक और ज़िंदगी' आदि कहानियाँ उल्लेखनीय हैं।

'एक और ज़िंदगी' कहानी में यथार्थ अपने चरमोत्कर्ष पर उभरकर आया है। अस्मिता की भावना के कारण कितना बिखराव आ गया है। बीना प्रकाश से कहती है- **"जब हम अपने ही भविष्य के बारे में नहीं सोच सकते, तो इस भविष्य के बारे में क्या सोचेंगे?"**

**"क्या तुम यह पसंद करोगी कि बच्चे को मुझे सौंप दो और स्वयं स्वतंत्र हो जाओ"**

**"बच्चे को आपको सौंप दूँ" बीना के स्वर में वितृष्णा गहरी हो गई। "इतनी मूर्ख मैं नहीं हूँ।"**

**"तो क्या तुम यही चाहती हो कि इसका निर्णय करने के लिए अदालत में जाया जाए?"**

**"आप अदालत में जाना चाहें, तो मुझे उसमें भी एतराज़ नहीं है। ज़रूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट तक लड़ूँगी। आपका बच्चे पर कोई अधिकार नहीं है।"**

**"बच्चे को पिता से ज़्यादा माँ की ज़रूरत होती है," कई दिन...कई सप्ताह वह मन ही मन संघर्ष करता रहा। "जहाँ उसे दोनों न मिल सकते हो, वहाँ उसे माँ तो मिलनी चाहिए ही। अच्छा है तुम बच्चे की बात भूल जाओ और नए सिरे से अपनी ज़िंदगी बनाने की कोशिश करो।"**

**"मगर...।"**

**"फ़िज़ूल की इज़्ज़त में कुछ नहीं रखा है। बच्चे-वच्चे तो होते ही रहते हैं। तुम संबंध-विच्छेद करके फिर से ब्याह कर लो, तो घर में और बच्चे हो जाएँगे। समझ लेना कि इस एक बच्चे के साथ कोई दुर्घटना हो गई थी...।"**[2] तलाक जैसी मान्यताओं ने भी मनुष्य को सफलता नहीं दी। बीना और प्रकाश विवाह करने के लिए विवाह तो कर लेते हैं, परंतु अहं उनको एक सूत्र में बाँध नहीं पाता। परिणामतः तलाक हो जाता है। कानून उनके बेटे 'पलाश' को उसकी माँ बीना को सौंप देता है। ज़िंदगी अकेले सरलता से नहीं कटती है। इसलिए प्रकाश निर्मला से विवाह कर लेता है।

दुर्भाग्यवश निर्मला हिस्टीरिया के रोग से ग्रस्त है, जिसके कारण उसका स्वभाव विकृत है। उससे तंग आकर प्रकाश कश्मीर चला जाता है। भाग्य की विडंबना ही है कि वहाँ उसे उसकी पहली पत्नी बीना और बेटा पलाश मिलते हैं। पलाश प्रकाश के पास खेलने आता रहता है, परंतु बीना अपने अहं को संभाले रखती है- यदि एक दो

बार लाने ले जाने आती भी है, तो भी नितांत आत्मसुखी और तटस्थ बनी रहती है। बीना जब पलाश को लेकर कश्मीर से लौटती है, तो प्रकाश अत्यधिक उद्विग्न होकर शराब पी लेता है। नशे में धुत्त पगडंडी पकड़े जब वह अपने कमरे में लौटता है, तो उसका पीछा जैसे दो नन्हें पाँव करते हैं, उसे ऐसा प्रतीत होता है, परंतु वह कुत्ता होता है।

मनुष्य जो चाहता है वह उसे नहीं मिलता, इस सत्य से किसी को भी इंकार नहीं है। यदि प्रकाश एक ज़िंदगी नहीं बसा सका तो उसने दूसरी बसानी चाही, परंतु उसमें भी वह सफल नहीं हुआ। कुत्ते का सा निराश जीवन प्रकाश को जीना ही पड़ता है। प्रकाश और बीना के माध्यम से मोहन राकेश नर-नारी के विषम संबंधों को ही चित्रित करना चाहते हैं। आज के नर-नारी वैयक्तिक आग्रहों से स्वयं को मुक्त नहीं कर पाते और यही इस कहानी का मुख्य आधार है।

मोहन राकेश की 'पाँचवें माले का फ्लैट' कहानी में युवक-युवतियों की वैयक्तिक चेतना का परिचय दिया गया है। जो अपने लिए भावनात्मक साथी चुनना अच्छी तरह जानते हैं। ये युवतियाँ भोली-भाली नहीं हैं, पूर्णतया आत्म-जागरूक हैं। बंबई में कहानी के नायक अविनाश के मित्र शर्मा के घर सरला और प्रमिला दो युवतियाँ ठहरी हुई हैं। मित्र होने के नाते शर्मा अविनाश को दोनों लड़कियों में से कोई एक पसंद करने को कहता है। बीस बाईस दिन तक निरंतर संपर्क में आने के कारण अविनाश छोटी बहन प्रमिला पर मुग्ध हो जाता है, जो उससे पिक्चर चलने का आग्रह करती है, किंतु पैसों के अभाव में अविनाश दोनों लड़कियों को पिक्चर दिखाने न ले जाकर अपने घर पाँचवें माले के फ्लैट ले आता है। परंतु अविनाश का पाँचवें माले का अस्त-व्यस्त फ्लैट प्रमिला को रुष्ट एवं हतोत्साहित कर देता है और वह सरल नेत्रों से व्यंग्य बाण कसने लगती है। प्रेम एवं आकर्षण भी विचित्र होता है कि अविनाश पैसों की व्यवस्था करता है। अपने कमरे को सजाता है और दोनों बहनों को पिक्चर के लिए आमंत्रित करता है, परंतु समय चूक जाता है और दोनों बहनें वहाँ से जा चुकी होती हैं।

सात वर्ष बाद दोनों बहनें अविनाश से मिलती हैं। उसके मकान तथा विवाह की बात करती है, परंतु वह संयोग स्थायी नहीं रह पाता। बम्बई के लोग कितने वैयक्तिक होते हैं, जो स्थिर प्रेम करना नहीं जानते हैं। कैसी विडंबना है कि अविनाश की आर्थिक स्थिति उसे प्रमिला जैसी युवती से बाँध नहीं सकती-**"मुड़कर पीछे न देखता, तो न भी देखता। पर अचानक यों ही उत्सुकतावश कि जाने अपने को किसी ने पुकारा हो, घूमकर देख लिया आवाज़ देने के बाद जहाँ की तहाँ रुक गई थी। उसके बाद उसे पहचानने और उस तक पहुँचने की सारी ज़िम्मेदारी जैसे मेरे ऊपर हो। पास पहुँचने पर भी अपनी जगह से एकदम नहीं हिली। दूर था तो वह बंद होठों से मुस्कुरा रही थी। पास पहुँचा तो खुले होठों से मुस्कुराने लगी बस। भौहों पर 'आईब्रो पेंसिल' की गहराई को चमकाती हुई बोली- 'पहचाना नहीं'। मैं उसका नाम याद करने की कोशिश कर रहा था। बहुत दिन वह नाम ज़ुबाँ पर नहीं आ रहा था।"**[3] इस प्रकार अविनाश के सारे सपने टूट जाते हैं। बडे-बड़े महानगरों में यह अक्सर होता है, जो इस कहानी में दर्शाया गया है।

मोहन राकेश की कहानी 'नये बादल' में धर्मशाला का वास्तविक चित्रण हुआ है। चौकीदार किस प्रकार किराये पर कमरे देने के लिए अपने मन में द्वंद्व पालता है। एक-एक अठन्नी के पीछे उसका क्या भाव रहता है, चौधरी किस प्रकार अपरिचित युवकों और युवतियों के बारे में जानने के लिए छानबीन करता है, परंतु चौकीदार उसके किसी भी प्रश्न का प्रत्युत्तर साफ-साफ नहीं देता। उसका उत्तर उसके कार्य से संबद्ध है, जिससे उसकी वास्तविक स्थिति उद्भासित होती है-**"मैं धर्मशाला की चौकीदारी करता हूँ जी, यहाँ आने वालों के धर्म ईमान की चौकीदारी नहीं करता। मुझे क्या पता कि कौन क्या है और कौन कैसा है? अभी चार नंबर वाले कह रहे थे कि रात को कोई चोर उनके कमरे में आया था और दियासलाई जलाकर इधर उधर देख रहा था। ....मेरा काम आप लोगों को**

**कमरे दे देना है, बस और कुछ नहीं।"**[4] इस कहानी में निम्नवर्गीय चौकीदार की निरीह स्थिति का वास्तविक चित्रण हुआ है जो धर्मशाला की देखरेख करता है।

'ज़ख्म' नामक कहानी में नारी और पुरुष का अहं दोनों के विवाह सूत्र में विश्रृंखलता उत्पन्न करता है। इस कहानी का नायक अपनी पत्नी से कहता है-**"तुम्हारा ख्याल है, मैं नौकरी छूटने की वजह से यह बात कर रहा हूँ? वह अपनी आँखें अब और पास ले आया। तुम समझते हो कि इसी वजह से कल मैं तुमसे चिपका रहना चाहता था...पर खातिर जमा रखो, नौकरी न रहने पर भी मैं दस आदमियों को खिला सकता हूँ... खाता मैं कभी किसी से नहीं और यह भी विश्वास रखो कि मुझे अभी बीस साल और जीना है....कम से कम बीस साल।"**[5] पूरी कहानी कथाकार ने एक सांकेतिक तौर पर लिखकर पाठकों तक पहुँचाई है।

'ग्लास टैंक' कहानी में मोहन राकेश ने दाम्पत्य जीवन का नहीं, बल्कि एक ही घर में रह रही माँ और बेटी के बीच के अकेलेपन, मानसिक अंतर्द्वंद्व और नारी-सुलभ ईर्ष्या को दर्शाया है। इसमें ग्लास टैंक में रखी हुई मछलियों को दिखाते हुए शोभा अपनी आँटी से कहती है-**"देख, यह ओरिण्डा है, यह फैन टेल है। साल में एक बार, बसंत में ये अंडे देती है। कुल दो साल की इनकी ज़िंदगी होती है। हवा इन्हें एरिएटर से दी जाती है। पानी का टेम्परेचर पचास से साठ डिग्री फैरनहाइट के बीच रखना होता है। खाने को इन्हें ड्राइफ़ूड देते हैं, ब्रेन भी खा लेती हैं। नीचे समुद्री घास इसलिए बिछाई जाती है कि....।"**[6] इस कहानी ग्लास टैंक में लेखक यह दर्शाना चाहते हैं कि हमारा पारिवारिक जीवन ग्लास टैंक में रखी मछलियों की तरह है, जो कुछ समय बाद दम तोड़ देती हैं।

'परमात्मा का कुत्ता' नामक कहानी में शहरी जीवन की कृत्रिमता, बाह्य आडम्बर, को बड़ी गहराई से अभिव्यक्त किया है। एक आदमी अपनी विवशता को दर्शाते हुए कमिश्नर कार्यालय के अंदर कर्मचारियों के सामने चिल्लाते हुए कहता है-**"एक तुम्ही नहीं, यहाँ तुम सब-के-सब कुत्ते हो और मैं भी कुत्ता हूँ। फर्क सिर्फ इतना है कि तुम लोग सरकार के कुत्ते हो-हम लोगों की हड्डियाँ चूसते हो और सरकार की तरफ से भौंकते हो। मैं परमात्मा का कुत्ता हूँ। उसकी दी हुई हवा खाकर जीता हूँ और उसकी तरफ से भौंकता हूँ। उसका घर इंसाफ का घर है। मैं उसके घर की रखवाली करता हूँ। तुम सब उसके इंसाफ की दौलत के लुटेरे हो। तुम पर भौंकना मेरा फर्ज़ है, मेरे मालिक का फरमान है। मेरा तुमसे अज़ली बैर है। कुत्ते का बैरी कुत्ता होता है। तुम मेरे दुश्मन हो, मैं तुम्हारा दुश्मन हूँ। मैं अकेला हूँ, इसलिए तुम सब मिलकर मुझे मारो। मुझे यहाँ से निकाल दो। लेकिन मैं फिर भी भौंकता रहूँगा। तुम मेरा भौंकना बंद नही कर सकते। मेरे अंदर मेरे मालिक का नूर है, मेरे वाहेगुरु का तेज है। मुझे जहाँ बंद कर दोगे, मैं वहाँ भौंकूँगा और भौंक-भौंककर तुम सबके कान फाड़ दूँगा। साले, आदमी के कुत्ते, जूठी हड्डी पर मरने वाले कुत्ते, दुम हिला हिलाकर जीने वाले कुत्ते।"**[7] इस प्रकार वह आदमी कमिश्नर कार्यालय के कर्मी से न्याय की गुहार लगाता है। कहानी में शहरी आडंबर और घूसखोरी का ज़िक्र हुआ है, जो आज भी समाज में प्रचलित है।

'फौलाद का आकाश' कहानी में धन इतना आड़े आता है कि दांपत्य जीवन जड़ हो जाता है। 'सेफ्टी पिन' कहानी में वैवाहिक जीवन इतना असंतुष्ट है कि पारगमन की प्रवृत्ति जन्म ले लेती है। मोहन राकेश की कहानियों में ये प्रेम के नये मानदंड हैं, जो रूढ़ियों को तोड़कर जीने के नये धरातल बनाते हैं।

'वासना की छाया में' एक बूढ़े सरदार की कहानी है। इसमें उसका किसी प्रकार की नारी को घर में रखने और अतृप्त वासना की पूर्ति का आग्रह दिखाया है। **"उसकी आँखों में भूखी बिल्ली की-सी जलन दिखाई दी। उसके होंठ बूढ़ी वासना की लार से गीले हो रहे थे। .....मुझे लगा कि वासना की लार चू-चूकर जम गई है और इंसान के आकार में धरती पर रेंग रही है।"**[8] आज यही समाज में

अधिक घट रहा है। वासना और हवस की छाया युवाओं में नहीं वरन् बूढ़ों में दिखाई दे रही है। अपनी शारीरिक वासना की भूख को अतृप्त करने के लिए वे कोई भी कदम उठा सकते हैं। सरदार के पात्र के ज़रिये कथाकार ने इस कहानी में पाठकों को संदेश देने की चेष्टा की है।

आज चरित्रहीनता की परिभाषा बदल गई है। परिणामतः किसी को भी चरित्रहीन नहीं कहा जा सकता। मोहन राकेश की 'रोज़गार' कहानी में बंबई के सामाजिक जीवन की एक झाँकी दी गई है। आर्थिक परिस्थितिवश एक लड़की चरित्रहीन हो जाती है तथा अनाचारयुक्त जीवन व्यतीत करती है और अपने चरित्रहीन आलसी भाई को पालती है। अपने आलसी भाई को डाँटते हुए मिसेज एड्वर्ड्स कहती है-**"मिसेज़ एड्वर्ड्स गुस्से में सब कुछ भूल गई। तू शरम से डूब नहीं मरता, बहन के पाप की कमाई से रोटी खाता है और मेरे सामने आँखें तरेरता है। थू है तेरे जैसे आदमी पर! थू....थू ...।"**[9] इस कहानी में बेरोज़गारी के कारण किस प्रकार महिलाओं को अपना घर पालने के लिए अपना शरीर तक बेचना पड़ता है। कहानी में उनकी मनःस्थिति को प्रदर्शित करता है। इससे ज्ञात होता है कि देश में रोज़गार की समस्या अति विकट है।

'मलबे का मालिक' कहानी में वर्णनात्मक शैली- **"बाज़ार बांसा अमृतसर का एक उजड़ा-सा बाज़ार है, जहाँ विभाजन से पहले ज़्यादातर निचले तबके के मुसलमान रहते थे। वहाँ ज़्यादातर बांसों और शहतीरों की ही दुकानें थीं, जो सबकी सब एक ही आग में जल गई थी।"**[10] यह भारत और पाकिस्तान के भीषण विभाजन एवं त्रासदी पर लिखी कहानी है। अमृतसर के बांसा बाज़ार को किस प्रकार आग लगाकर मलबे में बदल दिया, उसकी कारुणिक कहानी है।

मोहन राकेश की शैली प्रसाद गुण सम्पन्न है। अनुभूति और अभिव्यक्ति में अपूर्व सामंजस्य है। इनकी कहानियों में कलाकार की निष्ठा, सामाजिक कार्यकर्ता का दायित्व, वैयक्तिक हित चिंतन का मनोविज्ञान सब कुछ अपनी पूर्ण उत्कृष्टता पर प्राप्त होता है।

नई कहानी के दौर में रूपकात्मकता, सांकेतिकता और प्रतीकात्मकता का ऐसा अंतर्गुंफन दिखाई देता है कि इनके बीच की सूक्ष्म विभाजन-रेखा को रेखांकित करना अत्यंत जटिल हो जाता है। यद्यपि मोहन राकेश की रचनाओं में भी इन तीनों शैलियों का सघन प्रयोग मिलता है, किंतु वे इसके अंतर को पूरी तरह स्पष्ट रखते हैं।

अपने एक वक्तव्य में इस विषय को स्पष्ट करते हुए उन्होंने रेखांकित किया है कि समकालीन आलोचना में अक्सर कहानी के भीतर मौजूद रूपकात्मक प्रयोगों को ही उसकी संपूर्ण सांकेतिकता मान लिया जाता है और इसी संकुचित दृष्टिकोण के आधार पर आधुनिक हिंदी कहानी की सांकेतिक उपलब्धियों का मूल्यांकन होने लगता है। उनके अनुसार, रूपकात्मकता वास्तव में कहानी की व्यापक सांकेतिकता का ही एक आंशिक रूप है। यदि कहानी में इस रूपकात्मकता का अतिरेक हो जाए या उसे बहुत दूर तक खींचा जाए, तो वह प्राचीन युगीन पारंपरिक अलंकारों (जैसे उपमा, उत्प्रेक्षा आदि) की भाँति कृत्रिम और बोझिल प्रतीत होने लगती है। यही कारण है कि कहानी की स्वाभाविक और सहज सांकेतिकता, किसी भी थोपी गई रूपकात्मक सांकेतिकता की तुलना में शिल्पगत और रचनात्मक दृष्टि से कहीं अधिक मूल्यवान और प्रभावी होती है।

## निष्कर्ष

हम यह कह सकते हैं कि मोहन राकेश अपने आप में उत्कृष्ट कहानीकार हैं। एक ओर ये यशपाल और उपेन्द्रनाथ अश्क की परम्परा से जुडे हैं तो दूसरी ओर नयी कहानी को सजाने संवारने तथा विकसित करने में सतत प्रयत्नशील हैं। विषय वैविध्य के बीचों-बीच झांकता इनका अपना व्यक्तित्व जैसे मनोवैज्ञानिक कड़ियाँ सुलझाता है। प्रवाहमयी भाषा मे लिखी नई कहानियाँ पाठक के मन को सहज ही प्रभावित करती है। मुहावरेदार भाषा में उर्दू

और अंग्रेज़ी के शब्द स्वतः ही प्रयुक्त हो गए हैं। भाषा पात्र तथा वातावरण के अनुकूल है। छोटे-छोटे वाक्यों में पुष्ट होते वैयक्तिक आग्रह स्वाभाविक जान पड़ते हैं। इनकी कहानियों में बोधगम्य भाषा प्रयुक्त हुई है, जिसने इनकी कहानियों की शैली को और भी स्वाभाविक बना दिया है।

मोहन राकेश ने अपनी कहानियों में वैयक्तिक चेतना को बहुत ही उत्कृष्टता से उभारा है। मशीनी युग की कल-कल उनकी कहानियों में सुनाई देती है। इस कोलाहल में जीवन कितना बिखर जाता है, टूट जाता है, सारहीन हो जाता है, कोमल भावनाएँ कूच कर जाती हैं। इन सबका अच्छा चित्रण किया गया है। उकताहट, निर्ममता, निसंगता, तटस्थता तथा निष्क्रियता आदि हमें बिखरे जीवन से ही मिली हैं। कोमलता, सुकुमारता एवं माधुर्य आज के आत्मपरक मनुष्य में कहाँ मिलेंगे। इन सबका तो उसकी वैयक्तिक चेतना ने ह्रास कर दिया है। मोहन राकेश ने विविध विषय उठाकर विभिन्न प्रकार से आधुनिक युग बोध का यथातथ्य चित्रण किया है। बुद्धिवाद, नग्न यथार्थवाद इनकी कहानियों में सर्वत्र व्याप्त है। अपने आप में इनकी कहानियाँ उत्कृष्ट कोटि की कहानियाँ हैं।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. डॉ. सुरेश सिन्हा, हिंदी कहानी : उद्भव और विकास, अशोक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-1967, पृष्ठ सं- 581
2. मोहन राकेश, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2007, पृष्ठ सं- 86
3. मोहन राकेश, मेरी प्रिय कहानियाँ (पाँचवें माले का फ्लैट), राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली, संस्करण-2013, पृष्ठ सं- 10,11
4. मोहन राकेश, नये बादल, भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, संस्करण-1957, पृष्ठ सं- 17
5. मोहन राकेश, मेरी प्रिय कहानियाँ, (ज़ख्म), राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली, संस्करण-2013, पृष्ठ सं- 109
6. मोहन राकेश, मेरी प्रिय कहानियाँ, (ग्लास टैंक), राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली संस्करण-2013, पृष्ठ सं- 13
7. मोहन राकेश, प्रतिनिधि कहानियाँ, (परमात्मा का कुत्ता), जयभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण-2007, पृष्ठ सं-97
8. मोहन राकेश, मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ, राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 222
9. मोहन राकेश, मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ, राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 302
10. मोहन राकेश, मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ, राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 224

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# साधारण में असाधारण : विनोद कुमार शुक्ल की काव्य-दृष्टि



संग्राम सिंह निराला
राजीव गांधी नगर भजन डीपा
रायगढ़ (छ. ग.) 496001
संपर्क
ssnirala0328@gmail.com

**शोध सारांश**

विनोद कुमार शुक्ल की काव्य-दृष्टि मानवीय संबंधों, सामाजिक विघटन, पर्यावरणीय संकट और अस्तित्वगत बेचैनी की सूक्ष्म अनुभूतियों को अत्यंत आत्मीय ढंग से अभिव्यक्त करती है। प्रस्तुत अध्ययन से स्पष्ट होता है कि उनकी रचनाएँ आधुनिक जीवन की कृत्रिमता, उपभोक्तावादी मानसिकता और शहरी विखंडन के बीच मनुष्य की भीतरी संवेदना को बचाने का सृजनात्मक प्रयास है। कवि ने आत्मीय सह-अस्तित्व, पारस्परिक सहयोग और सामूहिक जीवन-मूल्यों को विशेष महत्त्व दिया है। उनकी कविताओं में प्राकृतिक संसार जीवन-संतुलन, स्मृति और सांस्कृतिक चेतना का आधार बनकर उपस्थित होता है। विस्थापन, आदिवासी जीवन, भूख, श्रम और आर्थिक विषमता के माध्यम से वे सामाजिक असमानता की त्रासदी को उजागर करते हैं। उनकी प्रेम-दृष्टि सरल मानवीय निकटता और स्मृति-आधारित आत्मीयता से निर्मित है। कवि अधूरेपन, मौन और पीड़ा को भी जीवन की संभावनाओं तथा आंतरिक शक्ति के रूप में रूपायित करते हैं। इस प्रकार उनकी कविताएँ संवेदनशील, सहजीवी और मानवीय समाज की आकांक्षा को सशक्त स्वर प्रदान करती हैं।

**बीज शब्द**

**1. सामूहिकता 2. आत्मीयता 3. विस्थापन 4. पर्यावरण-संकट 5. सह-अस्तित्व 6. मानवीयता 7. श्रम-बोध 8. अकेलापन 9. प्रकृति-प्रेम 10. आदिवासी जीवन**

## मूल शोध

विनोद कुमार शुक्ल समकालीन हिंदी कविता के ऐसे महत्त्वपूर्ण कवि हैं, जिनकी रचनाएँ आज के समय की मानवीय संवेदनाओं को बहुत सरल और गहरे ढंग से व्यक्त करती हैं। आज के यांत्रिक और दिखावे से भरे जीवन में, जहाँ मनुष्य धीरे-धीरे अकेला और स्वार्थी होता जा रहा है, वहाँ उनकी कविताएँ मानवता, आत्मीयता और संबंधों को बचाने का कार्य करती हैं। वे अपनी कविताओं में बड़े राजनीतिक नारों या विचारधाराओं की बात नहीं करते, बल्कि आम आदमी के रोज़मर्रा के जीवन, उसकी थकान, उसके घर-परिवार, उसके संघर्ष और छोटी-छोटी भावनाओं के माध्यम से जीवन के बड़े सत्य सामने लाते हैं। उनकी कविताओं में व्यक्ति का अकेलापन केवल

उसका निजी दुःख नहीं रह जाता, बल्कि वह पूरे समाज की पीड़ा बन जाता है। कवि यह महसूस करते हैं कि आधुनिक विकास ने केवल प्रकृति को ही नुकसान नहीं पहुँचाया, बल्कि मनुष्य की संस्कृति, अपनापन और आपसी संबंधों को भी कमज़ोर किया है। इसलिए उनकी रचनाएँ विस्थापन, पहचान के संकट और महानगरीय जीवन की कृत्रिमता से जूझते लोगों की सच्ची अभिव्यक्ति बन जाती हैं। इस प्रकार विनोद कुमार शुक्ल का साहित्य हमारे समय की संवेदनशील और जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है।

समकालीन हिंदी कविता में विनोद कुमार शुक्ल की कविताएँ आधुनिक मनुष्य के अकेलेपन, स्मृति, प्रकृति, विस्थापन, सभ्यता-संकट, प्रेम, श्रम, पड़ोस, सामूहिकता और मानवीय अस्तित्व की जटिल संवेदनाओं को अत्यंत मौलिक और सूक्ष्म रूप में अभिव्यक्त करती हैं। उनकी कविता प्रत्यक्ष राजनीतिक घोषणाओं या वैचारिक नारों की कविता नहीं है, बल्कि जीवन के भीतर उपस्थित उन छोटे-छोटे अनुभवों की कविता है, जिनमें मनुष्य की सबसे बड़ी सच्चाइयाँ छिपी होती हैं। शुक्ल के यहाँ साधारण मनुष्य, उसका घर, उसका पड़ोस, उसकी थकान, उसका अकेलापन और उसका स्वप्न, ये सभी एक बड़े सामाजिक और सांस्कृतिक अर्थ ग्रहण कर लेते हैं। उनकी कविता का केंद्रीय सरोकार मनुष्य की मानवीयता को बचाए रखना है, विशेषतः ऐसे समय में जब आधुनिक सभ्यता मनुष्य को अधिक अकेला, अधिक असंवेदनशील और अधिक अस्वाभाविक बनाती जा रही है। इसी कारण उनकी कविता में 'मैं' कभी केवल निजी नहीं रहता; वह धीरे-धीरे 'हम' में बदल जाता है। मनुष्य का अकेलापन भी उनके यहाँ सामूहिक अनुभव में रूपांतरित हो जाता है। यह भाव उनकी कविता 'अपने अकेले होने को' की निम्न पंक्तियों में अत्यंत स्पष्ट रूप से व्यक्त हुआ है-

**"अपने अकेले होने को**
**एक-एक अकेले के बीच रखने**
**अपने को हम लोग कहता हूँ।**
**.......**
**कि हम लोग आता हूँ**
**तुम हम लोग हो**
**वह भी हम लोग हैं।"**[1]

इन पंक्तियों में कवि अपने अकेलेपन को किसी बंद, निजी अनुभव की तरह नहीं देखता, बल्कि उसे दूसरे मनुष्यों के अकेलेपन से जोड़ता है। यहाँ 'हम लोग' कहना केवल व्याकरण का उल्लंघन नहीं, बल्कि मनुष्य की साझी नियति का बोध है। आधुनिक समय में जहाँ व्यक्ति भीड़ के भीतर भी अकेला है, वहाँ यह कविता मनुष्य को सामूहिकता और साझे दुःख-सुख की ओर लौटाती है। इसी भाव का विस्तार 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' में दिखाई देता है, जहाँ कवि किसी अपरिचित व्यक्ति की हताशा को पहचानकर उसका हाथ पकड़ता है-

**"मैंने हाथ बढ़ाया**
**मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ**
**मुझे वह नहीं जानता था**
**मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था**
**हम दोनों साथ चले**
**दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे**
**साथ चलने को जानते थे।"**[2]

यहाँ मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी दूसरा मनुष्य है। कविता बताती है कि जीवन के कठिन समय में पहचान नाम से नहीं, बल्कि दुःख और सहानुभूति से बनती है।

शुक्ल की कविताओं में प्रकृति केवल दृश्यात्मक सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि मनुष्य के अस्तित्व और उसकी संवेदना का विस्तार है। पेड़, पक्षी, आकाश, पहाड़, वर्षा, जंगल और नदी उनके यहाँ जीवित उपस्थिति के रूप में आते हैं। 'आकाश से उड़ता हुआ' में एक छोटा-सा हरा तोता पेड़ में जाकर इस तरह विलीन हो जाता है कि उसका पृथक अस्तित्व समाप्त हो जाता है-

**"आकाश से उड़ता हुआ**
**एक छोटा-सा हरा तोता**
**.......**

**फिर तोता मुझे दिखाई नहीं दिया**
**वह हरा-भरा पेड़ ही दिखता रहा।"[3]**

इन पंक्तियों में प्रकृति और जीव-जगत के बीच एक अद्‌भुत एकात्मता का भाव उपस्थित है। तोता पेड़ में खो नहीं जाता, बल्कि उसी का हिस्सा बन जाता है। यह बिंब संकेत करता है कि मनुष्य भी प्रकृति से पृथक नहीं है; उसका अस्तित्व भी उसी में निहित है। इसी प्रकार 'पहाड़ को बुलाने' में कवि पहाड़ को अपने पास बुलाने के बजाय स्वयं उसके पास जाना चाहता है-

**"'आओ पहाड़' मैंने नहीं कहा**
**कहा 'पहाड़', मैं आ रहा हूँ।**
**पहाड़ मुझे देखे**
**इसलिए उसके सामने खड़ा**
**उसे देख रहा हूँ।"[4]**

यहाँ प्रकृति पर अधिकार का भाव नहीं, बल्कि उसके साथ सह-अस्तित्व और विनम्रता का संबंध है। आधुनिक विकास-दृष्टि जहाँ प्रकृति को जीतना चाहती है, वहाँ शुक्ल की कविता मनुष्य को प्रकृति के सामने विनीत होकर खड़े होने की सीख देती है। प्रकृति से यह आत्मीय संबंध उनकी कविताओं में पर्यावरणीय संकट और आदिवासी जीवन के विस्थापन के रूप में भी सामने आता है। 'अभी तक बारिश नहीं हुई' कविता में वर्षा का न होना केवल मौसम का संकट नहीं, बल्कि पेड़ों के कटने, जंगलों के उजड़ने और मनुष्य के प्रकृति से दूर हो जाने का परिणाम है-

**"ओह! घर के सामने का पेड़ कट गया**
**कहीं यही कारण तो नहीं**
**.......**
**जुलाई हो गई**
**पानी अभी तक नहीं गिरा।**
**पिछली जुलाई में**
**जंगल जितने बचे थे**
**अब उतने नहीं बचे**
**यही कारण तो नहीं।"[5]**

इन पंक्तियों में बार-बार उठता प्रश्न 'कहीं यही कारण तो नहीं' आधुनिक सभ्यता की आत्मालोचना है। कवि यह संकेत करता है कि प्रकृति के विनाश का परिणाम अंततः मनुष्य को ही भुगतना पड़ता है। यही संकट आगे आदिवासी जीवन के विस्थापन में बदल जाता है-

**"आदिवासी! पेड़ तुम्हें छोड़कर नहीं गए**
**और तुम भी जंगल छोड़कर ख़ुद नहीं गए।"[6]**

यहाँ आदिवासी का शहर की ओर जाना उसकी इच्छा नहीं, बल्कि विवशता है। जंगल उजड़ते हैं, तो केवल पेड़ नहीं कटते; उनसे जुड़ी पूरी सभ्यता, संस्कृति और स्मृति भी नष्ट हो जाती है। यही संवेदना 'शहर से सोचता हूँ' में और अधिक मार्मिक रूप ग्रहण करती है-

**"रात को सड़क के पेड़ों के नीचे**
**सोते हुए आदिवासी परिवार के सपने में**
**एक सल्फी का पेड़**
**और बस्तर की मैना आती है।"[7]**

यहाँ शहर में आ चुका आदिवासी अपने सपनों में भी जंगल को खोजता है। लेकिन कविता आगे कहती है-

**"पर नींद में स्वप्न देखते**
**उनकी आँखें फूट गई हैं।"[8]**

इन पंक्तियों में आँख का फूटना केवल शारीरिक घटना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि के नष्ट हो जाने का रूपक है। आधुनिक सभ्यता आदिवासी से उसका घर ही नहीं, उसका स्वप्न भी छीन लेती है।

सभ्यता और आधुनिकता की आलोचना शुक्ल की कविताओं का अत्यंत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। वे आधुनिक जीवन की चमक-दमक के भीतर छिपी हुई हिंसा, कृत्रिमता और असंवेदनशीलता को पहचानते हैं। 'जितने सभ्य होते हैं' कविता में यह भाव अत्यंत तीखे रूप में सामने आता है-

**"जितने सभ्य होते हैं**
**उतने अस्वाभाविक**
**आदिवासी जो स्वाभाविक हैं**

**उन्हें हमारी तरह सभ्य होना है।"**[9]

यहाँ 'सभ्य' होना किसी श्रेष्ठता का नहीं, बल्कि अपनी सहजता और प्रकृति से दूर हो जाने का प्रतीक है। आधुनिक मनुष्य जितना अधिक विकसित दिखाई देता है, उतना ही वह अपनी मूल मानवीयता से कटता जाता है। इसी कविता में शहर एक हिंसक प्रतीक बनकर सामने आता है-

**"क्योंकि एक हत्यारा शहर**
**बिजली की रोशनी से**
**जगमगाता हुआ**
**सभ्यता के मंच पर बसा हुआ है।"**[10]

इन पंक्तियों में शहर का 'जगमगाना' उसके भीतर की हिंसा को छिपा नहीं पाता। बिजली की रोशनी के पीछे एक ऐसा संसार है, जहाँ मनुष्य भय, विस्थापन और असुरक्षा में जी रहा है। यही आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना है। 'आकाश की तरफ़' कविता भी इसी विडंबना को व्यक्त करती है-

**"खुले आकाश में**
**बहुत ऊँचे**
**पाँच बममारक जहाज़**
**दिखे और छुप गए।"**[11]

आकाश सामान्यतः स्वतंत्रता और विस्तार का प्रतीक है, लेकिन यहाँ वही आकाश युद्ध और विनाश का माध्यम बन गया है। इस प्रकार शुक्ल आधुनिक सभ्यता के भीतर छिपे सैन्यवादी और हिंसक चरित्र को उजागर करते हैं।

विनोद कुमार शुक्ल की कविताओं में प्रेम भी पारंपरिक रोमानी भावुकता से भिन्न होकर स्मृति, आत्मीयता और अनुपस्थिति का अनुभव बनकर सामने आता है। उनका प्रेम किसी भव्य घोषणा का नहीं, बल्कि बहुत छोटे और कोमल अनुभवों का प्रेम है। 'अब कभी मिलना नहीं होगा ऐसा था' में दो लोग वर्षों बाद बार-बार मिलते हैं-

**"पहले पन्द्रह बरस बाद मिले**
**फिर उसके आठ बरस बाद**
**......**
**थोड़ा-सा शेष जीवन दोनों का**
**पड़ोस में साथ रहने को बचा था।"**[12]

इन पंक्तियों में प्रेम का अर्थ निरंतर साथ रहना नहीं, बल्कि वर्षों की दूरी के बाद भी बची हुई आत्मीयता है। प्रेम यहाँ स्मृति और समय के बीच जीवित रहता है। यही भाव 'कक्षा के काले तख़्ते पर सफ़ेद चाक से बना' में और अधिक सूक्ष्म हो जाता है-

**"प्रतिबिम्ब में उसके बालों में**
**एक फूल खुँसा है**
**परन्तु उसके बालों में नहीं**
**मैंने सोचा काले-तख़्ते के चित्र से**
**फूल तोड़कर उसके बालों में लगा दूँ।"**[13]

यहाँ प्रेम वास्तविकता और कल्पना के बीच घटित होता है। कवि जिस फूल को चित्र या प्रतिबिंब में देखता है, उसे जीवन में उतार देना चाहता है। कविता का अंतिम कथन- "प्रेम की कक्षा में जीवन-भर अटका रहा।" यह संकेत करता है कि प्रेम कोई ऐसा अनुभव नहीं जिसे पूरी तरह समझा या सीखा जा सके। वह जीवन भर चलने वाली एक अनंत प्रक्रिया है।

उनकी कविता में घर, पड़ोस और घरेलूपन की अनुभूति अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आधुनिक जीवन जहाँ मनुष्य को घर से दूर और संबंधों से रिक्त करता है, वहाँ शुक्ल घर और पड़ोस को मनुष्य की नैतिक दुनिया के रूप में देखते हैं। 'घर-बार छोड़कर संन्यास नहीं लूँगा' में यह भाव अत्यंत स्पष्ट है-

**"घर-बार छोड़कर संन्यास नहीं लूँगा**
**अपने संन्यास में**
**मैं और भी घरेलू रहूँगा**
**घर में घरेलू**
**और पड़ोस में भी।"**[14]

यहाँ संन्यास संसार से भागने का नहीं, बल्कि मनुष्य और संबंधों के और अधिक निकट आने का प्रतीक है। इसी प्रकार 'जब बाढ़ आती है' में कवि ईश्वर से अधिक पड़ोसी पर विश्वास करता है-

**"एक पड़ोसी की प्रार्थना में**
**अपनी बसावट में आस्तिक हो रहा हूँ।"[15]**

इन पंक्तियों में पड़ोस केवल भौगोलिक निकटता नहीं, बल्कि मनुष्य की साझी नियति और सहयोग की भावना का प्रतीक है। संकट के समय मनुष्य को बचाने वाला कोई देवता नहीं, बल्कि दूसरा मनुष्य होता है।

विनोद कुमार शुक्ल की कविताओं में आर्थिक असमानता और श्रम की विडंबना भी सूक्ष्म रूप से उपस्थित है। वे सीधे राजनीतिक भाषा का प्रयोग नहीं करते, लेकिन उनकी कविता समाज की वर्गीय असमानताओं और शोषण को गहरे स्तर पर उद्घाटित करती है। 'मैं दीवाल के ऊपर' कविता में भूखा आदमी कौए को देखकर अपने हिस्से की रोटी के बारे में सोचता है-

**"न मैं कौआ हूँ**
**न मेरी चोंच है**
**आखिर किस नाक-नक्शे का आदमी हूँ**
**जो अपना हिस्सा छीन नहीं पाता।"[16]**

इन पंक्तियों में भूख केवल जैविक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय का प्रश्न है। कौआ अपना हिस्सा छीन सकता है, लेकिन मनुष्य व्यवस्था के भीतर इतना असहाय हो गया है कि वह अपना अधिकार भी नहीं पा पाता। इसी प्रकार 'यह दिन उम्र की रोज़ी है' में समय को मज़दूर की दिहाड़ी की तरह देखा गया है-

**"यह दिन उम्र की रोज़ी है**
**एक सुभ हुई की तन्ख़ा मिली**
**और शाम हुई में खर्च हुई।"[17]**

यहाँ जीवन एक संघर्षशील श्रमिक की तरह सामने आता है, जो हर दिन कमाता और हर दिन खर्च हो जाता है। यह कविता आधुनिक जीवन की आर्थिक असुरक्षा और अस्तित्वगत थकान को व्यक्त करती है।

दुःख, अधूरापन और जिजीविषा शुक्ल की कविताओं की एक अन्य महत्त्वपूर्ण संवेदना है। वे जीवन के अधूरेपन को निराशा नहीं, बल्कि संभावना के रूप में देखते हैं। 'कोई अधूरा पूरा नहीं होता' में यह भाव अत्यंत गहराई से व्यक्त हुआ है-

**"मृत्यु के ठीक पहले भी मैं**
**एक नई कविता शुरू कर सकता हूँ**
**मृत्यु के बहुत पहले की कविता की तरह**
**जीवन की अपनी पहली कविता की तरह**
**किसी नए अधूरे को अंतिम न माना जाए।"[18]**

इन पंक्तियों में अधूरापन विफलता नहीं, बल्कि मनुष्य की रचनात्मक शक्ति का प्रमाण है। जब तक जीवन है, तब तक कुछ नया आरंभ करने की संभावना बनी रहती है। यही कारण है कि उनकी कविता दुःख और निराशा के भीतर भी आशा का एक छोटा-सा दीप बचाए रखती है। 'बोलने में कम से कम बोलूँ' में यह आशा मौन के रूप में सामने आती है-

**"मेरे अधिकतम चुप को सब जान लें**
**जो कहा नहीं गया, सब कह दिया गया का चुप।"[19]**

यहाँ चुप्पी पराजय नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक शक्ति है। यह वही चुप्पी है, जो अन्याय के विरुद्ध भीतर-ही-भीतर प्रतिरोध को बचाए रखती है।

विनोद कुमार शुक्ल की कविताएँ साधारण और उपेक्षित अनुभवों, जैसे प्रकृति, प्रेम, भूख, श्रम, अकेलापन और विस्थापन, को अत्यंत सरल और आत्मीय ढंग से प्रस्तुत करती हैं। उनकी कविता में अकेलापन निजी न रहकर सामूहिक अनुभव बन जाता है। वे आधुनिक सभ्यता और शहर की क्रूरताओं की आलोचना प्रत्यक्ष आक्रोश से नहीं, बल्कि मामूली वस्तुओं और स्थितियों के माध्यम से करते हैं। उनकी भाषा शांत, विनम्र और आत्मीय है, किंतु

उसके भीतर मनुष्य, संबंधों और साझे जीवन के प्रति गहरा विश्वास निहित है। कठिन और असंवेदनशील समय में उनकी कविता मानवीय आत्मीयता और साथ रहने की आशा को बचाए रखती है।

## निष्कर्ष

इस संपूर्ण चर्चा के आधार पर यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि कवि ने आज के विकास और आधुनिकता के खोखले यथार्थ को सबके सामने खोल कर रख दिया है। उनके अनुसार, प्रकृति के साथ मिल-जुलकर रहना ही इंसान की सच्ची तरक्की है। उनके काव्य में प्यार, आस-पड़ोस का साथ और बिना कुछ कहे व्यवस्था का विरोध करना; ये सिर्फ़ कोरे भाव नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक पूरा और सच्चा तरीका है।

अतः कवि ने जीवन के अधूरेपन या उदासी को कभी हार नहीं माना, बल्कि उसे हमेशा एक नई शुरुआत की तरह देखा है। भूख की लाचारी और बड़े शहरों की क्रूरता के खिलाफ उन्होंने अपनी कविताओं में जो शांति से आवाज़ उठाई है, वह किसी बड़े आंदोलन से कम नहीं है। अंत में, उनकी रचनाएँ इस स्वार्थी होती दुनिया में व्यक्ति को एक ऐसी सुरक्षित जगह देती हैं, जहाँ एक-दूसरे का दर्द समझना और मिल-जुलकर रहना ही सबसे बड़ा धर्म है। यह साहित्य आज के संवेदनहीन समय के लिए किसी अनमोल खजाने से कम नहीं है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. https://kavitakosh.org/kk/अपने_अकेले_होने_को_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
2. https://kavitakosh.org/kk/हताशा_से_एक_व्यक्ति_बैठ_गया_था_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
3. https://kavitakosh.org/kk/आकाश_से_उड़ता_हुआ_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
4. https://kavitakosh.org/kk/पहाड़_को_बुलाने_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
5. https://kavitakosh.org/kk/अभी_तक_बारिश_नहीं_हुई_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
6. https://kavitakosh.org/kk/अभी_तक_बारिश_नहीं_हुई_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
7. https://kavitakosh.org/kk/शहर_से_सोचता_हूँ_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
8. https://kavitakosh.org/kk/शहर_से_सोचता_हूँ_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
9. https://kavitakosh.org/kk/जितने_सभ्य_होते_हैं_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
10. https://kavitakosh.org/kk/जितने_सभ्य_होते_हैं_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
11. https://kavitakosh.org/kk/आकाश_की_तरफ़_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
12. https://kavitakosh.org/kk/अब_कभी_मिलना_नहीं_होगा_ऐसा_था_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
13. https://kavitakosh.org/kk/कक्षा_के_काले_तख़्ते_पर_सफ़ेद_चाक_से_बना_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
14. https://kavitakosh.org/kk/घर-बार_छोड़कर_संन्यास_नहीं_लूँगा_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
15. https://kavitakosh.org/kk/जब_बाढ़_आती_है_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
16. https://kavitakosh.org/kk/मैं_दीवाल_के_ऊपर_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
17. https://kavitakosh.org/kk/यह_दिन_उम्र_की_रोज़ी_है_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
18. https://kavitakosh.org/kk/कोई_अधूरा_पूरा_नहीं_होता_/_विनोद_कुमार_शुक्ल
19. https://kavitakosh.org/kk/बोलने_में_कम_से_कम_बोलूँ_/_विनोद_कुमार_शुक्ल

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# भारतीय ज्ञान परंपरा और विकसित भारत में पर्यावरण संकल्प



**शगनप्रीत कौर**

सहायक प्राध्यापिका
(हिंदी विभाग)
श्री गुरु तेगबहादुर खालसा कॉलेज
श्री आनंदपुर साहिब-140118
पंजाब
संपर्क
shaganpreet3284@gmail.com

**शोध सारांश**

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारतीय धर्म, दर्शन, संस्कृति, समाज और साहित्य सदैव जागरूक रहा है। हमारी सभ्यता और संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यताओं में से है। भारतीय दृष्टाओं और ऋषियों ने अपने तपोबल के द्वारा प्रकृति के साथ तारतम्य स्थापित किया और उसी के अनुसार जीवन जीने की धारा को विकसित भी किया। आज हम जिस विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, वह एक ऐसे राष्ट्र का सपना है, जहाँ आर्थिक प्रगति के साथ स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण हो। पर्यावरण संरक्षण के बिना विकास अधूरा है इसीलिए दोनों का साथ चलना अनिवार्य है। विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब विकास के साथ-साथ प्रकृति को महत्त्व दिया जाए। वर्ष 2047 के भारत में सबको पीने के लिए स्वच्छ पानी एवं साँस लेने के लिए स्वच्छ वायु मिले। यह सपना तभी साकार हो सकता है यदि हम प्रकृति के प्रति उसी व्यवहार को अपनाएँ, जो सदियों से वेदों, उपनिषदों के साथ-साथ गुरु ग्रंथ साहिब में शब्दों में वर्णित है। वर्ष 2047 के विकसित भारत में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित प्रकृति संबंधी विचारधारा का अनुशीलन करना आवश्यक हो जाता है।

**बीज शब्द**

**1. पर्यावरण 2. धर्म 3. दर्शन 4. संस्कृति 5. संरक्षण 6. ज्ञान परंपरा 7. संतुलन 8. संवेदना 9. अनुभूति 10. विकसित भारत**

**मूल शोध**

प्रकृति और मनुष्य का संबंध अन्योन्याश्रित है। प्रकृति के अनुपम रूप के प्रति मानव जीवन का रुझान हमें अनादिकाल से ही देखने को मिलता है, क्योंकि आदिम युग से ही मनुष्य प्रकृति की शुद्ध, सात्विक, ममतामयी गोद में अलौकिक आनंद की अनुभूति करता आ रहा है। प्रकृति जीवनदायिनी के साथ-साथ मनुष्य की प्रेरणास्रोत भी रही है। प्रकृति के पाँच महाभूतों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन पर ही मानव जीवन को आधारित मानकर आहार-विहार से पर्यावरण को जोड़ा है। प्रकृति कविता में जब आती है, तो कहीं मनुष्य का शृंगार बनती है, तो कहीं मनुष्य

प्रकृति का शृंगार बनता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार-"**यदि किसी को अपने देश से प्रेम है तो उसे अपने देश के मनुष्य, पशु, पक्षी, लता, गुल्म, पेड़, पत्तों, वन, पर्वत, नदी, निर्झर सबसे प्रेम होगा, सबको वह चाहभरी दृष्टि से देखेगा, सबको सुध करके वह विदेश में आँसू बहाएगा। जो यह भी नहीं जानते कि कोयल किस चिड़िया का नाम है, जो यह भी नहीं सुनते कि चातक कहाँ चिल्लाता है, जो आँख भर यह भी नहीं देखते कि आम प्रणयसौरभ-पूर्ण मंजरियों से कैसे लदे हुए हैं, जो यह भी नहीं झाँकते कि किसानों के झोंपडों के भीतर क्या हो रहा है, वे यदि दस बने-ठने मित्रों के बीच प्रत्येक भारतवासी की औसत आमदनी का परता बताकर देशप्रेम का दावा करें तो उनसे पूछना चाहिए कि, "भाइयो! बिना परिचय का यह प्रेम कैसा?"**[1]

निःसंदेह यहाँ पर शुक्ल जी प्रकृति प्रेम को ही देश प्रेम कह रहे हैं। इसी प्रेम भाव के साथ देश को आगे बढ़ाते जाना है एवं वर्ष-2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। वर्ष-2047 के लिए निर्धारित उच्च लक्ष्यों में से एक लक्ष्य संतुलित पर्यावरण का भी है, जिसे पूर्ण किए बिना विकसित भारत का स्वप्न अधूरा है। पर्यावरण में संतुलन तभी कायम हो सकता है, जब हम अपनी प्रकृति के प्रति मानवीय संवेदना को प्रकट करेंगे।

आज जब पर्यावरण संकट वैश्विक चुनौती बना हुआ है, तब भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रकृति-संवेदना और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति के प्रति मानवीय भाव अपनाने के हज़ारों उदाहरण मिलते हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर पर्यावरण संतुलन के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है। यह परंपरा विकास और संरक्षण के बीच संतुलन, उपभोग में संयम और सह-अस्तित्व का संदेश देती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति-संवेदना केवल विचार नहीं जीवन-पद्धति है। यह मनुष्य को प्रकृति का भाग बनकर जीना सिखाती है, न कि उसका शासक। आज आवश्यकता है कि इस परंपरागत ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में समझकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में अपनाएँ।

**भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संवेदना**

मनुष्य के समस्त राग-विराग एवं हर्ष-विषाद की प्रेरणा स्रोत प्रकृति ही रही है। इसीलिए प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, भारतीय संस्कृति में प्रकृति के विभिन्न रूपों, जैसे कि सूर्य, चन्द्रमा, धरती, नदी, पर्वत, पीपल, गाय, बैल आदि की पूजा का विधान रहा है। वेदों, उपनिषदों, संहिताओं में प्रकृति के प्रति प्रेम-भाव का उपदेश मिलता है। अथर्ववेद के बारहवें काण्ड के बारहवें मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि-

**"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" (अथर्ववेद १०.१२.१)**

**अथर्ववेद के भूमि सूक्त का यह मंत्र- पृथ्वी माता साँस भी लेती हैं, वृक्ष हमारी माता के फेफड़े हैं, हम इस धरती माता का आदर करते हैं और वह हमसे कितना प्रेम करती हैं कि हमारे लिए फल, फूल और अन्न के लिए मिट्टी और खाद देती हैं, हमें जल देती हैं, सब कुछ तो पृथ्वी माता ही देती हैं।"**[2]

यह श्लोक स्पष्ट करता है कि भारतीय चिंतन में पृथ्वी को माँ के रूप में देखा गया है और मनुष्य को उसका पुत्र माना गया है। इस विचारधारा के अनुसार मनुष्य को प्रकृति के प्रति उसी प्रकार का सम्मान और संरक्षण भाव रखना चाहिए जैसा वह अपनी माता के प्रति रखता है।

**"उदु त्यां जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः**
**दृशे विश्वाय सूर्यम्"[3] (ऋग्वेद..१.५०.१)**

ऋग्वेद के इस श्लोक में सूर्य की दिव्य शक्ति, ज्ञान और विश्व को प्रकाशित करने की क्षमता का वर्णन है, जिससे सभी प्राणी प्राणवान बनते हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में प्रकृति के प्रति सद्भावना भरे संदेश प्राप्य हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में गुरु नानक वाणी (रहरास साहिब) में अंकित है-

**"बलिहारी कुदरति वसिआ।। तेरा अंतु न जाई लखिआ"[4]**
**(श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंग-469)**

अर्थात्, प्रकृति के रूप में (बसने वाला) परमात्मा सदैव तुम पर बलिहारी जाता है क्योंकि उस परमात्मा ने प्रकृति के रूप में मनुष्य को सदैव अपनी गोद में रखा है और जीवनदान दिया है। गुरु नानक देव जी अपने एक श्लोक में कहते हैं- **"पवन गुरु पानी पिता माता धरत महत" (श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंग-8)**

**वायु गुरु है, जल पिता है और विशाल पृथ्वी माता है।**

**महज़ कुछ शब्दों में, गुरु नानक देव जी ने पारिस्थितिक सामंजस्य, आध्यात्मिक चेतना और सतत जीवन-शैली का एक संपूर्ण दर्शन प्रस्तुत किया और वह भी, 'पर्यावरणवाद' के एक वैश्विक आंदोलन बनने से सदियों पहले।**

**उनका संदेश केवल काव्यात्मक ही नहीं था; बल्कि वह अत्यंत व्यावहारिक भी था। उन्होंने मानवता को यह देखने के लिए प्रेरित किया कि ईश्वर सृष्टि से अलग नहीं है, बल्कि वह वायु, जल और पृथ्वी के ताने-बाने में ही रचा-बसा है। वे ही मूलभूत तत्त्व, जो समस्त जीवन को धारण करते हैं।"**[5]

अर्थात्, गुरु नानक वायु (हवा) को गुरु के समान बताते हैं और पानी को पिता, धरती को माता के समान बताते हुए कहते हैं कि हमें प्रकृति से प्राप्त संसाधनों के प्रति वैसा ही व्यवहार रखना चाहिए जैसा कि हम अपने गुरु और माता-पिता के समक्ष रखते हैं। हमें कभी भी उनको नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए, क्योंकि जैसे माता-पिता बच्चे को जन्म देते हैं, उसका पालन-पोषण करते हैं उसी प्रकार हवा, पानी, धरती, आकाश सभी तत्त्व मिलकर संपूर्ण सृष्टि का पालन-पोषण करते हैं। इसीलिए प्रकृति के प्रति सदैव विनम्र भाव अपनाना चाहिए।

इसी संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में लिखा है-

**"क्षिति जल पावक गगन समीरा**
**पंच रचित अति अधम शरीरा"**[6]

अर्थात्, मनुष्य शरीर का निर्माण भी प्रकृति के ही उपादानों जल, वायु, अग्नि, आकाश एवं पृथ्वी आदि से हुआ है। इसीलिए कहा जा सकता है कि मनुष्य का संपूर्ण जीवन प्रकृति के साहचर्य एवं संरक्षण में ही व्यतीत होता है। हज़ारी प्रसाद द्विवेदी अपने एक वक्तव्य में कहते हैं कि- **"यह धरती मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूँ इसीलिए मै सदैव इसका सम्मान करता हूँ और मेरी धरती माता के प्रति नतमस्तक हूँ।"**[7] अर्थात्, यह धरती एक जन्म देने वाली माँ के समान संपूर्ण मानव जाति का बिना किसी भेदभाव से पालन-पोषण भी करती है।

किंतु यह दुर्भाग्य की बात है कि आज मनुष्य प्राकृतिक सौन्दर्य को भी नष्ट कर रहा है और आज प्रकृति और मनुष्य के बीच का यह संबंध कुछ टूटता, कुछ बिखरता सा दिखलाई पड़ता है। अजय तिवारी के अनुसार- **"आज के पर्यावरणवादी सरोकार ने हमें सचेत कर दिया है कि प्रकृति का विनाश करके मनुष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। पानी की तंगी, पर्यावरण का प्रदूषण, बढ़ती गर्मी, पिघलती बर्फ़ आदि मनुष्य समाज के लिए ही नहीं बल्कि ब्रह्मांड के समस्त जीव-जन्तुओं और वनस्पतियों के लिए भी खतरा है।"**[8] कहा जा सकता है कि जैसे-जैसे मनुष्य का बौद्धिक विकास होता गया और वह प्रगति करता गया, जिसके चलते उसके रहने के लिए धरती कम पड़ने लगी, तो वह जंगल काटने लगा। आधुनिकता के नाम पर खुलते उद्योग धंधों से पर्यावरण की बहुत क्षति हुई है। अंधाधुंध वाहनों का चलन, ध्वनि प्रदूषण, सांस लेने के लिए साफ़ हवा नहीं और पीने के लिए पानी तक नहीं मिल रहा। उदाहरण हेतु गंगा, यमुना पवित्र नदियों का हाल देख सकते हैं। आज वैज्ञानिक ओजोन परत में हुए छिद्र के बारे में जो चिंता प्रकट कर रहे हैं, वस्तुतः वेदों में इस संबंध में बहुत पहले सचेत किया गया था।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रकृति और मानव का संबंध अटूट है और यह संबंध प्रत्येक युग में अहिंसा और करुणा पर आधारित रहा है। लेकिन आज के युग में जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई,

जैव विविधता की हानि और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएँ बढ़ने के कारण यह अटूट संबंध कुछ टूटता दिखाई दे रहा है। महात्मा गाँधी ने भी प्रकृति के साथ संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया है-**"पृथ्वी सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं।"**[9]

आदिकाल से लेकर अब तक अनेक संत, महात्माओं और कवियों ने प्रकृति के अलग-अलग रूपों को पूजनीय बताया है, लेकिन समकालीन दौर प्राकृतिक संसाधनों के पतन का दौर है। मनुष्य अपनी लालसा में इतना अंधा हो चुका है कि उसको बोध नहीं है कि वह अपना ही नुकसान कर रहा है। आज मनुष्य अपने गुरुओं के उपदेशों को पूरी तरह भूल चुका है, जिसका उदाहरण हाल ही में चल रही हैदराबाद के तेलंगाना में जंगल की कटाई से जंगली जानवरों के कोहराम की घटना है, जिसको मनुष्य की लालसा की हद ही कहा जा सकता है। वह अपनी सीमा से पार जा रहा है। राजेन्द्र जोशी के अनुसार-**"आजकल स्वच्छ व शुद्ध प्राकृतिक पर्यावरण दूषित हो रहा है, जिसके अनेक कारण हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक शोषण, जनसंख्या में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगीकरण, अनियोजित कंक्रीट भवनों का निर्माण, पर्यावरण असंगत विकास योजनाएँ, परिवहन साधनों की संख्या में वृद्धि, खनन द्वारा खनिजों की प्राप्ति, जंगलों का नाश आदि के कारण पर्यावरणीय विघटन, प्रदूषण तथा पारिस्थितिकी असंतुलित होते हैं।"**[10]

यह स्थिति दर्शाती है कि समकालीन समाज ने विकास की अंधी दौड़ में अपने उस मूल विवेक को खो दिया है, जो हमारी पहचान थी। कंक्रीट के जंगलों और अनियंत्रित औद्योगिकीकरण के कारण आज नदियाँ प्रदूषित हैं और हवा साँस लेने योग्य नहीं बची। वेदों में जिस ओजोन परत के संतुलन की ओर संकेत था, आज वैज्ञानिक उसी के क्षरण पर चिंता जता रहे हैं। अतः स्पष्ट है कि जब तक मानवीय संवेदना में यह बदलाव नहीं आता, तब तक विनाश का यह क्रम थमेगा नहीं।

## निष्कर्ष

अतः स्पष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संरक्षण कोई आधुनिक विमर्श नहीं, बल्कि हमारी जीवन-पद्धति का मूल आधार रहा है। वैदिक ऋषियों से लेकर गुरु नानक देव जी और समकालीन विचारकों तक, सभी ने प्रकृति को केवल एक 'संसाधन' न मानकर उसे माता, पिता और गुरु के समकक्ष पूजनीय माना है। भारतीय चिंतन 'उपभोगवाद' के स्थान पर 'सह-अस्तित्व' और 'संयम' का पाठ पढ़ाता है, जो वर्तमान के वैश्विक जलवायु संकट और पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने में अत्यंत प्रासंगिक है।

आज जब भारत वर्ष 2047 तक एक 'विकसित भारत' के निर्माण का स्वप्न देख रहा है, तब यह समझना अनिवार्य है कि वास्तविक विकास केवल आर्थिक पैमानों तक सीमित नहीं हो सकता। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण के बिना कोई भी प्रगति अधूरी है। आधुनिक औद्योगिक विकास और प्रकृति के बीच का द्वंद्व ही वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती है। अतः विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को पुनः जाग्रत करना होगा। विकास की आधुनिक तकनीकों के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा की पर्यावरण-संवेदना का समन्वय ही सतत विकास का एकमात्र व्यावहारिक मार्ग है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, चिंतामणि भाग-1, इंडियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग, संस्करण-1946, पृष्ठ सं- 76
2. https://sanskritikrashtravad.com/politics/1845/
3. https://xn--j2b3a4c.com/rigveda/1/50/1
4. https://www.gurugranthdarpan.net/hindi2/0469.html
5. https://varunaeco.com/blog/pavan-guru-pani-pita-mata-dharat-mahat-living-the-wisdom-of-guru-nanak-dev-ji-in-todays-world
6. रामचरितमानस, गोस्वामी तुलसीदास, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण-1918, पृष्ठ सं- 565

7. हजारी प्रसाद द्विवेदी, कुटज (निबंध), लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण-2014, पृष्ठ सं- 32

8. उषा नायर (संपा), पारिस्थितिक संकट और समकालीन रचनाकार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- 2019, पृष्ठ सं- 128,129

9. https://www.mkgandhi.org/articles/green_future.php

10. डॉ.ए.एस. सुमेष (सं), समकालीन हिंदी साहित्य में पर्यावरण विमर्श, अमन प्रकाशन, कानपुर, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 18

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# प्रेमचन्द की कहानियों में दलित संवेदना



**पुष्पा कुमारी**

**शोधार्थी- हिंदी साहित्य**
**लॉर्ड्स विश्वविद्यालय**
**अलवर-301028**
**राजस्थान**
**संपर्क**
**puspagrandnei123@gmail.com**

**शोध निर्देशक**

**डॉ. प्रदीप कुमार**
**प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष**
**(हिंदी विभाग)**
**लॉर्ड्स विश्वविद्यालय**
**अलवर, राजस्थान**

## शोध सारांश

हिंदी कथा-साहित्य में मुंशी प्रेमचन्द का स्थान केवल कथाकार के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ के सशक्त चित्रकार के रूप में भी महत्त्वपूर्ण है। उनके साहित्य में भारतीय समाज की वर्गीय विषमता, आर्थिक असमानता और जातिगत शोषण का मार्मिक चित्रण मिलता है। विशेष रूप से दलित जीवन की पीड़ा, अपमान, संघर्ष और मानवीय गरिमा के प्रश्न उनकी कहानियों में प्रभावशाली ढंग से उभरते हैं। प्रेमचन्द का दलित-विमर्श किसी आंदोलन का परिणाम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक यथार्थ से प्रेरित है।

'सद्गति' कहानी में धार्मिक कर्मकांड और ब्राह्मणवादी व्यवस्था के माध्यम से दलित शोषण को उजागर किया गया है। दुखी और झुरिया जैसे पात्र सामाजिक हीनता और अंधविश्वास के कारण शोषण सहते हैं। पंडित घासीराम उनके श्रम का शोषण करता है, जिसके परिणामस्वरूप दुखी की मृत्यु हो जाती है। वहीं 'ठाकुर का कुआँ' में पानी जैसे मूलभूत अधिकार पर भी जातिगत प्रतिबंध दिखाया गया है। जोखू और गंगी की विवशता के माध्यम से समाज की अमानवीय वर्णव्यवस्था सामने आती है। इन कहानियों के ज़रिए प्रेमचन्द ने दलितों के जीवन-संघर्ष और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध गहरा मानवीय प्रतिरोध व्यक्त किया है।

**बीज शब्द**

**1. प्रेमचन्द 2. दलित 3. संवेदना 4. संघर्ष 5. शोषण 6. कहानी 7. हिंदी साहित्य**

## मूल शोध

हिंदी कथा-साहित्य में मुंशी प्रेमचन्द का स्थान केवल एक कथाकार का नहीं, बल्कि एक सामाजिक दृष्टा का है। उनका साहित्य भारतीय समाज की जटिल संरचना, वर्ग-विभाजन, आर्थिक असमानता और जातिगत उत्पीड़न को गहरी संवेदना के साथ उद्घाटित करता है। विशेष रूप से दलित समाज के जीवन-संघर्ष, पीड़ा, अपमान और मानवीय गरिमा के प्रश्न प्रेमचन्द की कहानियों में अत्यंत सशक्त रूप में उभरकर आते हैं। प्रेमचन्द का दलित-विमर्श किसी घोषणात्मक आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के यथार्थ अनुभवों से उपजा हुआ मानवीय प्रतिरोध है। प्रेमचन्द

ऐसे समय में लिख रहे थे, जब भारतीय समाज सामंती मूल्यों, जातिगत भेदभाव और औपनिवेशिक शोषण से ग्रस्त था। दलित वर्ग सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सबसे अधिक वंचित था। प्रेमचन्द ने इस वर्ग को न तो दया का पात्र बनाकर प्रस्तुत किया और न ही आदर्शीकृत किया, बल्कि उनके जीवन की कठोर सच्चाइयों को पूरी ईमानदारी से सामने रखा।

'सद्गति' प्रेमचन्द की सर्वाधिक चर्चित कहानियों में से एक है, जिसमें दलित उत्पीड़न का अत्यंत मार्मिक चित्रण मिलता है। कहानी का केंद्र एक दलित पात्र है, जो धार्मिक कर्मकांड के नाम पर शोषण का शिकार होता है। यहाँ ब्राह्मणवादी सत्ता-रचना की अमानवीयता पूरी तरह उजागर होती है। दलित पात्र से बिना पारिश्रमिक कठोर श्रम कराया जाता है और अंततः उसकी मृत्यु भी उसी शोषण-चक्र का परिणाम बनती है। दुखी और झुरिया समाज की चमार जाति से संबंध रखते हैं और उनका जीवन सामाजिक उत्पीड़न से भरा हुआ है। दलित होने के कारण उनके भीतर गहरी हीन भावना और अज्ञान व्याप्त है, जिसे कठोर जातिगत परंपराएँ और अधिक मज़बूत कर देती हैं। दुखी घासीराम जैसे व्यक्ति को केवल उसकी ब्राह्मण जाति के कारण श्रेष्ठ मान लेता है और उसी अंधविश्वास के कारण उसका शोषण सहता है। घासीराम इस मानसिक कमज़ोरी का लाभ उठाकर दुखी को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करता है। अपनी जातिगत पहचान के कारण दुखी स्वयं को तुच्छ मानने लगता है, जो सामाजिक व्यवस्था की अमानवीयता को उजागर करता है। घासीराम पंडित को 'सीधा' देते समय दुखी अपनी पत्नी झुरिया को स्पष्ट रूप से सावधान करता है कि वह उस सामग्री को हाथ न लगाए। अपनी बेटी के विवाह की बात पक्की करने के उद्देश्य से वह पंडित को घर बुलाना चाहता है, इसी कारण वह स्वयं पंडित के घर जाता है और साथ में घास का एक गट्ठर भी ले जाता है। पंडित दुखी की विवश स्थिति का लाभ उठाते हुए उससे आँगन की सफाई, भूसा भरने और लकड़ियाँ चीरने जैसे कठिन काम करवा लेता है। लंबे समय से भूखा-प्यासा दुखी जब चिलम सुलगाने के लिए आग लेने भीतर जाता है, तो पंडित की पत्नी अत्यंत क्रोधित हो उठती है और अपमानजनक शब्दों में उसे डाँटने-फटकारने लगती है। वह पश्चाताप करता है-**"पंडित के घर में चमार कैसे चला आए। बड़े पवित्र होते हैं यह लोग, तभी तो संसार पूजता है, तभी तो इनका मान है। चमार थोड़े ही हैं इसी गाँव में बूढ़ा हो गया, मगर मुझे इतनी अक्ल भी न आई।"**[1] वह भूखा, प्यासा डर के मारे लकड़ी चीरता रहता है। **"दुखी ने सुबह से कुछ नहीं खाया था।.... फिर भी डर के मारे बेचारे ने भूख दबाई और लकड़ी फाड़ने लगा। दुखी लकड़ी-फाड़ते-फाड़ते बुरी तरह थक चुका था। ....हाथ उठाए न उठते थे, पाँव काँप रहे थे, .... तितलियाँ उड़ रही थीं, फिर भी अपना काम किए जाता था।"**[2] कहानी में 'गोंड़' नाम का एक पात्र है, जो अन्य लोगों की तुलना में अधिक साहसी और विद्रोही स्वभाव का है। वह पंडित के अन्याय के विरुद्ध खुलकर बोलने का साहस रखता है। जब वह दुखी को भूखे पेट लकड़ियाँ चीरते हुए देखता है, तो उसे टोकते हुए पूछता है कि क्या उसे कुछ खाने को मिला है या वह केवल काम करते रहने के लिए ही बना है। वह यह भी सुझाता है कि यदि भूख लगी है तो सीधे जाकर माँगने में क्या हानि है। पंडित को आराम से बैठे हुए देखकर गोंड़ का आक्रोश और बढ़ जाता है और वह कटु शब्दों में अपनी नाराज़गी प्रकट करता है। वह कहता है-**"मूँछों पर ताव देकर भोजन किया और आराम से सोए, तुम्हें लकड़ी फाड़ने का हुक्म लगा दिया। ज़मींदार भी कुछ खाने को देता। हाकिम भी बेगार लेता है, तो थोड़ी बहुत मजूरी देता है। वे उनसे भी बढ़ गए, उस पर धर्मात्मा बनते हैं।"**[3]

'ठाकुर का कुआँ' जातिगत भेदभाव पर आधारित एक सशक्त कहानी है। इसमें पानी जैसे जीवन-आवश्यक तत्त्व पर भी दलितों का अधिकार नहीं है। कहानी में दलित स्त्री की पीड़ा के माध्यम से यह दिखाया गया है कि सामाजिक उत्पीड़न केवल आर्थिक या शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक भी होता है। जोखू गंभीर

रूप से बीमार है और तीव्र प्यास के कारण उसका कंठ सूख रहा है। वह गंगी द्वारा लाया गया पानी पीना चाहता है, किंतु वह पानी अत्यंत गंदा और दुर्गंधयुक्त होने के कारण पीने योग्य नहीं रह गया है। गाँव के ठाकुर ने चमारों को सबक सिखाने की नीयत से उनके कुएँ में कसाई के हाथों मरा हुआ जानवर डलवा दिया, जिससे उसका पानी विषैला हो गया। इस परिस्थिति में गंगी अपनी दलित पहचान के कारण ठाकुर के कुएँ से पानी भरने का साहस नहीं कर पाती। ऐसी विवश और पीड़ादायक स्थिति में जोखू अपनी व्यथा शब्दों में प्रकट करता है।

जोखू कहता है-**"गरीबों का दर्द कौन समझता है। हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे?"**[4] जोखू की पीड़ादायक स्थिति के माध्यम से कहानी में निहित अमानवीय वर्णव्यवस्था का क्रूर रूप उजागर होता है। यह जाति-प्रथा इतनी निर्दयी है कि वह मनुष्य को जीवन ही नहीं, मृत्यु के बाद भी अस्पृश्य बनाए रखती है। प्यास से व्याकुल व्यक्ति यदि तड़प-तड़प कर प्राण त्याग दे, तब भी समाज में किसी को उसका दुःख स्पर्श नहीं करता। गंगी सबसे पहले मंदिर के पुजारी से पानी की याचना करती है, किंतु स्वार्थी और संवेदनहीन पुजारी उसे एक लोटा पानी देने से भी इनकार कर देता है। अंततः अपने पति की व्यथा से व्याकुल होकर गंगी रात के अंधेरे में सामाजिक निषेध को चुनौती देते हुए ठाकुर के कुएँ से पानी लाने का निश्चय करती है। भय और साहस के संघर्ष में वह घड़ा कुएँ में डालती है, परंतु अचानक हलचल होने पर घबराकर रस्सी छोड़ देती है और प्राणरक्षा हेतु भाग जाती है। घर लौटकर वह देखती है कि जोखू वही दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी पी रहा है। लेखक ने इस कथा के माध्यम से जातिगत व्यवस्था की अमानवीयता को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया है, जिससे पाठक के भीतर स्वाभाविक रूप से घृणा और प्रतिरोध की भावना जन्म लेती है।

'कफन' को लेकर अनेक आलोचनाएँ हुई हैं, परंतु इसे दलित संवेदना के संदर्भ में अनदेखा नहीं किया जा सकता। कहानी में चित्रित पात्र अत्यंत निर्धन और सामाजिक रूप से हाशिए पर हैं। उनका अमानवीय प्रतीत होने वाला व्यवहार वास्तव में उस सामाजिक व्यवस्था की उपज है, जिसने उन्हें संवेदनहीन बना दिया है। 'कफन' प्रेमचन्द की अत्यंत प्रभावशाली कहानियों में से एक मानी जाती है, जिसमें दलित समाज, विशेषतः चमार जाति के जीवन की करुण वास्तविकता उभरकर सामने आती है। इस कथा के केंद्र में घीसू, माधव और बुधिया; ये तीन दलित पात्र हैं, जिनके माध्यम से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं का नग्न यथार्थ प्रस्तुत किया गया है। कहानी चमार समुदाय की अत्यधिक निर्धनता और अभावग्रस्त जीवन का मार्मिक चित्रण करती है। बुधिया की पीड़ा इस दरिद्रता की सबसे त्रासद अभिव्यक्ति है, जिसकी कीमत उसे अपने प्राण देकर चुकानी पड़ती है। माधव की लापरवाही, निष्क्रियता और जीवन के प्रति उदासीन दृष्टि बुधिया की दुर्दशा को और गहरा कर देती है। वहीं घीसू और माधव दोनों ही स्वभावतः काम से बचने वाले और अकर्मण्य दिखाए गए हैं, जिसके कारण गाँव में उन्हें कोई स्थायी काम भी नहीं मिलता। इस प्रकार कहानी सामाजिक व्यवस्था की कठोरता और दलित जीवन की विवशताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करती है। **"घीसू एक दिन काम करता तो तीन दिन आराम करता। माधव इतना कामचोर था कि आध घंटे काम करता तो घंटे भर चिलम पीता। इसलिए उन्हें कहीं मज़दूरी नहीं मिलती थी।......रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं का लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज़्यादा संपन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।"**[5] प्रेमचन्द यहाँ नैतिक उपदेश नहीं देते, बल्कि प्रश्न उठाते हैं कि क्या भूख, अपमान और निरंतर संघर्ष में जीने वाला व्यक्ति पारंपरिक नैतिकताओं का पालन कर सकता है। यह कहानी दलित और निम्नवर्गीय जीवन की उस त्रासदी को उजागर करती है, जहाँ संवेदना भी विलास बन जाती है।

प्रेमचन्द की 'मंदिर' कहानी में दलितों के मंदिर प्रवेश की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया है। वर्णव्यवस्था में शूद्र का स्थान सबसे निचले पायदान पर था, जिससे उन्हें सामाजिक अधिकारों से वंचित रखा जाता था और केवल सेवा का ही दायित्व सौंपा जाता था। सवर्ण वर्ग का संरक्षण मिलने के बावजूद उन्हें शिक्षा, पानी और मंदिर जैसी सुविधाओं से दूर रखा जाता था। सुखिया, चमार जाति की विधवा और दुखी स्त्री, अपने मृत पति और बच्चों के बाद अपने जीवित बच्चे की सुरक्षा के लिए चिंतित रहती है। जब उसका बालक गंभीर रूप से बीमार पड़ता है, तब सुखिया अपने सपनों में पति के मार्गदर्शन से ठाकुर के मंदिर में पूजा का निर्णय करती है। भले ही दलित होने के कारण उसे पूजा का अधिकार न मिले, सुखिया अपने बच्चे के लिए उस बाधा के बावजूद मंदिर पहुँचकर पूजा करने का साहस जुटाती है। वह पुजारी से कहती है **"उनके दरसन से तो पापी भी तर जाता है, मेरे छूने से उन्हें कैसे छूत लग जाएगी?"**[6] सुखिया पुजारी की मनाही के बावजूद मंदिर के सामने डटी रहती है। वह हाथ जोड़कर प्रार्थना करती है, लेकिन पुजारी उसकी बात पर ध्यान नहीं देता। उसके मन में विवशता और क्रोध एक साथ उठते हैं। तभी मंदिर के दरवाज़े बंद कर दिए जाते हैं और ताला लगा दिया जाता है। सुखिया, अपने संकल्प में अडिग, ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास करती है कि पुजारी ज़ोर से चिल्लाकर लोगों को बुला लेता है। सवर्ण वर्ग के लोग क्रोध से भरे हुए आकर सुखिया पर हमला कर देते हैं। इस भयावह संघर्ष के बीच उसका बालक उसके हाथ से नीचे गिर जाता है और उसकी प्राणगति समाप्त हो जाती है। अपने बच्चे को मरते हुए देखकर सुखिया घबराकर और क्रोधित होकर चीख उठती है और उसकी पीड़ा और विद्रोह चरम पर पहुँच जाता है।**"पापियो, मेरे बच्चे के प्राण लेकर अब दूर क्यों खड़े हो, मुझे भी क्यों नहीं उसी के साथ मार डालते? मेरे छू लेने से ठाकुरजी को छूत लग गई। पारस को छूकर लोहा सोना हो जाता है, पारस लोहा नहीं हो सकता। मेरे छूने से ठाकुर जी अपवित्र हो जाएँगे। ...तुम सबके सब हत्यारे हो। इतना कहकर वह बेहोश हो जाती है और मर जाती है।"**[7]

## निष्कर्ष

प्रेमचन्द की कहानियों में दलित संवेदना भारतीय समाज के यथार्थ का आईना है। उन्होंने दलित जीवन को न तो अलंकृत किया और न ही उपेक्षित, बल्कि उसकी पीड़ा, संघर्ष और मानवीय आकांक्षाओं को ईमानदारी से प्रस्तुत किया। उनकी कहानियाँ सामाजिक अन्याय के विरुद्ध मौन, परंतु सशक्त प्रतिरोध हैं। प्रेमचन्द का महत्त्व इस बात में है कि उन्होंने साहित्य को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा। उनकी दलित संवेदना आज भी हमें यह याद दिलाती है कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मनुष्यता की रक्षा भी है। प्रेमचन्द के कथा-साहित्य में दलित जीवन की पीड़ा, सामाजिक अपमान और मानवीय संघर्ष का अत्यंत यथार्थ एवं संवेदनशील चित्रण मिलता है। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, आर्थिक विषमता और सामंती मानसिकता को अपनी कहानियों के माध्यम से उजागर किया। कहानियों के माध्यम से प्रेमचन्द ने यह स्पष्ट किया कि जाति-व्यवस्था केवल सामाजिक असमानता ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी दमन करती है। उनका साहित्य दलित चेतना, सामाजिक न्याय और मानवीय समानता की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. प्रेमचन्द, सद्गति, मानसरोवर, भाग दो, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 141
2. प्रेमचन्द, सद्गति, मानसरोवर, भाग दो, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 141
3. प्रेमचन्द, सद्गति, मानसरोवर, भाग दो, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 142
4. प्रेमचन्द, ठाकुर का कुआँ, मानसरोवर, भाग चार, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 20

5. प्रेमचन्द, कफन, मानसरोवर, भाग चार, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 97
6. प्रेमचन्द, मंदिर, मानसरोवर, भाग चार, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 154
7. प्रेमचन्द, मंदिर, मानसरोवर, भाग चार, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, संस्करण-1998, पृष्ठ सं- 156

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026



**रश्मिरेखा बेहेरा**

शोध छात्रा- (हिंदी विभाग)
रमादेवी महिला विश्वविद्यालय
विद्याविहार, भुवनेश्वर-751022
ओड़िशा
संपर्क
rasmirekhabehera99@gmail.com

**शोध निर्देशक**

डॉ. सुशांत कुमार विश्वाल
सहायक प्रोफेसर- (हिंदी विभाग)
शैलबाला महिला स्वयंशासित
महाविद्यालय
कटक, ओड़िशा

# महीप सिंह की कहानियों में वृद्ध जीवन की त्रासदी

**शोध सारांश**

सदियों से साहित्य पर समाज का विशेष प्रभाव रहा है। साहित्य रचना का मूलाधार मानव है। प्रत्येक युग की युगीन परिस्थितियाँ साहित्य में झलकती हैं। समाज तथा युग के सामाजिक संबंधों, पारिवारिक संबंधों तथा परिवर्तन आदि की व्याख्या करना और उसे यथार्थ रूप से प्रस्तुत करना ही साहित्यकार का मुख्य उद्देश्य होता है। बात अगर परिवार तथा समाज में वृद्धों की स्थिति को लेकर हो, तब वह प्रसंग और अधिक संवेदनशील बन जाता है। समाज में बुज़ुर्गों का मूल्य, उपयोगिता तथा अहमियत जब परिवर्तित हो जाते हैं, तब घर-परिवार में उनके अस्तित्व और अस्मिता पर अनेक प्रश्नचिह्न लग जाते हैं। जो कभी घर के मुखिया हुआ करते थे, जब उन्हें परिवार के लोगों द्वारा एक 'जीता-जागता कबाड़ा' की तरह महसूस करवाया जाता है, तब उनके मन और हृदय को अत्यंत पीड़ा पहुँचती है। यहाँ तक कि कई स्तरों पर उनकी मृत्यु को लेकर व्यवसाय और राजनीति करने से भी लोग पीछे नहीं हटते। एक संवेदनशील साहित्यकार होने के नाते महीप सिंह ने अपनी कहानियों में वृद्धों के जीवन से जुड़ी विषम समस्याओं का उल्लेख किया है। उन्होंने उनकी मानसिकता को दर्शाते हुए, उनके अधिकारों के प्रति होने वाले समझौतों को बखूबी प्रस्तुत किया है। आधुनिकता के वशीभूत होकर मनुष्य किस प्रकार अपना आदर्श व नैतिक मूल्य खो रहा है, उसका स्पष्ट चित्रण हुआ है।

**बीज शब्द**

**1. महीप सिंह 2. वृद्ध जीवन 3. अस्तित्व 4. संवेदनशीलता 5. समझौता 6. नैतिक मूल्य 7. आधुनिकता**

## मूल शोध

संयुक्त परिवार भारतीय समाज की मौलिक कल्पना है। बदलते हुए सामाजिक और आर्थिक संबंध के कारण इन संबंधों में बिखराव तथा विचलन आया है। संयुक्त परिवार में सबका सम्मान, श्रद्धा और उत्तरदायित्वबोध जीवन की शांति का मूल मंत्र है। संयुक्त परिवार में बुज़ुर्ग सदस्यों की एक अलग पहचान होती है। आधुनिक समाज में आर्थिक संबंधों को ही सभी संबंधों का निर्णायक मान लेने के कारण पीढ़ियों की

सोच में अंतराल आ रहा है, जिसके फलस्वरूप पुराने संबंध टूट रहे हैं। इस टूटने का नकारात्मक प्रभाव परिवार के बुज़ुर्गों के जीवन पर पड़ रहा है। समकालीन साहित्य जीवन के बहुविध आयामों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए हमारे समय के कथाकारों ने वृद्ध जीवन की विडंबनाओं को उसकी गहराई में जाकर प्रस्तुत किया है। उनकी संतानें आज अपनी रोज़ी-रोटी कमाने के लिए पराए देश, शहर तथा नगरों में बस गई हैं और माता-पिता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियाँ भूल गई हैं। इसी प्रकार के कार्यकलापों ने पारिवारिक स्तर पर बुज़ुर्गों के महत्त्व को कम कर दिया है तथा अकेलेपन रूपी दानव ने उन्हें चहुँओर से घेर लिया है। समकालीन चेतना के एक विशिष्ट रचनाकार के रूप में महीप सिंह ने वृद्ध जीवन के साथ जुड़े यथार्थ को बिल्कुल एक नई शैली में प्रस्तुत किया है। इस समस्या से संबंधित उनकी अनेक कहानियाँ हैं-'कीचड़', 'अवश', 'कितनी परछाइयाँ', 'शोक', 'सुर', 'दिन' आदि। 'कीचड़' कहानी में महीप सिंह ने एक असहाय माँ-बाप की बेबसी का चित्रण किया है, जो अपने पुत्र-विरह में अपना जीवन अत्यंत दुःख और परेशानी में व्यतीत कर रहे हैं। उनका एकमात्र पुत्र रमन घर और गाँव से हज़ारों किलोमीटर दूर बम्बई में जाकर बस गया है।

कहानी में उल्लेख है कि-**"मैंने महसूस किया कि पंडित जी बहुत बूढ़े हो गए हैं। नाममात्र का कोई दाँत उनके मुँह में बचा था। रमन उनकी एकमात्र संतान है, जो हज़ार मील दूर बैठा ज़िंदगी से जूझ रहा है।"**[1] स्पष्ट है कि रमन इतने वर्षों बाद भी कोई स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर पाया था, जिसके परिणामस्वरूप, सेवानिवृत्ति के बाद भी उसके वृद्ध माता-पिता को काम करना पड़ता था और बेटे की कोई ठोस खबर या जानकारी भी उनके पास नहीं थी। कहानी में आगे दृष्टव्य है-**"पंडित जी घर पर नहीं थे। पता लगा, वे ट्यूशन पढ़ाने गए हैं। ट्यूशन वाली बात सुनी तो पता नहीं कसमसाहट-सी महसूस हुई। पंडित जी को हेडमास्टरी से रिटायर हुए आठ वर्ष हो गए हैं, पर यह ट्यूशन पढ़ाना अभी तक उनके पीछे पड़ा हुआ था। ....यदि इन्हें पता लगे तो क्या हो क्योंकि रमन तो वहाँ कुछ भी नहीं करता और जो आदमी कुछ भी नहीं करता वह क्या करता है, इसको जानना बहुत वीभत्स होता है और बहुत दहला देने वाला भी।"**[2]

इस प्रकार 'कीचड़' कहानी में वृद्धावस्था की असहायता, संतान के प्रति मोह और सामाजिक-आर्थिक विडंबनाओं का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया गया है। अतः दूर बैठे पुत्र को एकाध चिट्ठी लिखने की भी फ़ुर्सत नहीं थी। संघर्ष तथा अकेलेपन रूपी दलदल और कीचड़ में वृद्ध माता-पिता का जीवन व्यथित हो रहा था। जीवन का बोझ वे अकेले ढो रहे थे, जबकि इस आयु में उन्हें सहारा देने वाला पुत्र ही उनकी इस दयनीय दशा का कारण बन गया था।

सिर्फ़ पारिवारिक स्तर पर ही नहीं, अपितु सामाजिक स्तर पर भी मनुष्य में संवेदनहीनता, स्वार्थपरता तथा नैतिक मूल्यों का ह्रास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आधुनिकता और भौतिकता की दौड़ में मनुष्य अपने कर्तव्यों और संबंधों से दूर होता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वृद्धों का जीवन उपेक्षा, अकेलेपन और पीड़ा से घिरता जा रहा है। मनुष्य की संकुचित मानसिकता ने उसे काफ़ी हद तक नीचे गिरा दिया है। समय के साथ संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी भी अधिक स्वार्थी बनता जा रहा है। ऐसी ही एक लावारिस वृद्ध की वेदना को प्रस्तुत करती है महीप सिंह की कहानी 'अवश'। इस कहानी में एक बूढ़े व्यक्ति का मार्मिक चित्रण किया गया है, जिसका इस दुनिया में अब कोई नहीं है। कहानी में उल्लेख है-**"पत्नी बोली "बेचारे का दुनिया में कोई नहीं है, न पत्नी, न कोई संतान। कहते हैं, इसकी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे देश के बंटवारे के समय मारे गए थे। तब से यह यूँ ही मारा-मारा फिरता है-कभी इस घर, कभी उस घर।"**[3]

यह वृद्ध व्यक्ति पूर्णतः बेसहारा है। कहानी में वर्णित पति-पत्नी का धर्मभीरु तथा मध्यवर्गीय संस्कारी मन उसे भोजन तो देता है, परंतु मन ही मन उससे ऊब और

झुंझलाहट भी महसूस करता है। इस द्वंद्व को कहानी में इस प्रकार चित्रित किया गया है-"**इस चाचा से तो मैं बहुत तंग आ गई हूँ। जब देखो चला आता है और न जाने कहाँ-कहाँ की बतौलियाँ मारता है।" मेरी समझ में नहीं आता कि मिसेज़ सेठी का चाचा, तुम्हारा चाचा कैसे बन गया।" पति बोला,"तुम भला उसकी इतनी सेवा क्यों करती हो एक बार दुत्कार दो तो दुबारा यहाँ अपनी सूरत नहीं दिखाएगा।"**[4]

इस प्रकार, कहानी में समाज के लोगों के अमानवीय व्यवहार और उनके दोगले चरित्र का सशक्त चित्रण हुआ है। एक ओर बाहरी रूप से सहानुभूति और उदारता का उज्ज्वल पक्ष दिखाई देता है, वहीं दूसरी ओर मन के भीतर घृणा, असहिष्णुता और उपेक्षा की भावना भी विद्यमान रहती है। अतः यह कहानी न केवल वृद्धों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है, बल्कि आधुनिक समाज की संवेदनहीनता और नैतिक पतन को भी प्रभावशाली ढंग से सामने लाती है।

वर्तमान समय में मनुष्य को वही कार्य करना अधिक अच्छा लगता है, जिसमें अधिक धन अर्जित किया जा सके, क्योंकि उनके लिए भौतिक सुख-सुविधाएँ, रिश्तों और माता-पिता के स्नेह से भी अधिक महत्त्वपूर्ण बनती जा रही हैं। महीप सिंह ने अपनी कहानी 'कितनी परछाइयाँ' में ऐसे ही एक परिवार का चित्रण किया है, जहाँ सुमेर जी के बेटे और बेटियाँ अपने पिता की उपलब्धियों से अधिक अपने-अपने आराम और स्वार्थ की चिंता करते हैं। बेटे को अपनी माँ के बनाए भोजन में भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्त्व दिखाई देते हैं। परिवार में सभी सदस्य व्यापारी हैं, फिर भी सुमेर जी साहित्यकार बनने का निर्णय लेते हैं। उनकी पत्नी को छोड़कर यह निर्णय परिवार के अन्य सदस्यों को खटकता है। कहानी में यह स्थिति इस प्रकार व्यक्त हुई है-"बातचीत के बीच में शीला ने विजय की प्लेट में कुछ पकौड़े डाल दिए- **"विजय, तू तो प्याज़ के पकौड़े बहुत पसंद करता है न!" "नहीं माँ!" विजय के चेहरे पर नकार और खीझ एक साथ उभर आए-"मैंने अब तली-वली चीज़ें खाना एकदम बंद कर दी है। मेरा डॉक्टर कहता है कि मुझे अपने वज़न को काबू में रखना चाहिए।"**[5]

सुमेर जी की तीन बेटियाँ- सुषमा, माधुरी और ममता तथा एक बेटा विजय है। पिता का लेखक बनना इन सभी को अनुचित लगता है। माधुरी के शब्दों में-"**मेरे ससुराल के बच्चे तो अंग्रेज़ी के अलावा न कुछ पढ़ते हैं, न बोलते हैं। पति हमेशा व्यापार के झंझटों में उलझे रहते हैं। मेरी सासजी को पढ़ने का बहुत शौक है पर पिताजी की लिखी चीज़ें उनके समझ में नहीं आतीं। मेरी सासजी कहती हैं कि तुम्हारे पिताजी हमेशा गरीबों का रोना ही रोते हैं। दुनिया में खाते-पीते अमीर लोग भी तो हैं। उनकी कहानियाँ क्यों नहीं लिखते?"**[6] वहीं बेटे विजय का दृष्टिकोण और भी स्पष्ट है-"**देखिए, मैं साफ़ कहने का आदी हूँ। विजय ने गला साफ़ करते हुए कहा-"मुझे लगता है, मेरे पिताजी ने गलत निर्णय लिया था। लेखक बनने में रखा ही क्या है लेखक को कैसा जीवन बिताना पड़ता है, यह मैंने बचपन से देखा और अनुभव किया है। पिताजी यदि आज अपने पैतृक व्यवसाय में होते, तो लाखों में खेल रहे होते, जैसे उनके और भाई खेल रहे हैं।"**[7]

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि सुमेर जी के रहन-सहन और जीवन-दृष्टि से उनके अपने ही बच्चे असंतुष्ट हैं। उनकी यह असंतुष्टि और खीझ माता-पिता के हृदय पर गहरी चोट करती है। अतः यह कहना उचित होगा कि वर्तमान दौर में माता-पिता की भावनाओं की उपेक्षा करना एक सामान्य प्रवृत्ति बनती जा रही है। महीप सिंह ने इस कहानी के माध्यम से न केवल पारिवारिक विघटन को उजागर किया है, बल्कि आधुनिक समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और नैतिक मूल्यों के पतन को भी अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है।

वर्तमान के भौतिकवादी युग में मान, प्रतिष्ठा और पद-प्रतिष्ठा प्राप्त करने की होड़ में संतान किस प्रकार माता-पिता से जुड़े संबंधों का, यहाँ तक कि उनकी मृत्यु का भी व्यावसायीकरण करने लगती है। इसका स्पष्ट चित्रण महीप सिंह की कहानी 'शोक' में देखने को मिलता है।

इस कहानी में पात्र सागर के माध्यम से ऐसे पुत्र के चरित्र को उभारा गया है, जिसे अपने पिता की मृत्यु का उतना दुःख नहीं होता, जितनी चिंता उसे उनके अंतिम संस्कार में भीड़ और प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति की होती है। सागर के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि पिता के दाह-संस्कार में दो-चार मंत्री अवश्य उपस्थित हों, ताकि वह अपने घोर प्रतिद्वंद्वी को सामाजिक स्तर पर टक्कर दे सके। कहानी में वर्णित है कि-"**चोंगा हाथ में लिए सागर जी प्रतीक्षा करने लगे। दूसरी ओर से कोई आवाज़ नहीं आ रही है, यह सोच-सोचकर उनके मन में खीझ पैदा होने लगी। वे सोचने लगे; दो-चार मंत्रियों का दाह-संस्कार के समय निगमबोध घाट पर होना बड़ा ज़रूरी है...नहीं तो बड़ी भद्द हो जाएगी। तभी अपने घोर प्रतिद्वंद्वी स्वरूप चंद का चेहरा उनके सामने घूम गया। कुछ महीने पहले उसकी माँ की मृत्यु हुई थी। तब निगमबोध घाट पर कितनी भीड़ थी। पार्टी के कितने बड़े नेता वहाँ उपस्थित थे।**"[8] यहाँ तक कि सागर अपनी जीवित माँ की मृत्यु की भी कल्पना करने लगता है- "**एकाएक उन्हें लगा अब माँ भी ज़्यादा दिन ज़िंदा नहीं रहेगी। फिर उनके अंदर भविष्य की कितनी ही कल्पनाओं का जैसे ज्वार-सा उमड़ पड़ा। उन्हें लगा माँ की अर्थी श्मशान भूमि पहुँच गई है। प्रधानमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सभी सदस्य वहाँ आए हुए हैं...सारे निगमबोध घाट पर सिर-ही-सिर दिखाई दे रहे हैं...इतने में एक बड़ी लंबी गाड़ी वहाँ आकर रुकती है...उसमें से राष्ट्रपति का ए.ड़ी.सी. फूलों का बड़ा गुलदस्ता लेकर उतरता है और अपनी फौजी वर्दी में खट-खट चलता हुआ अर्थी के पास पहुँचकर सैल्यूट करता है, फिर उसे अर्थी पर रख देता है।**"[9]

इस प्रकार, कहानी में अत्यंत असंवेदनशील और हृदयविदारक स्थिति का चित्रण किया गया है। जहाँ संतान से अपेक्षा की जाती है कि वह माता-पिता के अंतिम समय में उनका सहारा बने, वहीं यहाँ संतान की मानसिकता नैतिक स्तर पर इतनी गिर चुकी है कि वह माता-पिता की मृत्यु को भी अपनी प्रतिष्ठा और प्रतिस्पर्धा का साधन बना लेती है। अतः यह कहानी आधुनिक समाज की संवेदनहीनता, नैतिक पतन और संबंधों के व्यवसायीकरण पर तीखा प्रहार करती है तथा हमें मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना की आवश्यकता का बोध कराती है।

आधुनिक दौर में संबंधों का मानदंड निरंतर बदल रहा है। बड़ों से बात करने का लहज़ा, आचरण और व्यवहार में अनेक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। विशेषतः जब सामने वाला व्यक्ति घर का बुज़ुर्ग हो, तब यह व्यावहारिक बदलाव उनके मन में गहरे घाव छोड़ जाते हैं। ऐसी ही एक कहानी है 'सुर', जिसमें बाप-बेटे के संबंधों में धीरे-धीरे खारापन आने लगता है। रिटायरमेंट के बाद पिता जब पुनः किसी कार्य में लगना चाहते हैं, तो उनके बेटे मनवीर और रणवीर उन्हें बाहर जाकर नौकरी करने से मना कर देते हैं। प्रारंभ में पिताजी को अपने दोनों बेटों की यह बात अत्यंत प्रसन्न करती है, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके बेटे उनके आराम और सम्मान की चिंता कर रहे हैं। परंतु स्थिति तब बदल जाती है, जब दोनों बेटे उन्हें अपने-अपने व्यवसाय/कंपनी में मैनेजर के रूप में काम करने का प्रस्ताव देते हैं। यह सुनकर पिता को एक गहरा आघात लगता है, क्योंकि उन्हें यह एहसास होता है कि बेटे उनके अनुभव और व्यक्तित्व का सम्मान करने के बजाय उन्हें अपने स्वार्थ और सुविधा के अनुसार उपयोग करना चाहते हैं। इस प्रकार, कहानी में यह स्पष्ट होता है कि आधुनिक पारिवारिक संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव की जगह उपयोगितावादी दृष्टिकोण बढ़ता जा रहा है। बुज़ुर्गों के प्रति सम्मान और संवेदना के स्थान पर स्वार्थ और सुविधा की भावना हावी हो रही है, जो संबंधों की गरिमा को आहत करती है।

बड़ा बेटा मनवीर कहता है-"**डैडी, हम आपको अपने काम-धंधे का जनरल मैनेजर बना देते हैं।" उसने हँसते हुए कहा, "वाह बेटे, तुम मालिक और मैं जनरल मैनेजर... मुझे नौकरी पर रखना चाहते हो" छोटा बेटा रणवीर बोला-"डैडी, आपकी पोज़ीशन तो एक लिमिटेड कंपनी के चेयरमैन जैसी होगी। ...जब चाहा आए... जब चाहा चले गए।**"[10] परंतु कुछ ही दिनों बाद पिताजी

को वह कुर्सी चुभने लगी। काम करते समय जब उनसे छोटी-छोटी गलतियाँ हो जातीं, तो बेटों के चेहरे पर उभरती उलझन और खीझ उन्हें भीतर तक आहत कर देती। बार-बार के निर्देश-**"डैडी, ज़रा वह बिल बुक दीजिए... डैडी, कुर्सी खिसकाइए... डैडी, नीचे की दराज से कैलकुलेटर निकाल दीजिए...।"**

**"कुछ ही दिनों में उसने महसूस कर लिया कि वह गलत जगह पर बैठा है। यह उसकी कुर्सी नहीं है। मनवीर के चेहरे पर कई बार उलझन और खीझ उभर आती, जब वह उससे बिल बुक माँगता और वह कैश मेमो वाली किताब उसे पकड़ा देता।" उसे महसूस होने लगा, उसके व्यक्तित्व के साथ 'डैडी' नाम का जो रंग लगा हुआ है, उसकी चमक हल्की पड़ने लगी है।"**[11]

जिन बेटों को उन्होंने कभी स्कूटर चलाना सिखाया था, वही बेटे आज कार ठीक से न चला पाने पर कटु वाणी का प्रयोग करते हैं, जो उनके हृदय को गहरी चोट पहुँचाती है। **"उस दिन घर में वातावरण में काफी तनाव था। मनवीर बहुत गुस्से से बोल रहा था-" नई कार है और क्लच प्लेटें साल भर के अंदर ही फुक गई हैं। मैकेनिक कहता है कि आप लोग क्लच दबाकर गाड़ी चलाते हैं। इसका नतीजा होगा... अब दो-चार हज़ार की मुफ़्त में ठुक जाएगी। " उसे लगा उससे भयंकर अपराध हो गया है। एकाएक उसे महसूस हुआ है कि वह इस घर में सबसे छोटा प्राणी है, जिससे कोई कीमती बर्तन टूटकर टुकड़े-टुकड़े हो गया है...बस...अब उसकी खैर नहीं।"**[12]

इस प्रकार, अपने ही बेटों के व्यवहार से उत्पन्न हीनताबोध और अपराधबोध की भावना से ग्रस्त होकर पिता भीतर ही भीतर सहम जाते हैं और स्वयं को ही दोष देने लगते हैं। यह प्रसंग आधुनिक पारिवारिक संबंधों में बुज़ुर्गों के आत्मसम्मान के क्षरण और संवेदनहीनता की गहरी समस्या को उजागर करता है।

परिवार में उपेक्षा और अंतराल की भावना जब बढ़ने लगती है, तब मन में गहरी बेचैनी जन्म लेती है। जब माता-पिता को ही बोझ समझा जाने लगे, उनके अस्तित्व से संतानें शर्मिंदगी महसूस करने लगें, तब उनका जीवन अत्यंत बोझिल हो जाता है। ऐसी स्थिति में ईश्वर से मृत्यु की कामना करने के अतिरिक्त उनके पास कोई विकल्प शेष नहीं रह जाता। महीप सिंह की कहानी 'दिन' में इसी प्रकार की मनोदशा और विडंबना का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया गया है। कहानी में ऐसे परिवार को दिखाया गया है, जहाँ दोनों भाइयों ने माँ-बाप को एक-एक महीने के लिए बाँट लिया है। उनका कहना है-**"बड़ा दो महीने में ही हमसे तंग आ गया है। बड़ी बहू को हम दो अपाहिजों को अपने साथ रखना बहुत भारी पड़ता है। उसकी सहेलियाँ आती हैं। न चाहते हुए भी हम उनके सामने पड़ जाते हैं- उसे शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।"**[13]

एक ओर माता-पिता जीवनभर अपनी संतान की खुशियों के लिए प्रार्थना करते हैं, वहीं दूसरी ओर वही संतानें उन्हें घुटन और उपेक्षा का अनुभव कराती हैं। माँ की प्रार्थना है-**"सारी उमर यही अरदास करती रही हूँ- हे सतगुरु... सच्चे पातशाह, मेरे बच्चे सुखी रहें। बेटियाँ अपने घर में सुखी बसें... बेटों को सुमति देना, उनके काम-रोज़गार में बरकत देना।"**[14]

वहीं पिताजी की पीड़ा और भी गहरी है। वे अपने भाग्य से मानो संघर्ष कर रहे हैं। शारीरिक अपंगता के साथ-साथ वे मानसिक रूप से भी स्वयं को विकलांग और उपेक्षित महसूस करते हैं। जब माँ उनसे पूछती है कि उन्होंने वाहेगुरु से क्या माँगा, तब उनके शब्द हृदय को झकझोर देते हैं-**"उसके होंठ फड़फड़ाने-से लगे-''हे सतगुरु...जैसी ज़िंदगी दी, हँस-खेलकर गुज़ार ली। हर दिन तुम्हारी ओट में गुज़रा, हर रात तुम्हारे दिए सपनों में कटी... हे सच्चे पातशाह अब किरपा करो...वह दिन भी जल्दी ले आओ।"**[15]

अर्थात, उपेक्षा और घुटन से भरे जीवन से मुक्ति के रूप में वे मृत्यु को स्वीकार करने को तैयार हैं। यह स्थिति अत्यंत मार्मिक और विचारोत्तेजक है, जहाँ माता-

पिता स्वयं अपने अंत की कामना करने लगते हैं। निश्चित रूप से, वर्तमान परिवर्तित समाज में बूढ़े माँ-बाप अपनी संतान के लिए बोझ बनते जा रहे हैं। उनके प्रति प्रेम, आदर और संवेदना जैसी भावनाएँ क्षीण होती जा रही हैं। महीप सिंह ने अपने अनुभवों और संवेदनाओं को शब्दबद्ध करते हुए वृद्ध जीवन की उन करुण सच्चाइयों को अपनी कहानियों में स्थान दिया है, जो पाठक के हृदय को गहराई से स्पर्श करती हैं।

## निष्कर्ष

परिवार में उपयोगिता समाप्त हो जाने पर, अपनी ही संतान द्वारा उपेक्षित होकर, वृद्धजन जीवन के शेष दिनों की गिनती करने को विवश हो जाते हैं। पीढ़ीगत अंतराल के कारण नई और पुरानी पीढ़ी के विचारों में गहरी खाई उत्पन्न हो गई है। नई पीढ़ी आत्मकेंद्रित होती जा रही है और बुज़ुर्गों के प्रति सम्मान का भाव कम होता जा रहा है। उनकी बातें चिड़चिड़ापन उत्पन्न करती हैं और वे घर के किसी कोने में पड़े 'अनुपयोगी वस्तु' की तरह देखे जाने लगते हैं। अंततः प्रश्न यही उठता है- यह स्थिति कब तक बनी रहेगी संबंधों की यह संवेदनहीनता कब समाप्त होगी? इसका उत्तर समाज को स्वयं तलाशना होगा, जहाँ पुनः मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और पारिवारिक सम्मान की पुनर्स्थापना की आवश्यकता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-2), 'कीचड़' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 258
2. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-2), 'कीचड़' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 256, 258
3. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'अवश' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 109
4. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'अवश' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 109
5. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'कितनी परछाइयाँ' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 122
6. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'कितनी परछाइयाँ' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 118
7. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'कितनी परछाइयाँ' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 122
8. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'शोक' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 173
9. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'शोक' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 177
10. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'सुर' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 213
11. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'सुर' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 214
12. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'सुर' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 216, 217
13. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'दिन' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 304
14. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'दिन' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 307
15. समग्र कहानियाँ, डॉ. महीप सिंह (भाग-3), 'दिन' (कहानी), नॉर्थ इंडिया पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 307

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026



**डॉ. सलिल श्रीवास्तव**

जयपुर, राजस्थान-302020
संपर्क
salil040@gmail.com

# मध्यकालीन राजस्थान की धार्मिक परिस्थितियाँ

**शोध सारांश**

मध्यकालीन राजस्थान में धार्मिक जीवन अत्यंत विविध और बहुस्तरीय था। यहाँ वैदिक परंपराओं से लेकर वैष्णव, शैव, जैन, शक्ति उपासना और इस्लामी प्रभाव तक विभिन्न धार्मिक धाराएँ एक साथ विकसित हुईं। धर्म समाज और राज्य व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण आधार था और शासकों द्वारा अपनाए गए धर्म का व्यापक प्रभाव जनता पर पड़ता था। वैष्णव धर्म विशेषकर विष्णु और कृष्ण भक्ति के रूप में लोकप्रिय रहा, जिसके प्रमाण अनेक मंदिरों, शिलालेखों और भक्ति साहित्य में मिलते हैं। शैव धर्म भी व्यापक रूप से प्रचलित था और शिव के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती थी। वैदिक धर्म यज्ञ परंपरा और ब्रह्मा, सूर्य एवं अन्य देवताओं की उपासना के माध्यम से जीवित रहा। जैन धर्म मुख्यतः व्यापारी वर्ग में प्रचलित था और शासकों की सहिष्णुता के कारण इसे संरक्षण मिला। शक्ति पूजा में देवी उपासना का विशेष महत्त्व रहा और यह राजपूत राजघरानों की कुलदेवी परंपरा से जुड़ी रही। इस्लाम का आगमन 12वीं-13वीं शताब्दी के बाद हुआ, जिसमें सूफी संतों ने धार्मिक प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यद्यपि कुछ संघर्ष भी हुए, फिर भी समय के साथ धार्मिक सह-अस्तित्व और समन्वय की प्रवृत्ति विकसित हुई।

**बीज शब्द**

**1. मध्यकालीन राजस्थान 2. धार्मिक परिस्थितियाँ 3. वैष्णव धर्म 4. शैव धर्म 5. वैदिक धर्म 6. जैन धर्म 7. शक्ति पूजा 8. इस्लाम 9. सूफी परंपरा 10. मंदिर स्थापत्य 11. धार्मिक सहिष्णुता 12. सांस्कृतिक समन्वय**

**मूल शोध**

मध्यकालीन राजस्थान में धार्मिक परिस्थितियाँ अस्थिर और विविधतापूर्ण थीं। धर्म की उत्पत्ति वेदों से मानी जाती है, जैसा कि कहा गया है-

**"वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।**
**आचारश्चैव साधूनां आत्मनस्तुष्टिरेव च/ (मनुस्मृति)।"**[1]

अर्थात्, वेद ही धर्म का मूल स्रोत हैं। किसी समाज या स्थान के धर्म का अध्ययन करके उस समाज के सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन को समझा जा सकता है, क्योंकि धर्म उस समाज की नींव होती है। राजस्थान में अधिकांश लोग वही धर्म

अपनाते थे, जो उनके शासकों द्वारा प्रचलित था। धर्म का प्रचार पंडितों, गुरुओं और अन्य धार्मिक प्रचारकों द्वारा किया जाता था, जो अपने-अपने मतों को समाज में फैलाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित करते थे। इस प्रक्रिया से विभिन्न धार्मिक संप्रदायों का जन्म हुआ।

### वैष्णव धर्म

वैष्णव धर्म को भागवत संप्रदाय भी कहा जाता है, जिसका केंद्र वासुदेव कृष्ण अथवा विष्णु की उपासना है। राजस्थान में इस संप्रदाय के प्रभाव और प्रसार का उल्लेख घोसुण्डी के अभिलेख में मिलता है। इस अभिलेख के अनुसार गजवंशी शासक सर्वतात ने एक मंदिर का निर्माण कराया तथा अश्वमेध यज्ञ का आयोजन करवाया था। भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ पाँचरात्र संहिता माना जाता था, जिसमें विष्णु को जगत के पालन एवं संरक्षण करने वाले देवता के रूप में वर्णित किया गया है। इस संप्रदाय के अनुयायी पूजा, उपासना, मंत्रोच्चारण और योग-साधना के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति तथा आध्यात्मिक साक्षात्कार में विश्वास रखते थे।

**"वैष्णव धर्म की प्राचीनतम संज्ञा भागवत धर्म तथा पाञ्चरात्र मत है। षट् ऐश्वर्य से संपन्न होने के कारण विष्णु ही 'भगवत्' शब्द से अभिहित किए जाते हैं और उनकी भक्ति करने वाले साधक 'भागवत' कहलाते हैं। विष्णु भक्तों के द्वारा उपास्य धर्म होने के कारण यह धर्म कहलाता है- भागवत-धर्म।"**[2] मध्यकाल में, चित्तौड़ में कीर्तिस्तंभ के अग्र भाग में एक प्राचीन विष्णु मंदिर था और इस पर 1270 ई. (वि.सं. 1327) का एक शिलालेख पाया गया, जिसमें बताया गया कि महाराणा मोकल ने चित्तौड़ में द्वारकाधीश का मंदिर बनवाया था। इसके बाद, 1671 ई. में, महाराणा राजसिंह ने श्रीनाथ जी की मूर्ति को बनास नदी के किनारे स्थित सिंहाड़ गाँव में स्थापित किया, जो अब नाथद्वारा के नाम से प्रसिद्ध है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मेवाड़ में वल्लभ संप्रदाय का प्रभाव बढ़ा।

महाराणा कुंभा के समय में खड़िया गाँव में कृष्ण मंदिर का निर्माण हुआ और चित्तौड़ तथा कुंभलगढ़ में कुंभश्याम के मंदिरों का भी निर्माण हुआ। 18वीं शताब्दी में जोधपुर का घनश्यामजी का मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कृष्ण की लीलाओं पर आधारित कई चित्रित ग्रंथ 17वीं और 18वीं शताब्दी में तैयार किए गए, जो उदयपुर के सरस्वती भंडार, कोटा के संग्रहालय और जोधपुर के पुस्तक प्रकाश में सुरक्षित हैं। **"बीकानेर के पृथ्वीराज, जोधपुर के विजयसिंह और किशनगढ़ के नागरीदास जैसे भक्तों को उनके समय में महान भक्त माना गया। चीरवे के शिलालेख में समरसिंह (1267-1302 ई.) द्वारा शिव, विष्णु और देवी के मंदिरों के निर्माण और उनके लिए अनुदान देने का उल्लेख मिलता है।"**[3] इस समय के लेखों से यह भी प्रमाण मिलता है कि मेवाड़ के नरेशों ने राम को अपने इष्टदेव के रूप में पूजा। कई गाँवों में गणेश, हनुमान, भैरव और राम के मंदिरों की बहुतायत थी, जो यह दर्शाते थे कि जनता में धर्म के प्रति गहरी आस्था थी।

1283 ई. के जोधपुर प्रशस्ति में कृष्ण की स्तुति के साथ गोवर्धन धारण लीला का वर्णन किया गया है, जो मारवाड़ में कृष्णलीला के प्रभाव का एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण है। **"मध्यकालीन राजस्थान में वैष्णव धर्म का प्रभाव न केवल आम जनता पर था, बल्कि शासकों और सम्राटों पर भी था। कुंभाकालीन मंदिरों की स्थापत्य कला में कृष्णलीला से संबंधित चित्रण और मूर्तियाँ बहुत प्रचलित थीं, जो वैष्णव धर्म की प्रमुखता को दर्शाती हैं।"**[4]

### शैव धर्म

मध्यकालीन राजस्थान में शैव धर्म की प्रगति विभिन्न शैव मंदिरों के निर्माण और उनके लिए भूमिदान के रूप में स्पष्ट दिखाई देती है। इस युग के अभिलेखों से यह पता चलता है कि शिव की पूजा कई विविध नामों से की जाती थी, जैसे एकलिंग शिव, गिरिसुतापति, समिधेश्वर, चन्द्रचूड़ा, भवानीपति, अचलेश्वर, शंभु आदि। इन नामों के माध्यम से शिव के भिन्न रूपों की पूजा की जाती थी,

जो दर्शाता है कि शैव धर्म में विविधता थी और भक्तों का विश्वास विभिन्न रूपों में शिव के प्रति था।

राजस्थान के अनेक क्षेत्रों जैसे जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जयपुर, किशनगढ़, बीकानेर आदि में शैव मंदिरों का निर्माण हुआ। इन मंदिरों का निर्माण राज्य द्वारा, राजपरिवार के सदस्य, अधिकारियों, सामंतों और भक्तों द्वारा किया गया। इन मंदिरों में एकलिंग और चतुर्मुख शिव की मूर्तियों की प्रतिष्ठापना की गई और वहां पूजा-अर्चना की व्यवस्था की गई। विशेष रूप से मेवाड़ क्षेत्र में शिव को मुख्य उपास्य देवता माना जाता था। यहाँ के शासक शिव को सृष्टि के कर्ता और संहारक के रूप में पूजा करते थे।

शिव की मूर्तियों की विविधता ने भी शैव धर्म के प्रभाव को बढ़ाया। राव गांगा की रानी नानिक देवी ने जोधपुर में अचलेश्वर के मंदिर का निर्माण करवाया और इसके माध्यम से उन्होंने अचल के यश को फैलाने में योगदान दिया। **"1301 ई. में महारावल पाता के पुत्र धीरसिंह ने 5 समिधेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और इस मंदिर का अंतिम जीर्णोद्धार 1425 ई. के आस-पास महाराणा मोकल द्वारा किया गया।"**[5] इसके अलावा, महाराणा कुंभा ने बाडोली में शिव मंदिर का निर्माण किया था, जो उस समय के शैव धर्म के प्रभाव को दर्शाता है।

राजस्थान में शैव धर्म के अलावा पार्वती, ब्रह्मा, मातृक, दिक्पाल और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियाँ भी कुंभाकालीन मंदिरों में पाई जाती हैं, जो यह दर्शाती हैं कि इस समय में शैव धर्म के साथ-साथ अन्य धार्मिक मान्यताएँ भी प्रचलित थीं। शैव, नाथ और सिद्धों की पूजा ने राजस्थान के धार्मिक परिदृश्य को आकार दिया और यह संस्कृति का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन गई।

### वैदिक धर्म

वैदिक धर्म की जड़ें मध्यकालीन राजस्थान में गहरी रही हैं और इसके विश्वासों और आस्थाओं का प्रभाव इस युग में भी स्पष्ट रूप से देखा गया। मेवाड़ के बप्पा रावल, क्षेत्रसिंह और महाराणा कुंभा जैसे शासकों ने वैदिक यज्ञों को महत्त्वपूर्ण माना और इन्हें आयोजित किया। इन शासकों के यज्ञों और धार्मिक क्रियाओं से यह सिद्ध होता है कि वे वैदिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा रखते थे। जोधपुर के अभयसिंह ने भी वैदिक धर्म की परंपराओं को बढ़ावा दिया और इसे अपने शासनकाल में प्रोत्साहित किया।

12वीं शताब्दी तक, राजस्थान में ब्रह्मा की पूजा प्रमुख रूप से की जाती थी और यह विशेष रूप से पुष्कर, बांसवाड़ा और सिरोही के कुसमा जैसे क्षेत्रों में स्थित मंदिरों से प्रमाणित होता है। इन स्थानों पर ब्रह्मा के मंदिरों का निर्माण हुआ और उनकी पूजा का आयोजन किया गया। समय के साथ, ब्रह्मा को उपदेवताओं के रूप में पूजा जाने लगा और वे वैदिक धर्म के प्रमुख देवता माने गए।

राजस्थान के शासक और धार्मिक नेता अपने शासनकाल में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत थे। महाराणा मोकल ने ब्राह्मणों के वेदाध्ययन के लिए विशेष प्रबंध किए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उन्हें ब्राह्मण धर्म के प्रचार-प्रसार में गहरी रुचि थी। इसके साथ ही, महाराणा कुंभा ने चित्तौड़ में सूर्य मंदिर का निर्माण किया था, जो वैदिक धर्म के महत्त्व को बढ़ाने की एक कोशिश थी। **"महाराणा कुंभा के द्वारा बनवाए गए 1448 ई. के कीर्तिस्तंभ में विभिन्न वैदिक और पौराणिक देवताओं की मूर्तियाँ उकेरी गई हैं, जिसमें इन्द्र, अग्नि, वरुण, यम, कुबेर, दिकपाल, भैरव, हनुमान, नाग आदि देवताओं की मूर्तियों का संग्रह किया गया है।"**[6] इस कीर्तिस्तंभ में विद्यमान देवताओं की मूर्तियाँ वैदिक धर्म और पौराणिक आस्थाओं के मिश्रण को दर्शाती हैं। यह प्रमाणित करता है कि मध्यकालीन राजस्थान में धार्मिक विश्वासों और आस्थाओं का एक मिश्रित रूप था, जिसमें वैदिक धर्म के मूल सिद्धांतों के साथ-साथ पौराणिक देवताओं की पूजा भी महत्त्वपूर्ण स्थान रखती थी। इस प्रकार, वैदिक धर्म का प्रभाव राजस्थान में बहुत गहरा था और यह धीरे-धीरे अन्य धार्मिक आस्थाओं के साथ मिलकर एक समृद्ध धार्मिक परंपरा का हिस्सा बन गया।

## जैन धर्म

राजस्थान में जैन धर्म विशेष रूप से वैश्य समुदाय में प्रचलित था। हालांकि राजस्थान के शासक इस धर्म के अनुयायी नहीं थे, लेकिन वे जैन धर्म के प्रति सहिष्णु और आदरणीय दृष्टिकोण रखते थे। राजस्थान के कई प्रमुख स्थानों जैसे जैसलमेर, नाडोल, आम्बेर, धुलेव, रणकपुर, नाडलाई, विक्रमपुर, आबू और सिरोही में जैन धर्म के प्रभाव के प्रमाण शिलालेखों और मूर्ति स्थापनों के रूप में मिले हैं। इन स्थानों पर जैन धर्म की आस्थाओं और परंपराओं के अनुसरण की पुष्टि होती है, जो इस धर्म की प्रगति और राजस्थान में इसके महत्त्व को दर्शाती है। राजस्थान के शासकों ने हमेशा जैन धर्म के अनुयायियों के प्रति सहिष्णुता दिखाई। उदाहरण के तौर पर, महाराणा रायसिंह ने बीकानेर में जैन मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। एक ऐतिहासिक घटना में, तुरसम खां ने सिरोही पर आक्रमण करते समय जैन धर्म की मूर्तियों को नष्ट करने की कोशिश की, लेकिन महाराणा रायसिंह ने बादशाह से अनुमति प्राप्त करके इन मूर्तियों को सुरक्षित रूप से बीकानेर भिजवाया। ये मूर्तियाँ आज भी बीकानेर के एक जैन मंदिर में सुरक्षित हैं।

राजस्थान में जैन धर्म के विकास में कई प्रमुख घटनाएँ घटीं। 1322 ई. में, चित्तौड़ की पटरानी जयतरल देवी ने श्याम पार्श्वनाथ का मंदिर बनवाया, जो जैन धर्म के महत्त्व को दर्शाता है। समरसिंह ने अमितसिंह सूरी के उपदेशों से प्रेरित होकर अपने राज्य में जीव हिंसा पर प्रतिबंध लगा दिया। इसी तरह, **"आसलपुर दुर्ग में पार्श्वनाथ चैत्य का जीर्णोद्धार लाखा द्वारा करवाया गया। कुंभा के शासनकाल में, 1439 ई. में रणकपुर के प्रसिद्ध जैन मंदिर की प्रतिष्ठा की गई। यह मंदिर राजस्थान में जैन धर्म के सबसे प्रमुख और सम्मानित धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है।"**[7] इसके अलावा, अचलगढ़ में भी जैन मंदिर की प्रतिष्ठा 1461 ई. में हुई। इन घटनाओं से यह प्रमाणित होता है कि राजस्थान में जैन धर्म के अनुयायियों और उनके धार्मिक स्थलों के प्रति शासकों की न केवल सहिष्णुता थी, बल्कि उन्होंने इसके प्रचार-प्रसार और संरक्षण में भी सक्रिय भाग लिया। जैन धर्म राजस्थान में न केवल वैश्य समुदाय के बीच प्रचलित था, बल्कि शासकों और अन्य समुदायों द्वारा भी इसे सहिष्णुता और सम्मान प्रदान किया गया। जैन धर्म की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर आज भी राजस्थान के कई स्थानों पर देखने को मिलती है, जो इस धर्म के इतिहास और प्रभाव को उजागर करती है।

## शक्ति पूजा

भारतीय धार्मिक परंपराओं में शक्ति पूजा का विशेष महत्त्व है, जिसमें देवताओं के साथ उनकी शक्तियों की भी आराधना की जाती है। उदाहरण के तौर पर, कृष्ण के साथ राधा, राम के साथ सीता और विष्णु के साथ लक्ष्मी को जोड़ा जाता है। शाक्त मतावलम्बियों का मानना है कि बिना शक्ति के शिव भी मृत शरीर के समान होते हैं, अर्थात् शक्ति के बिना देवता पूर्ण नहीं होते। शक्ति पूजा का संबंध न केवल आध्यात्मिक उन्नति से है, बल्कि यह शौर्य, क्रोध और दया की भावना से भी जुड़ी हुई है। शक्ति पूजा के समय में कई प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण हुआ, जो आज भी श्रद्धालुओं के बीच एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक स्थल बने हुए हैं। उदाहरण के रूप में गोगुन्दा में स्थित शीतला मंदिर (1366 ई.) और चित्तौड़ में स्थित कालिका मंदिर का उल्लेख किया जा सकता है। इन मंदिरों की स्थापत्य कला और धार्मिक महत्त्व आज भी लोगों को आकर्षित करती है।

शक्ति पूजा का प्रभाव राजपरिवारों में भी गहरा था, जहाँ शक्ति को कुलदेवी के रूप में पूजा जाता था। जोधपुर, बीकानेर, सिसोदिया और कछवाहा राजवंशों ने अपनी कुलदेवियों के रूप में क्रमशः नागणेची, करणी जी, बाणमाता और अन्नपूर्णा देवी को स्वीकार किया। इन देवी-मंदिरों की विशेष पूजा और प्रतिष्ठा राजपरिवारों में लगातार बढ़ी। अन्नपूर्णा जी के मंदिर में काले पत्थर पर अंकित लेख के अनुसार, महाराणा कुंभा ने मंदिर के लिए कुण्डलग्राम, रायमल ने खेड़ी ग्राम, सांगा ने चोगावड़ी और रत्नसिंह ने

पभीत्या गाँव भेंट स्वरूप दिए थे। यह प्रमाणित करता है कि इन देवियों की पूजा और उनके मंदिरों का संरक्षण शासकों द्वारा न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण था। शक्ति पूजा का महत्त्व न केवल धार्मिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक जीवन में भी गहरा था। यह पूजा न केवल राजा-महाराजाओं के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक विश्वास और आस्थाओं का हिस्सा बन चुकी थी।

### इस्लाम

1194 ई. में सुल्तान शहाबुद्दीन गोरी द्वारा अजमेर के चौहान राज्य को जीतने के बाद, मेवाड़ का पूर्वी हिस्सा, जो पहले चैहानों के अधीन था, अब सुलतान के अधिकार में आ गया। इसके परिणामस्वरूप इस्लाम का प्रभाव राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बढ़ने लगा। इस्लाम का प्रचार प्रारंभ में सूफी संतों द्वारा किया गया, जिनमें प्रमुख नाम मुइनुद्दीन चिश्ती का था। उन्होंने इस्लाम के मूल सिद्धांतों को सरल और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया और अपने आदर्शों तथा नैतिक आचरण से आम जनता को प्रभावित किया। उनके द्वारा किया गया धार्मिक प्रचार और कार्यों के कारण बहुत से लोग इस्लाम धर्म की ओर आकर्षित हुए। हालाँकि, कुछ स्थानों पर हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया और लोगों को बल प्रयोग द्वारा इस्लाम स्वीकार करने के लिए दबाव डाला गया, जिसके कारण हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच कटुता भी बढ़ी। समय के साथ, मेवाड़ में मस्जिदों का निर्माण शुरू हुआ और मुसलमानों ने यहाँ अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान स्थापित की। मुसलमानों ने मेवाड़ राज्य में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया और इसके फलस्वरूप महाराणा अमरसिंह द्वितीय ने काजी सुल्तान मोहम्मद को 100 बीघा भूमि देकर उन्हें सम्मानित किया। यह दिखाता है कि शासक वर्ग द्वारा मुसलमानों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता था। इल्तुतमिश के नेतृत्त्व में जब मुस्लिम सेनाओं ने जालौर पर विजय प्राप्त की, तो इस दौरान कई हिंदू मंदिरों को नष्ट किया गया, मस्जिदों का निर्माण हुआ और बहुत से हिंदू नागरिकों को गुलाम बना लिया गया। जयसिंह सूरी, जिन्होंने अपने ग्रंथ 'हम्मीर मद मर्दन' में इस घटनाक्रम का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा कि-**"सुलतान की सेनाओं ने मेवाड़ की राजधानी नागदा को जलाकर नष्ट कर दिया, वहाँ के निवासियों को निर्दयता से मारा गया और पूरे इलाके में आतंक मच गया।"**[8] इसके बावजूद, समय के साथ हिंदू-मुस्लिम वैमनस्य में कमी आई, खासकर 18वीं शताब्दी के अंत तक। राजस्थान के शासकों की सहिष्णु नीति ने इस समरसता को बढ़ावा दिया और दोनों समुदायों के बीच सामंजस्य स्थापित किया।

### निष्कर्ष

मध्यकालीन राजस्थान का धार्मिक परिदृश्य बहुलतावादी और परिवर्तनशील था, जिसमें विभिन्न धर्मों और परंपराओं का सह-अस्तित्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वैदिक परंपरा की जड़ें जहाँ प्राचीन भारतीय संस्कृति से जुड़ी रहीं, वहीं वैष्णव और शैव भक्ति आंदोलन ने समाज में आध्यात्मिक चेतना को नई दिशा दी। जैन धर्म ने अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांतों के माध्यम से सामाजिक जीवन को प्रभावित किया, जबकि शक्ति पूजा ने लोक आस्था और राजपरिवारों की धार्मिक पहचान को मजबूत किया। इस्लाम के आगमन के साथ राजस्थान में एक नई धार्मिक धारा का विकास हुआ, जिसने सूफी संतों के माध्यम से शांति, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश फैलाया। यद्यपि प्रारंभिक काल में संघर्ष और टकराव की घटनाएँ भी हुईं, लेकिन समय के साथ आपसी समन्वय और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया विकसित हुई। राजस्थान के शासकों की धार्मिक सहिष्णुता, विभिन्न मंदिरों और धार्मिक संस्थानों का संरक्षण तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना ने इस क्षेत्र को एक समृद्ध सांस्कृतिक केंद्र बना दिया। समग्र रूप से, मध्यकालीन राजस्थान का धार्मिक जीवन केवल आस्था का क्षेत्र नहीं था, बल्कि यह सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक एकता का भी महत्त्वपूर्ण आधार था, जिसने भारतीय सभ्यता की बहुलतावादी परंपरा को सशक्त किया।

## संदर्भ सूची


1. https://ancientscience.in/manusmriti/manusmriti-2-6
2. उपाध्याय बलदेव, भागवत संप्रदाय, नागरीप्रचारिणी सभा, काशी, संस्करण-2010, पृष्ठ सं- 112
3. विश्वेश्वर गडवी, वात संग्रह, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर, संस्करण-2018, पृष्ठ सं- 489
4. शर्मा, जी.एन, सोशियल लाईफ इन मिडेवल राजस्थान, राजस्थान सभागार, जोधपुर, संस्करण-1968, पृष्ठ सं- 17
5. श्यामलदास, वीरविनोद, समिद्धेश्वर महादेव चित्तौड़ के मन्दिर की प्रशस्ति; भाग-1, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण-1672, पृष्ठ सं- 42
6. ओझा, गौरीशंकर हीराचन्द, मेवाड़ की संस्कृति, राजस्थान सभागार, जोधपुर, संस्करण-1980, पृष्ठ सं- 505
7. करमचंद, मेवाड़ की माटी के सुरमा, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 244
8. बांगा, वी.के., बांकीदास की ख्यात, राजस्थान सभागार, जोधपुर, संस्करण-1968, पृष्ठ सं- 103

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026



**डॉ. दीपा**

**सहायक प्राध्यापिका,**
**(हिंदी विभाग)**
**श्री अरविन्द महाविद्यालय**
**(दिल्ली विश्वविद्यालय)**
**मालवीय नगर**
**नई दिल्ली-110017**
**संपर्क**
**deepaneemwal@gmail.com**

# हिंदी के संत काव्य की विशिष्टता

**शोध सारांश**

प्रस्तुत शोध पत्र मध्यकालीन हिंदी संत काव्य की बहुआयामी विशिष्टताओं, दार्शनिक आधारों और युगीन प्रासंगिकता का गहन विश्लेषण करता है। उपनिषदों की मूल चेतना से उद्भूत यह काव्य परंपरा मध्यकाल में प्रांतीय और भाषायी सीमाओं को लांघकर लोक-भाषा (सधुक्कड़ी) के माध्यम से एक अखिल भारतीय वैचारिक आंदोलन के रूप में मुखरित हुई। शोध में स्पष्ट किया गया है कि संतों ने परम सत्ता के पारिभाषिक रूप को आत्मसात कर शास्त्रीय जटिलताओं के स्थान पर अत्यंत सरल और सर्वग्राही माध्यम को चुना, जिसका मूल उद्देश्य लोक-संग्रह और सामाजिक समरसता था।

संत काव्य की दार्शनिक और व्यावहारिक प्रवृत्तियों का वर्गीकरण करते हुए यह पत्र निर्गुणोपासना, समन्वयपरक एकेश्वरवाद, उभयपक्षीय शृंगार (साधनात्मक व भावनात्मक रहस्यवाद) और गुरु-महिमा के महत्त्व को रेखांकित करता है। इसके साथ ही, सामाजिक विषमता, जाति-पांति और धार्मिक बाह्याडंबरों के विरुद्ध संतों के तीखे आक्रोश तथा उनके मानवतावादी दृष्टिकोण का विश्लेषण किया गया है। अतः, पूर्ववर्ती नाथपंथ, अद्वैतवाद और सूफी दर्शन के समन्वय से निर्मित यह भू-भाषायी वैचारिक भवन लोक-कल्याण की भावना के कारण आज भी पूरी तरह अक्षुण्ण और प्रासंगिक बना हुआ है।

**बीज शब्द**

**1. संत काव्य 2. उपनिषदिक चेतना 3. सधुक्कड़ी 4. निर्गुणोपासना 5. एकेश्वरवाद 6. रहस्यवाद 7. उभयपक्षीय शृंगार 8. बाह्याडंबर विरोध 9. सामाजिक समरसता 10. लोक-कल्याण**

**मूल शोध**

भारतीय मूल चेतना का उद्भव उपनिषदों से माना जाता है, जो मध्यकालीन काव्य-साधना के विविध प्रभावों से आत्मसात होती हुई अंततः संतों की वाणी के रूप में मुखरित हुई। कालांतर में अभिव्यक्ति के इसी स्वरूप को 'संत काव्य' के नाम से अभिहित किया गया। यह संत वाणी अपने प्रतिपाद्य (विषय-वस्तु) के अनुरूप सामयिक सीमाओं से परे एक अबाध और वेगवती धारा के रूप में प्रवाहित हुई, जिसने न केवल

सहृदयों को रससिक्त किया, बल्कि समाज में एक प्रगतिशील वैचारिक चेतना का संचार भी किया। उपनिषदिक दर्शन को जन-सामान्य के व्यावहारिक धरातल पर उतारने की संतों की इसी अद्भुत क्षमता को रेखांकित करते हुए प्रसिद्ध आलोचक डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी अपनी कृति 'कबीर' में लिखते हैं-**"भक्तों का यह भी दावा है कि वेदान्त में जिसे 'ब्रह्म-जिज्ञासा' या ब्रह्म की जानकारी की इच्छा कहा गया है, वह वस्तुतः भक्ति ही है, क्योंकि, कठोपनिषद में (2122) साफ-साफ कहा गया है कि 'परमात्मा में जिसकी भक्ति-श्रद्धा है, उसी से परमात्मा प्रसन्न होते हैं" और वे जिससे प्रसन्न होते हैं वही जिज्ञासा आदि के द्वारा उन्हें प्राप्त करता है।"**[1]

मूलतः, हिंदी साहित्य में संत काव्य की परंपरा अत्यंत समृद्ध और विशिष्ट रही है। भौगोलिक और भाषायी दृष्टि से यह वैचारिक निर्मिति भारत के विभिन्न क्षेत्रों के सांस्कृतिक तत्त्वों से मिलकर बनी है। यही कारण है कि मध्यकाल में ऐसे अनेक विलक्षण संत कवि हुए, जिन्होंने देश के भिन्न-भिन्न प्रांतों से होने और अपनी स्थानीय बोलियों के प्रभाव के बावजूद, अखिल भारतीय स्तर पर जनमानस से जुड़ने के लिए हिंदी (या तत्कालीन लोक-भाषा/सधुक्कड़ी) को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। उन्होंने अपनी मातृभाषा की सीमाओं को लांघकर हिंदी में साहित्यिक सृजन को नए आयाम और सुदृढ़ वैचारिक धरातल प्रदान किए।

इसी भाषायी वैशिष्ट्य और उनकी राष्ट्रव्यापी भाषायी पहुँच को प्रमाणित करते हुए नंददुलारे वाजपेयी लिखते हैं-**"ठेठ कला अथवा रचना-प्रणाली की मीमांसा अभी हमारे साहित्य में बहुत कम हुई है। यह साहित्यिक विवेचन का एक प्रधान अंग क़रीब-क़रीब सूना पड़ा है। यहाँ रचना-प्रणाली से हमारा मतलब भाषा शैली से नहीं है; बल्कि उस कारीगरी से है जो साहित्य को सौंदर्य या कला की वस्तु बनाती है।"**[2]

स्पष्ट है कि इन मध्यकालीन संत कवियों ने प्रांतीय सीमाओं और शास्त्रीय जटिलताओं से ऊपर उठकर अत्यंत सरल, सुबोध और सर्वग्राही भाषा रूप का चयन किया, ताकि वे अपने युगांतरकारी... और मानवीय विचारों को सामान्य जनमानस तक सहजता से प्रेषित कर सकें। यही कारण है कि आज भी हिंदी संत काव्य का यह भू-भाषायी वैचारिक भवन अपनी संपूर्ण प्रासंगिकता के साथ अक्षुण्ण बना हुआ है।

इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि अन्य सभी बहुभाषी संतों ने अपनी वाणी का माध्यम रूप हिंदी को सप्रयोजन रूप में चुना, वैचारिक मूल्यों को सुलभता प्रदान करने की दृष्टि से; जिसके मूल में इन संत कवियों के समस्त काव्य का केन्द्रीय भाव मूलतः लोक संग्रह, सर्वात्मवाद, आत्मज्ञान, सामाजिक समरसता आदि रूप में उद्घाटित होता है।

वहीं, हिंदी साहित्य कोश के अनुसार, **"संत' शब्द का प्रयोग साधारणतः किसी भी पवित्रात्मा और सदाचारी पुरुष के लिए किया जाता है और कभी-कभी यह 'साधु' एवं 'महात्मा' शब्दों का पर्याय भी समझ लिया जाता है, किंतु 'संतमत' शब्द में आ जाने पर इसका एक पारिभाषिक अर्थ भी हो सकता है, जिसके अनुसार यह उस व्यक्ति का बोध कराता है, जिसने सत् रूपी परमतत्त्व का अनुभव कर लिया हो।"**[3]

कोशकार इस पारिभाषिक अर्थ का विस्तार करते हुए स्पष्ट करते हैं कि ऐसा परमज्ञानी साधक बाह्य आचारों से मुक्त होकर सीधे उस मूल सच्चिदानंद तत्त्व से एकाकार हो जाता है। वह लौकिक सीमाओं और व्यक्तिगत अहं का विसर्जन करके उस परम सत्ता में इस प्रकार विलीन हो जाता है-**"और जो इस प्रकार अपने व्यक्तित्व से ऊपर उठकर उसके साथ तद्रूप हो गया हो।"**[4]

संतों की यही वैचारिक और आध्यात्मिक एकात्मता उनके व्यावहारिक जीवन में लोक-कल्याण का मूल आधार बनती है। यह आत्मिक तद्रूपता उन्हें केवल एकांत का साधक नहीं रहने देती, बल्कि समाज के प्रति गहरे दायित्वबोध से भी जोड़ती है। इसी सामाजिक सरोकार

और संतों के व्यावहारिक लक्षणों को आगे और स्पष्ट किया गया है-**"अतएव विशिष्ट लक्षणों के अनुसार, संत शब्द का व्यवहार केवल उन आदर्श महापुरुषों के लिए किया जा सकता है, जो पूर्णतः आत्मनिष्ठ होने के अतिरिक्त समाज में रहते हुए निःस्वार्थ भाव से विश्व कल्याण भाव में प्रवृत्त रहा करते हैं।"**[5]

'संत' शब्द का अर्थ मेरी दृष्टि में यद्यपि 'स'+'अंत' से है। 'स' से मेरा आशय समाज, सकारात्मकता, समन्वय, समझ, सहानुभूति, सहजता, सुरति, संतसंगति, सत्य, सदाचार, सर्वात्मवाद, स्वतंत्र, स्वबन्धन, स्वानुभूति से है। जिस व्यक्ति में इनका अंत नहीं है, जिसमें ये अपार हैं, वही संत कहलाने योग्य हैं। जितना मैंने कबीर, नानक, दादू, गरीबदास आदि के साहित्य में पढ़ा और तत्पश्चात् जाना तो पाया कि इनके मानवतावादी, सकारात्मक दृष्टिकोण ने समग्र समाज को एक दृढ़निश्चयी आधार प्रदान करने का प्रयास किया, जो कि इनकी समन्वयवादी दृष्टि का परिचायक रूप है।

ख़ैर, अतीत में विचरण करने पर हम पाते हैं कि भारत में ब्रह्म के निर्गुण रूप की उपासना तो प्राचीन समय से ही प्रारंभ हो चुकी थी, लेकिन व्यवस्थित ढंग से इसके बीजतत्त्व हमें सर्वप्रथम महाराष्ट्र के निर्गुण संत कवियों को दी गई 'संत' संज्ञा से प्राप्त हैं। मूलतः पहले पहल विट्ठल या वारकरी सम्प्रदाय के साधक ही 'संत' कहलाते थे। सम्भवतः उन्हीं के अनुकरण पर, आगे चलकर कबीर, गरीबदास, भिखारीदास इत्यादि को भी 'संत' और उनकी रचनाओं को 'संत काव्य' कहा जाने लगा; जो कि कालान्तर में इसका रूढ़ार्थ बन गया। वैसे तो, कबीर से भी पहले जयदेव, वेणी, नामदेव, त्रिलोचन, रामानंद, धन्ना, पीपा इत्यादि संतों के उल्लेख मिलते हैं। वहीं, कबीर के पूर्ववर्ती व परवर्तीकाल में तो इनकी पूरी-की-पूरी श्रृंखला ही परिलक्षित होती है, यथा - रैदास, कमाल, धर्मदास, सिंगा जी, दादू, रज्जब, मलूकदास, सुन्दरदास, प्राणनाथ, धरनीदास, यारी साहब, बुल्लेशाह, दरिया, दूलनदास, चरणदास, गुलाल साहब, गरीबदास, पलटू साहब, भीखा साहब और तुलसी साहब इत्यादि संत कवि इसी संत-परम्परा के प्रमुख व उल्लेखनीय नाम रहे हैं।

साथ-ही-साथ नानकदेव, अंगददास, अमरदास, रामदास, गुरु अर्जुनदेव, सिक्ख-गुरु जम्भनाथ का बिश्नोई सम्प्रदाय, बाबालाली सम्प्रदाय, साईदास, जसनाथी सम्प्रदाय, हीरादासी सम्प्रदाय इत्यादि संत रचयिताओं के कविगण भी इसी वर्ग में आते हैं। देखा जाए तो संत तथा संत-मत में न तो कोई संप्रदाय विशेष है, न ही कोई निश्चित दर्शन। यह तो विविध कवियों के सामान्य विचारों से संचित, काव्य की एक सामूहिक संज्ञा है। निःसंदेह, इस प्रकार का सामाजिक संचेतनात्मक काव्य कालांतर में उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ तक रचा जाता रहा। जहाँ तक प्रश्न उठता है इन संत काव्यों के उदय का, तो वास्तव में यह पूर्ववर्ती नाथपंथ का ही विकसित रूप है, जिसमें समयानुसार शंकर का अद्वैतवाद, रामानुज का विशिष्टाद्वैत, इस्लाम का एकेश्वरवाद, योगियों की यौगिक साधना एवं सूफ़ियों के प्रेम-पीर इत्यादि विचार रूपों ने मिलकर एक नवीन व अविस्मरणीय भाषाई कलेवर की ओट में समकालिक विषय-परिवेश को व्याख्यायित किया।

**संत काव्य का वर्गीकरण**

अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से संत काव्य का वर्गीकरण दो आधारों पर किया जा सकता है-

**(अ) शुद्ध दर्शन की दृष्टि से**

**(आ) तथा, संत कवियों की साधना प्रणाली की दृष्टि से**

जहाँ पहली श्रेणी में आते हैं अद्वैतवादी संत कवि (यथा- कबीर, दादू, मलूकदास); जबकि दूसरी कोटि के भेदाभेदवादी गुरु नानकदेव हैं। साधना प्रणाली दृष्टि से देखें तो एक तरफ जहाँ सुन्दरदास जैसे पूर्ण योग साधक हैं, वहीं तो दूसरी ओर दादू, नानक, रैदास, मलूकदास जैसे आंशिक योग साधक। इसी आधार पर संत काव्य की प्रवृत्तियाँ या विशिष्टताएँ निम्नवत हैं-

**निर्गुणोपासक**

सभी संत कवि निर्गुण उपासक हैं। इनका ब्रह्म अविगत है। उसका न तो कोई रूप है और न ही कोई निश्चित आकार। मूलतः वह तो अनुपम, सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान और सर्वसुलभ है जो कि घट-घट में बसता है तथा बाह्य इन्द्रियों से परे है। इस संदर्भ में संत कवि कबीरदास कहते हैं कि-

**"जाके मुँह माथा नहीं, नाहीं रूप कुरूप।**
**पुहुप बास तैं पातरा, ऐसा तत्त अनूप"**[6]

इसी निर्गुणोपासना के कारण कबीर सगुण का विरोध करते हैं तथा तर्काधार पर उसकी निस्सारता को प्रकट करते हैं; वे बाह्याडंबरों, मूर्तिपूजा और अवतारवाद जैसी रूढ़ियों पर तीखा प्रहार करते हैं। कबीर के अनुसार, ईश्वर किसी भौतिक सीमा या स्वरूप में आबद्ध नहीं है, बल्कि वह घट-घट वासी और अतीन्द्रिय तत्त्व है। सगुण मान्यताओं के खंडन हेतु वे तार्किक प्रश्नों का सहारा लेकर जनमानस को विवेकशील और अंतर्मुखी साधना की ओर प्रवृत्त करते हैं। यथा—

**"तुम जो कहत हौ नंद को नंदन नंद सुनंदन काको रे**
**धरनि अकास दसों दिसि नाहीं, तब इहु नंद कहायो रे"**[7]

**समन्वयपरक एकेश्वरवाद की स्थापना**

संत कवि जीवन के व्यापक फलक पर सर्वत्र एक समन्वयवादी चेतना के साथ उपस्थित होते हैं। धर्म और दर्शन के क्षेत्र भी निश्चित रूप से इस दृष्टि के अपवाद नहीं हैं। यही कारण है कि ये संत साधक ईश्वर के एक अत्यंत सहज, व्यावहारिक तथा सार्वभौमिक रूप का प्रतिपादन करते हैं। कबीर के यहाँ समन्वय की यह वैचारिक प्रवृत्ति और भी अधिक प्रखर तथा व्यापक रूप में परिलक्षित होती है; वे मूलतः सगुण और निर्गुण के पारमार्थिक ऐक्य को स्वीकार करते हैं। **"कबीर ने भगवान के निर्गुण रूप को ही अपना उपास्य माना और इस दिशा मे उन्होंने उपनिषदों के सिद्धान्तों का समर्थन किया। भगवान को निर्गुण, निरंजन,ज्योति, स्वयं प्रकाश आदि कहते हुए भी उन्होंने उसे राम, रघुनाथ, रघुराई, मोहन, बीठला, बनवारी, हरि, गोविन्द, केशव, मुरारी आदि नामों से संबोधित कर वैष्णव-भक्ति, अर्थात् नारदी-भक्ति को ही प्रधानता दी-**

**"भगति नारदी रिदे न आई, काछि-कूछ तन दीना।**

—

**भगति नारदी मगन सरीरा, यहि बिधि भव तरि, कहै कबीरा"**[8]

एकेश्वरवाद मूलतः निर्गुण वैष्णव विचारधारा है। इनके अनुसार ब्रह्म एक ही है, जो लीला में भरकर 'स्व-विस्तार' करता है। यह माया-बाधा से ही भिन्न प्रतीत होता है। देखा जाए तो यह माया-बाधा अज्ञानता की देन है तथा इसका समाधान गुरु-ज्ञान है। वहीं, कबीरदास अपने विचारों द्वारा इसी एकेश्वरवाद की स्थापना करते हैं।

**रहस्यवाद**

संत कवियों ने अपने यहाँ उक्तियों को रहस्यमयी रूप में प्रकट किया है। फलतः इनकी उक्तियाँ अस्पष्ट, अटपटी तथा गूढ़-गहन दिखलाई पड़ती हैं। कबीर की उलटबांसियाँ इसका सशक्त प्रमाण रूप हैं। इसके अतिरिक्त रहस्यवाद की अन्य स्थितियाँ और रूप भी इसमें भरपूर मात्रा में उद्घाटित होते हैं। इनके विषय में तो यहाँ तक कहा गया है कि-**" रहस्यवादी कवियों में कबीर का आसन सबसे ऊँचा है। शुद्ध रहस्यवाद केवल उन्हीं का है।"**[9]

यहाँ पर ध्यातव्य यह है कि कबीर की रहस्यवादी उक्तियाँ केवल शुष्क और बौद्धिक रूप मात्र नहीं हैं, अपितु इनमें तो सूफ़ियों के 'प्रेम' तथा वैष्णवों की भक्ति के साथ-साथ काव्यात्मकता की हरी-भरी फसल भी भरी-पूरी मात्रा में रही है। यथा -

**"अवधू गगन मंडल घर कीजै।**
**अमृत झरै सदा सुख उपजै बंकनालि रस पीजै"**[10]

इन गुणों ने निःसंदेह कबीरी रहस्यवाद को 'मौलिक' रूप दिया। कबीर के रहस्यवाद का अध्ययन करने वाले

डॉ. रामकुमार वर्मा के विचार से-**"रहस्यवाद जीवात्मा की उस अन्तर्निहित प्रवृत्ति का प्रकाशन है, जिसमें वह दिव्य और अलौकिक शक्ति से अपना शान्त और निश्छल सम्बन्ध जोड़ना चाहती है और यह सम्बन्ध यहाँ तक बढ़ जाता है कि दोनों में कुछ भी अन्तर नहीं रह जाता है।"**[11]

**उभयपक्षीय शृंगार रूप**

चूँकि, शृंगार का मूल भाव है 'रति' (प्रेम) तथा उभय पक्ष है - संयोग एवं वियोग। संत काव्य में 'उभयपक्षीय शृंगार' की अभिव्यक्ति जीवात्मा और परमात्मा के मध्य अनन्य दांपत्य भाव के रूप में हुई है। यहाँ साधक स्वयं को विरहिणी नारी और ईश्वर को प्रियतम मानता है, जहाँ विरह और मिलन दोनों पक्षों में तीव्र व्याकुलता दिखाई देती है। इस दार्शनिक एवं भावात्मक पक्ष को रेखांकित करते हुए आचार्य रामचंद्र शुक्ल लिखते हैं कि-**"कबीर की कविता में रहस्यवाद की उक्त सभी विशेषताएँ मौजूद हैं। शुक्ल जी कबीर की कविता में मौजूद रहस्यवाद को दो कोटियों में बाँटते हैं: साधनात्मक रहस्यवाद और भावनात्मक रहस्यवाद। वे कहते हैं कि कबीर में सूफियों के भावनात्मक रहस्यवाद और हठयोगियों के साधनात्मक रहस्यवाद, दोनों की अभिव्यंजना है।"**[12] जिसके फलस्वरूप संत काव्य में यह अनूठा अलौकिक शृंगार प्रस्फुटित हुआ। कबीरदास जी के पदों में यह आध्यात्मिक तड़प और मिलन का उल्लास स्वतः मुखरित होता है; यथा-**"हरि मेरा पीउ, मैं हरि की बहुरिया।"**[13] यह उभयपक्षीय समर्पण संत काव्य की अपनी मौलिक और अद्वितीय विशिष्टता है।

**सामाजिक अन्याय का विरोध**

मध्यकाल के अधिकतर संत कवि समाज के निम्न-वर्ग से संबंधित रहे। इन्होंने अपने जीवन में सामाजिक विषमता तथा तद्जनित अन्यायों को खूब देखा व भोगा था। अतएव उनमें इसके प्रति विरोध-भावना का होना स्वाभाविक ही था। प्रारंभ में विशेषतः महाराष्ट्री संतों में, विरोध का यह स्वर सरल-सहज था, पर हिंदी संत कवियों में आकर तो यह आक्रोशमय एवं कटुतर ही बन गया। निःसंदेह इसका एक कारण इन संत कवियों की निर्भीकता एवं अखण्डता भी थी। इन्होंने अपने समकालीन समाज और उससे संबंधित विविध पक्षों पर कटु व तीखे प्रहार किये हैं। रैदास के शब्दों में-

> **"जात पांत के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग।**
> **मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग"**[14]

**बाह्याडम्बरों का विरोध**

मध्यकालीन संत कवियों ने अपने युगीन समाज को आँखें खोल कर देखा एवं उसके सच्चे रूप को जनता के समक्ष जैसे का तैसा प्रस्तुत किया। मलूकदास निःसंदेह इस दृष्टि से अग्रणी कवि हैं। इन संत कवियों ने हिन्दू तथा मुसलमान दोनों में प्रचलित धार्मिक-सामाजिक आडम्बरों के ढोल की पोल खूब खोली है। शैव हो या शाक्त, ब्राह्मण हो या मुल्ला, मुंड-मुंडाने वाला साधु हो या माला फेरने वाले पण्डित, सभी के पाखण्डी रूप को मलूकदास ने भी खूब उजागरित किया है। इसी तरह मूर्ति-पूजा, माला, छापा-तिलक, तीर्थाटन, वेद-शास्त्र, कूर्म-पुराण, मक्का-मदीना, रोज़ा-नमाज़, ना जाने कितने आडम्बरों का विरोधपरक मज़ाक उड़ाया है, ना जाने कितनी रीति-परम्पराओं का उन्मूलन किया है इन संत कवियों ने। इन्होंने तत्कालीन समाज में प्रचलित समस्त अन्धविश्वासों, रूढ़ियों एवं मिथ्या सिद्धान्तों द्वारा प्रचारित सामाजिक विषमताओं का मूलोच्छेद करने का बीड़ा उठाया और निर्ममतापूर्वक सभी पर प्रहार किया। यथा-

> **"अजगर करै ना चाकरी पंछी करै ना काम।**
> **दास मलूका कह गये सबके दाता राम"**[15]

**लोक-कल्याण की भावना**

ये संत कवि विरोधी मात्र नहीं रहे हैं। गहराई से झाँकें तो इनके व्यंग्य-विरोध का मूलोद्देश्य लोक-कल्याण की निर्मल भावना का प्रचार-प्रसार तथा सच्ची मानवता की प्रतिष्ठा करना है। ये तो सबको 'हरि का बन्दा' मानते हैं एवं जागृति के प्रचार-प्रसार के उपदेश का वहन करते

हैं। ये संत कवि लोक-कल्याण को बाह्याडम्बरों से नहीं, अपितु 'मन की पवित्रता' से मानते हैं। यथा -

**"अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।**
**प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी।**
**प्रभु जी तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितबत चंद चकोरा।**
**प्रभु जी तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति जरै दिन राती।**
**प्रभु जी तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सोहागा।**
**प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भगति करै रैदास"**[16]

### गुरु महिमा का गान

संत काव्य में गुरु को शक्ति रूप माना गया है, जो साधक-भक्त की अज्ञानता को दूर करके उसको सच्चा ज्ञान प्रदान करता है। सूफ़ियों की ही भाँति यह गुरु अनुपम, अत्यधिक पूज्य, ब्रह्म-ज्ञान प्रदाता और मायादि विकारों से दूर करने वाला है। इसीलिए ये संत कवि गुरु को ना केवल इन गुणों से युक्त मानते हैं, बल्कि उसको ब्रह्म के समकक्ष रख उसका आदर भी करते हैं। यथा-

**"पीछैं लागा जाइ था, लोक वेद के साथि।**
**आगैं थैं सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि"**[17]

### नाम स्मरण व सहज योग साधना पर बल

मध्यकालीन संत कवियों ने ईश्वर प्राप्ति के लिए नाम स्मरण तथा सहज योग साधना की पद्धति को जीवन में स्वीकारने पर विशेष बल दिया। अर्थात् इन संत कवियों ने ईश्वर के स्तुति गान को ही सच्ची साधना का आधार बताया। यथा -

**"दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना।**
**राम नाम का मरम न जाना।"**[18]

हिंदी संत काव्य प्रांतीय सीमाओं को लांघकर लोक-भाषा के माध्यम से अखिल भारतीय जनमानस को जोड़ने वाला एक युगपरिवर्तनकारी वैचारिक आंदोलन है। उपनिषदिक दर्शन को व्यावहारिक धरातल पर उतारते हुए इन संतों ने निर्गुणोपासना, समन्वयपरक एकेश्वरवाद, उभयपक्षीय शृंगार और कड़े सामाजिक-धार्मिक सुधारों को अपने काव्य का केंद्र बनाया। गुरु-महिमा और नाम-स्मरण से पुष्ट यह सामूहिक वाणी बाह्याडंबरों का उन्मूलन कर आत्मज्ञान, सामाजिक समरसता और निःस्वार्थ लोक-कल्याण की भावना को प्रतिष्ठित करती है, जिससे इसकी प्रासंगिकता आज भी अविच्छिन्न बनी हुई है।

### निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि हिंदी का संत काव्य मात्र एक युगीन प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि उपनिषदिक दर्शन और भारतीय मूल चेतना की व्यावहारिक व प्रगतिशील अभिव्यक्ति है। संतों ने शास्त्रीय जटिलताओं और प्रांतीय भाषायी सीमाओं को लांघकर 'सधुक्कड़ी' या लोक-भाषा के माध्यम से अखिल भारतीय जनमानस को एक सुदृढ़ वैचारिक धरातल प्रदान किया। 'संत' शब्द के पारिभाषिक और योगरूढ़ अर्थों का विस्तार करते हुए यह काव्य बाह्याचारों से मुक्त होकर सच्चिदानंद तत्त्व से एकाकार होने तथा विश्व-कल्याण में प्रवृत्त होने का मार्ग प्रशस्त करता है।

वैचारिक धरातल पर कबीर, मलूकदास और रैदास जैसे संतों का काव्य निर्गुण उपासना, समन्वयपरक एकेश्वरवाद, भावनात्मक व साधनात्मक रहस्यवाद और उभयपक्षीय शृंगार (जीवात्मा-परमात्मा का दांपत्य भाव) जैसी अनूठी विशेषताओं से समृद्ध है। इसके साथ ही, गुरु महिमा, नाम-स्मरण और सहज योग साधना को केंद्र में रखकर इन संतों ने सामाजिक अन्याय, जातिगत भेद और धार्मिक बाह्याडंबरों पर अत्यंत तीखे व तार्किक प्रहार किए। संतों की यह समन्वयवादी, मानवतावादी और सुधारक दृष्टि लोक-संग्रह तथा अंतःकरण की पवित्रता पर बल देती है। संक्षेप में, तत्कालीन विषय-परिवेश को नवीन भाषाई कलेवर में व्याख्यायित करने वाला यह संत काव्य आज भी अपनी सामाजिक समरसता और प्रासंगिकता को जीवंत रखे हुए है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, कबीर, हिंदी ग्रंथ रत्नाकर, बम्बई, संस्करण-1960, पृष्ठ सं- 146
2. वाजपेयी नंददुलारे, हिंदी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, इंडियन बुक डिपो, नई दिल्ली, संस्करण : 1949, पृष्ठ सं- 56
3. वर्मा धीरेन्द्र, भारती धर्मवीर, हिंदी साहित्यिक कोश, भाग-1, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वारानसी, संस्करण-2020, पृष्ठ सं- 854
4. धीरेन्द्र वर्मा, धर्मवीर भारती, हिंदी साहित्यिक कोश, भाग - 1, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वारानसी, संस्करण-2020, पृष्ठ सं- 854
5. धीरेन्द्र वर्मा, धर्मवीर भारती, हिंदी साहित्यिक कोश, भाग - 1, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वारानसी, संस्करण-2020, पृष्ठ सं- 854
6. संत कबीरदास, कबीर ग्रंथावली, लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2013, पृष्ठ सं- 258
7. https://www.hindisamay.com/kabir-granthawali/parishisht.htm
8. प्राचीन कवियों की काव्य साधना- राजेन्द्र सिंह गौड, सं- श्री रामनाथ 'सुमन', साधना-सदन, इलाहाबाद, संस्करण-1958, पृष्ठ सं- 16
9. https://hi.wikisource.org/wiki/पृष्ठःकबीर_ग्रंथावली.djvu/
10. https://hi.wikisource.org/wiki/पृष्ठःकबीर_ग्रंथावली.djvu/
11. कबीर का रहस्यवाद, रामकुमार वर्मा, साहित्य भवन, इलाहाबाद,संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 7
12. शुक्ल, रामचंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, संस्करण-2005, पृष्ठ सं- 72
13. https://hi.wikisource.org/wiki/पृष्ठःकबीर_ग्रंथावली.djvu/
14. https://www.hindwi.org/poets/raidas/dohe
15. https://dohe.hindibolindia.com/select/couplets-by-maluk
16. जगदीश शरण, संत रैदास (रामदास), रैदास ग्रंथावली, साहित्य संस्थान, नई दिल्ली, संस्करण-2011, पृष्ठ सं- 223
17. संपादक : श्यामसुंदर दास, कबीरदास, कबीर ग्रंथावली-, नागरीप्रचारणी सभा, काशी, संस्करण-1985, पृष्ठ सं- 2
18. https://hi.wikisource.org/wiki/पृष्ठःकबीर_ग्रंथावली.djvu/

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# धूमिल और सुकांत के काव्य में राजनीतिक चेतना



**नेहा चौबे**
PhD. शोधार्थी (हिंदी विभाग)
विद्यासागर विश्वविद्यालय
मिदनापुर-721102
पश्चिम बंगाल
संपर्क
neha7430043990@gmail.com

**शोध निर्देशक**

डॉ. श्रीकान्त द्विवेदी
सहायक प्राध्यापक
(हिंदी विभाग)
विद्यासागर विश्वविद्यालय
मिदनापुर-721102,
पश्चिम बंगाल

**शोध सारांश**

धूमिल और सुकांत का काव्य वह प्रकाशपुंज है, जो हिंदी और बांग्ला भाषा के साहित्य को जोड़ने का काम करती है। इन दोनों कवियों की भाषा में भिन्नता होने पर भी विचार और भावना एक दूसरे से मिलते हैं। इन महान रचनाकारों की एक खास विशेषता रही है कि उनके अल्पकालीन सार्थकता ने कविताओं को अमर बनाया। उनके कृतित्व तथा व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया में अभावों से गुज़रने वाली मानसिकता, अपराधवृत्ति, दरिद्रता, क्रांति तथा शोषण आदि को भी केंद्रित किया है। इन दोनों कवियों को शोषण के प्रतिरोध की उक्त संवेदना के लिए 'असामान्य का कवि' कहा जाता है। जीवन के अल्पकाल में ही सृजन के शिखर तक पहुँचने वाले रचनाकारों में बांग्ला के सुकांत एवं हिंदी के सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' चर्चित रहे हैं। सुकांत एवं धूमिल दोनों की दृष्टि मार्क्सवादी, यथार्थवादी तथा सामंतविरोधी रही है। दोनों ने इसी धारा के दायरे में खुद को रखने की कोशिश की है। इनकी विचारधारा वैज्ञानिक, मार्क्सवादी और समाजवाद के अंतर्गत आती है। इससे ये साफ पता चलता है कि इनकी कृतियों में राजनीतिक चेतना का प्रभाव है।

**बीज शब्द**

**1. धूमिल 2. सुकांत भट्टाचार्य 3. मार्क्सवादी चेतना 4. सामाजिक यथार्थ 5. शोषण-विरोध 6. जनवादी कविता 7. सत्ताधारी पूँजीपति 8. सामंतवाद-विरोधी दृष्टि 9. यथार्थवादी 10. समकालीन अमानवीय व्यवस्था**

**मूल शोध**

कवि धूमिल का जन्म उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक नगर वाराणसी के पास खेवली नामक गाँव में 1936 में और मृत्यु 1975 को मात्र 38 वर्ष की उम्र में हुई थी। वहीं सुकांत का जन्म 1926 में तथा मृत्यु 1947 को मात्र 21 वर्ष की उम्र में हुई थी। इन कवियों का जन्म और मृत्यु दिखाने का तात्पर्य यह है कि अल्पायु होने के बाद भी उनकी कविता को आज भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता। अपनी कविताओं के माध्यम से वे आज भी अमर हैं और हमेशा रहेंगे। सुकांत बांग्ला काव्य में केवल रीति परिवर्तन के लिए ही नहीं, बल्कि युगांत परिवर्तन के कवि माने

जाते हैं। उनके समकालीन कवियों ने बांग्ला साहित्य तथा हिंदी साहित्य में भी सृष्टि के नवीन क्षितिज को अपना लक्ष्य बनाया था। यह हमारे लिए गौरव की बात है। धूमिल की कविताओं में साहस, विद्रोह और देशजता के प्रतिमान के रूप में धूमकेतु के समान आए और कविता की नई मंदाकिनी रचकर चले गए। वे अपनी ध्वनि को शब्दों के माध्यम से दृष्टिगोचर करते गए। सुकांत का आविर्भाव उस वक्त हुआ जब देश प्रथम विश्वयुद्ध के बाद द्वितीय विश्वयुद्ध की लपटों को सह रहा था। इनकी कविताओं में समस्याओं का विकराल रूप परिलक्षित होता है, क्योंकि भारत तब स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहा था। विश्व की अर्थव्यवस्था भंग हो गई थी। उस वक्त समाज में 'पूँजीपति वर्ग' उभरा। उधर विदेशी शासकों की प्रताड़ना, इधर सत्ताधारी पूँजीपतियों का शोषण, इन दोनों के बीच भारतीय जनता पिस रही थी। अकाल के कारण देश की आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक व्यवस्था तहस-नहस हो गई थी। चारों ओर महामारी, शोषण तथा अत्याचार का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। इससे पहले देश रवींद्रनाथ की कविताओं से ओत-प्रोत था। इस बदलते परिदृश्य में जीवनानंद दास, बुद्धदेव बसु, विष्णु डे तथा सुभाष मुखोपाध्याय आदि के नवीन स्वर उभर रहे थे। इसी धारा में नए कवि के रूप में सुकांत भी प्रस्फुटित होते हैं। धूमिल का भी प्रभाव हिंदी कविता के कुछ क्षेत्र में ऐसे ही देखा जा सकता है। धूमिल ने भी 'जीवनानंद के गाँव' कविता लिखी है-

> **"तब भी यह आश्चर्य देखो कि यौवन के पास भी**
> **कुछ नहीं मिला**
> **इच्छा का प्रतीक यदि अंग है तब स्तन भी**
> **निवेदन के लिए उन्मुख नहीं था"[1]**

समकालीन कवियों में मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, नरेश मेहता, श्रीकांत वर्मा जैसे कवियों से भिन्न धूमिल ने 'यथार्थ' को अपनी कविता का विषय बनाया और आजीवन उसी भाव के बने रहे। धूमिल और सुकांत में यही एक बड़ा बदलाव था, जो काव्य संसार को अलग ढंग से रचने और स्वतंत्रता के प्रति अपनी आवाज़ को कलम द्वारा पन्नों में उकेरने का प्रयास किया है। स्वतंत्रता पूर्व कवि के रूप में 'सुकांत' तथा स्वातंत्र्योत्तर कवि के रूप में 'धूमिल' का नाम उल्लेखनीय है। धूमिल के बारे में डॉ. विद्यानिवास मिश्र की उक्ति-**"धूमिल की कविता बुनियादी तौर पर केवल व्यवस्था से नहीं जूझती, व्यवस्था की अमानवीय परिस्थिति से जूझती रही। उसकी आक्रामकता में जहाँ एक ओर लाचारी है, वहीं दूसरी ओर भविष्य के दिगंत तक गूँज उपजाने वाली टंकार भी है।"[2]**

धूमिल का साहित्य समाज के बदलाव की प्रक्रिया में अनवरत प्रयत्नशील रहा है, क्योंकि धूमिल की कविता बदलाव की लंबी प्रक्रिया में तत्कालीन समय के साथ जुड़ती है। उनकी भाषा और शिल्प संबंधी मान्यताएँ आज प्रासंगिक ही नहीं, बल्कि अनुकरणीय भी हैं। 'पटकथा' कविता में धूमिल ने अपने समय के रील की एक-एक घटना को स्क्रीन की भाँति दिखाया है। इस कविता के माध्यम से कवि कहता है कि आज़ादी के बाद का सुख, समानता और न्याय का स्वप्न पूरा नहीं हुआ। गरीब और मज़दूर आज भी शोषित, बेरोज़गार और भूख से पीड़ित/लाचार है। 'पटकथा' की पंक्तियों से यह स्पष्ट होता है कि देश की वर्तमान स्थिति क्या थी? इसलिए कवि कहता है कि हमें दूसरे प्रजातंत्र की खोज है। यह कविता व्यवस्था तंत्र, भ्रष्टाचार तथा आमजन की पीड़ा का चलचित्र है। वे लिखते हैं कि-

> **"जब मैं बाहर आया**
> **मेरे हाथों में**
> **एक कविता थी और दिमाग में**
> **आँतों का एक्स-रे।**
> **वह काला धब्बा**
> **जो कल तक एक शब्द था;**
> **खून के अंधेरे में**
> **दवा की शीशी का ट्रेडमार्क**
> **बन गया था।"[3]**

सुकांत जनता के ही कवि थे। कविताओं में युवा शक्ति के रूप में जनता की आशा और परिवर्तन की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास करते हैं। उनका संघर्ष और क्रांति ही लोगों को समानता और सम्मान दिलाने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही साथ नए युग का उदय भी होता है। उनकी प्रसिद्ध कविता 'छाड़पत्र' हिंदी अनुदित 'पारपत्र' एक क्रांतिकारी कविता है। इस कविता के माध्यम से कवि क्षुधातुर, पीड़ित, शोषित तथा अन्यायग्रस्त समाज के प्रति भावी संवेदना को व्यक्त करते हैं। वे प्राचीन जर्जर सामाजिक व्यवस्था को समाप्त कर नए तथा न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना चाहते हैं। 'पारपत्र' कविता की कुछ पंक्तियाँ उनके कवि व्यक्तित्व की ओर संकेत करती हैं-

**"जिस बच्चे ने आज रात जन्म लिया है**
**उसी से खबर मिली है :**
**उसे एक पारपत्र मिला है**
**नई दुनिया के दरवाज़े पर इसलिए**
**अपना अधिकार जताता है**
**जन्मते ही उसका ऊँचे स्वर से रोना।**
**नन्ही-सी देह, बेबस, फिर भी मुट्ठी बंधे हाथ**
**ऊपर उठे हुए दिखते हैं**
**जाने किस दुर्बोध प्रतिज्ञा में।"**[4]

धूमिल अपनी कविताओं में शोषण के खिलाफ विद्रोह, क्रांति का आह्वान तथा सत्ता का पर्दाफाश कर यथार्थबोध को लेकर चलते हैं। इनकी कविता सिर्फ़ कविता ही नहीं, बल्कि पीड़ितों की व्यथा-कथा है। 'नक्सलबाड़ी' कविता 1967 के नक्सलबाड़ी आंदोलन (25 मई) को केंद्रित कर बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र आदि जगहों को समेटे हुए है। इसकी आग धूमिल की कविता के पृष्ठ पर दहकती है। उनकी कविता सत्ताधारियों के महल से निकलकर शोषित लोगों के खेत-खलिहान में पहुँचती है। इनकी कविता नक्सलियों की तरह 'बंदूक' का कार्य नहीं करती, बल्कि कलम से ही पूरी पृष्ठ को लहूलुहान कर देती है। निम्नलिखित चंद पंक्तियाँ उनके कवि व्यक्तित्व की ओर स्पष्ट संकेत करती है-

**"सहमति....**
**नहीं, यह समकालीन शब्द नहीं है**
**इसे बालिगों के बीच चालू मत करो**
**जंगल से जिरह करने के बाद**
**उसके साथियों ने उसे समझाया कि**
**भूख का इलाज नींद के पास है।"**[5]

सुकांत की कविताओं को पढ़ने से ऐसा लगता है, जैसे उनकी कविताएँ खुद को चिंगारी की भाँति जलाकर दूसरों को रोशनी प्रदान करती हैं। उनकी कविता में क्रांतिकारी भाव का प्रभावी चित्रण देखा जाता है। उनकी 'सिगरेट' कविता 'आत्मबलिदान' के समान है। सुकांत का कहना है कि व्यक्ति की असली ज़िंदगी दूसरों के उपकार में है। इसकी तुलना मोमबत्ती से भी की जा सकती है। जिस प्रकार मोमबत्ती स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती है, उसी प्रकार इस भाव को धूमिल की 'सिगरेट' कविता में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। इसकी पंक्तियाँ निम्नलिखित हैं-

**"हम हैं सिगरेट**
**तुम हमें जीने क्यों नहीं देते**
**हमें क्यों जलाकर खत्म किये देते हो**
**हमारी ज़िंदगी इतनी कम क्यों है**
**किस मानवता की दुहाई तुम लोग दोगे"**[6]

इसी तरह धूमिल की कविता 'प्रजातंत्र के विरुद्ध' में भारतीय लोकतंत्र की भावी विडंबना और आम जनता की निराशा को आधार बनाया है। आम आदमी सत्ता से उम्मीद करता है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लोकतंत्र, व्यवस्था, न्याय, समानता और उचित सम्मान मिलेगा पर यह वास्तविकता न बदल सकी। लोकतंत्र सत्ता और राजनीतिक भ्रष्टाचार के हितों तक ही सीमित रह गया। आम आदमी गरीब, बेरोज़गार और शोषित होता रहा। धूमिल की कविताओं में खोखली व्यवस्था के खिलाफ तीखा व्यंग्य देखने को मिलता है। वह अपनी कविताओं में

व्यक्त करते हैं कि लोकतंत्र सिर्फ़ चुनाव और नारों तक ही सीमित है। अंत में आमजन उपेक्षित ही होते हैं। वे आम आदमी के जीवन और संघर्ष के अनुभव को धार देते हुए कहते हैं-

**"पेट में धँसे छुरे के साथ भागती है अलारक्खी**
**सस्ते गल्ले की दुकान की बाहरी**
**दीवार से टकराती है।**

- -

**मौत के सिरे पर एक ज़िंदगी**
**शुरू हो रही है। ए भाई रमज़ान ! ए रामनाथ !!**
**पेट से छुरा निकालने के पहले**
**उसकी टाँगों में फटती हुई आफ़त को निकालो।"[7]**

सुकांत की कविता 'सिगरेट' और 'दियासलाई की तीली' संघर्ष, समर्पण और क्रांतिकारी चेतना का प्रतीक है। कवि दियासलाई की तीली के जीवन से मनुष्य जीवन की तुलना करता है। जिस प्रकार एक छोटी-सी तीली खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का काम करती है, उसी प्रकार मनुष्य का स्वभाव भी उस तीली के समान ही होना चाहिए, जिसका अस्तित्व क्षणिक होने के बावजूद भी अपना उद्देश्य पूरा करता है। अर्थात् समाज और देश के प्रति खुद को समर्पित करना ही परम धर्म समझता है। ठीक उसी प्रकार मनुष्य का स्वभाव भी निःस्वार्थ तथा त्याग द्वारा निर्मित होना चाहिए। इसका उद्देश्य 'दियासलाई की तीली' कविता में व्यक्त है-

**"मैं एक मामूली दियासलाई की तीली हूँ**
**इतनी मामूली कि शायद नज़र भी न पड़े :**
**फिर भी जानो**
**मेरे मुँह में चुलबुला रहा बारूद-**
**मेरे सीने में जल उठने की दुरंत इच्छा**
**मैं एक दियासलाई की तीली हूँ।"[8]**

धूमिल और सुकांत की कविताओं में राजनीति चेतना को परखते हुए कहा जा सकता है कि इनकी कविताएँ सामाजिक और राजनीति परिवर्तन के साथ साहित्य में भी प्रभाव डालती हैं। इन दोनों की कविता तत्कालीन समय के लिए काफी मूल्यवान है। धूमिल और सुकांत की कविताएँ मानव भावों का पिटारा हैं। इन पिटारों में सिर्फ़ मानवीय संवेदना, बदलते परिदृश्य और नए मूल्यों का परिवर्तन भी शामिल है। नए मूल्यों द्वारा प्रतिष्ठित लोगों की पीड़ा, दरिद्रता तथा क्षुधा आदि स्थितियों को भी काफी करीब से देखा है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान मानवेंद्र नाथ राय मार्क्सवाद के प्रखर समर्थक के रूप में शामिल थे। उस समय चल रहे मार्क्सवादी विचारधारा के अंतर्गत सुकांत की कविताएँ प्रगति की ओर बढ़ी। इससे ये साफ पता चलता है कि इनकी कृतियों में राजनीतिक चेतना का प्रभाव हैं। सुकांत की कृति में शब्द चयन तथा ध्वनि-सौंदर्य पाठक को आकर्षित करते हैं। उन्होंने प्रतिरोध, दखल, कथा-भाषा के माध्यम से प्रतीक एवं रूपक का निपुण प्रयोग किया। उन्होंने घृणा व क्रोध संबंधित विषयों को अपनी कृति का आधार बनाया। बांग्ला के रवीन्द्रोत्तर युग के कवियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ऐसे रचनाकारों में अचिंत्य कुमार सेनगुप्त, बुद्धदेव बसु, विष्णु डे, प्रेमेन्द्र मित्रा, समरेश बसु, ताराशंकर बंदोपाध्याय तथा विभूतिभूषण बंदोपाध्याय इत्यादि का नाम प्रमुख हैं। ये रचनाकार सुकांत से प्रभावित होकर विभिन्न पहलुओं के प्रति ध्यान आकर्षित करते हैं। इन्होंने सामंतवाद व राजनीतिक मुद्दों के प्रति समाज की बदलती परिस्थितियों से लोगों को सचेतन करने का भरपूर प्रयास किया है। हिंदी साहित्य में धूमिल की कविताओं में शब्द चयन तथा रचना प्रक्रिया अन्य समकालीन रचनाकारों से भिन्न हैं। वे शब्दों को स्पष्ट रूप से कहते हैं। उनकी रचना प्रक्रिया अलंकार एवं रूपक द्वारा शब्दों को सुशोभित करने के लिए नहीं, बल्कि युगांत परिवर्तन के लिए लिखी गई हैं। अन्य समकालीन कवियों की रचना परिवर्तन के दौर की ठहरती है। कुछ रचनाकार जैसे- रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध, श्रीकांत वर्मा, केदारनाथ सिंह, कुंवर नारायण, आलोक धन्वा, राजेश जोशी, अरुण कमल, चंद्रकांत देवताले आदि का नाम उल्लेखनीय हैं। इन दोनों की कविताएँ युग परिवर्तन की कविताएँ सिद्ध होती हैं।

## निष्कर्ष

यह कहा जा सकता है कि दोनों कवियों ने बंगाल व उत्तर प्रदेश प्रांत में रहकर शासकों के विरुद्ध और शोषितों के प्रति आवाज़ उठाने का प्रयास किया है। उनकी कविताएँ दुर्लभ कार्य को सहज बनाती हैं, यही इन दोनों की महानता की पहचान है। दोनों ही जनवादी चेतना के कवि हैं, वे साहित्य को जनता की पीड़ा तथा कविता को सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन का माध्यम मानते हैं। सुकांत भविष्य का सामंतवादी विचार से मुक्त समाज का स्वप्न देखते है, तो वहीं धूमिल स्वतंत्र भारत की राजनीतिक वास्तविकताओं को स्पष्ट करते हैं। आज के संदर्भ में धूमिल और सुकांत की कविताएँ समाज में अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष के लिए प्रेरित करती हैं।

❑❑❑

## संदर्भ ग्रंथ


1. पाण्डेय, रत्नशंकर, धूमिल समग्र-1, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, दूसरा संस्करण-2023, पृष्ठ सं- 276
2. राजपाल हुकुमचंद, समकालीन बोध और धूमिल का काव्य, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 104
3. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-1, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ सं- 112
4. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-2, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ सं- 283
5. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-1, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ सं- 89
6. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-2, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ सं- 307
7. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-1, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ संख्या- 148
8. पाण्डेय रत्नशंकर, धूमिल समग्र-2, राजकमल प्रकाशन, दूसरा संस्करण-2023, दिल्ली, पृष्ठ संख्या- 309

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4
"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026



**डॉ. नरेश कुमार**

शोधार्थी (हिंदी विभाग)
भूपेन्द्र नारायण मंडल
विश्वविद्यालय
मधेपुरा- 852113, बिहार
संपर्क
yadavnareshkumar9472@gmail.com

# हिंदी कथा-साहित्य में दलित विमर्श का स्वरूप

**शोध सारांश**

दलित साहित्य हिंदी साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक रचनाशीलता का प्रतीक है, जो हाशिये के समाज के उन लोगों के जीवन-संघर्ष और उनकी आशाओं एवं आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करती है। यह साहित्य केवल भावनात्मक एवं कल्पनाप्रधान अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके केंद्र में भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था के प्रति प्रतिरोध, समानता की चेतना तथा मानवतावादी मूल्यों की स्थापना का स्पष्ट उद्देश्य विद्यमान है। इसका लक्ष्य समाज में व्याप्त जातिगत असमानताओं को उजागर करना और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जनचेतना का निर्माण करना है। दलित कथा-साहित्य शोषण के विरुद्ध संघर्ष की आवाज़ हैं, जो न केवल चेतना का संचार करती हैं, अपितु सामाजिक परिवर्तन की दिशा भी सुझाती हैं। हिंदी दलित कथा-साहित्य का अध्ययन न केवल साहित्यिक विमर्श का हिस्सा है, बल्कि यह एक बेहतर भारतीय समाज की पुनर्रचना की एक ज़रूरी और सार्थक ज़रूरत भी है।

**बीज शब्द**

**1. दलित विमर्श 2. यथार्थ 3. वर्णव्यवस्था 4. हाशिये का समाज 5. आत्मकथा 6. स्वानुभूति**

**मूल शोध**

हिंदी कथा-साहित्य का विकास भारतेन्दु युग से शुरू होकर वर्तमान समय तक निरंतर रूप से विकसित होता आ रहा है। हिंदी कथा-साहित्य, जिसका रहस्य, रोमांच और तिलिस्म से शुरुआत होती है, बाद में वह राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़कर समाज के यथार्थ और व्यक्ति के आंतरिक मनोभावों को भी उकेरने में सक्षम बनती है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दलित जीवन की समस्याओं और उनकी सामाजिक उन्नति के लिए किए जाने वाले कार्यों का प्रभाव पूरी व्यवस्था पर पड़ा। प्रथम आम चुनावों में सभी वर्गों की भागीदारी साहित्य को जनसामान्य से जोड़ने में सहायक सिद्ध हुई। विगत कुछ दशकों से साहित्य का रुझान हाशिये के समाज के जीवन संघर्षों को रूपायित करने के प्रति सकारात्मक रहा है। यही कारण है कि हिंदी में विमर्शात्मक लेखन में वृद्धि हुई है। इस लेखन में दलित साहित्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। अब सवाल उठता है कि दलित कौन हैं;

उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति क्या है? इस संबंध में दलित को परिभाषित करते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं-"**दलित शब्द व्यापक अर्थबोध की अभिव्यंजना देता है। भारतीय समाज में जिसे अस्पृश्य माना गया वह व्यक्ति ही दलित है। दुर्गम पहाड़ों, वनों के बीच जीवनयापन करने के लिए बाध्य जनजातियाँ और आदिवासी, जरायमपेशा घोषित जातियाँ सभी इस दायरे में आती हैं। ....दलित शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है, जो समाज व्यवस्था के तहत सबसे निचली पायदान पर होता है। वर्ण व्यवस्था ने जिसे अछूत या अंत्यज की श्रेणी में रखा। उसका दलन हुआ, शोषण हुआ इस समूह को ही संविधान में अनुसूचित जातियाँ कहा गया है, जो जन्मना अछूत हैं। दलित शब्द साहित्य के साथ जुड़कर एक ऐसी साहित्यिक धारा की ओर संकेत करता है, जो मानवीय सरोकारों और संवेदनाओं की यथार्थ अभिव्यक्ति है।**"[1]

दलित शब्द को व्याख्यायित करने के पश्चात यह बात साफ़ हो जाती है कि भारतीय समाज व्यवस्था में दलितों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति शुरुआत से ही निम्न स्तर की रही है। समाज के एक हिस्से का इस दुरवस्था में होना पूरे समाज के लिए विमर्श का विषय होना चाहिए। इसीलिए दलित चिंतक कंवल भारती ने इस विमर्श को और व्याख्यायित करते हुए दलित विमर्श की भूमिका में लिखा है कि-"**दलित विमर्श सिर्फ़ एक जाति का विमर्श नहीं है, जैसी कि आम धारणा है कि किसी दलित समस्या को लेकर किया गया विमर्श ही दलित विमर्श है। यह धारणा गलत है। दलित विमर्श के केंद्र में दलित समस्या को नहीं नकारा जा सकता। पर यह समस्या एक राष्ट्रीय समस्या के रूप में है। इसके केंद्र में दलित मुक्ति का प्रश्न राष्ट्रीय मुक्ति का प्रश्न है।**"[2]

दलित वैचारिकी की साहित्यिक अभिव्यक्ति ही दलित साहित्य है। दलित साहित्य के अंतर्गत कथा-साहित्य की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही है। दलित कहानियों एवं दलित आत्मकथाओं ने दलित जीवन-संघर्षों और सामाजिक तानेबाने को खोलने में बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दलित साहित्य में सहानुभूति और स्वानुभूति का जो प्रश्न रहा है, उन दोनों को व्यापक रूप में ग्रहण करते हुए दलित एवं गैर दलित रचनाकरों की रचनाओं के माध्यम से देखा जा सकता है। हिंदी कथा-साहित्य में आज दलित जीवन पर जो कुछ भी लिखा जा रहा है, उसकी प्रेरणा कहीं न कहीं प्रेमचंद के कथा-साहित्य से मिलती हुई प्रतीत होती है। प्रेमचंद की 'ठाकुर का कुआँ', 'सद्गति', 'कफन', 'दूध का दाम', 'गोदान' आदि रचनाओं के माध्यम से दलित जीवन का जो चित्रण दिखाया गया, आज उसी का व्यापक और अनुभूत रूप हमें देखने को मिलता है। प्रेमचंद का साहित्य दलित विमर्श की मूलभूत चेतना से समृद्ध है। उन्होंने गांधीवाद और अंबेडकरवादी दृष्टियों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए दलितों की सामाजिक स्थिति, मनोवैज्ञानिक संघर्ष, श्रम की अवहेलना, धार्मिक आडंबर, छुआछूत और जातीय दमन जैसे ज्वलंत मुद्दों को कहानियों के माध्यम से उजागर किया। निराला, बेनीपुरी और रेणु जैसे कथाकारों ने अपने कथा-साहित्य में समाज के हाशिए पर खड़े दलित वर्ग की व्यथा-कथा को स्वाभाविक रूप से चित्रित किया है। साथ ही साथ, उनके भीतर उठते प्रतिरोध के स्वर और आत्मगौरव की चेतना को भी स्वर दिया है। इन कहानियों में वर्ण-व्यवस्था, सामाजिक भेदभाव, धार्मिक प्रतिबंध, बेगार प्रथा, जातीय उत्पीड़न तथा दलितों के आत्म-सम्मान और अधिकारों की लड़ाई जैसे मुद्दे उभरकर सामने आते हैं।

आधुनिक काल में डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और आंदोलनों ने दलित समाज में शिक्षा, आत्मसम्मान और अधिकार-बोध की चेतना उत्पन्न की। इसी चेतना ने आगे चलकर दलित साहित्य को एक संगठित साहित्यिक आंदोलन का रूप प्रदान किया। दलित कथा-साहित्य को समृद्ध बनाने में अनेक साहित्यकारों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' दलित जीवन की त्रासदी और संघर्ष का शुरुआती सबसे मार्मिक दस्तावेज़ है। इसके अतिरिक्त शरणकुमार लिंबाले,

मोहनदास नैमिशराय और तुलसीराम, श्योराज सिंह बेचैन, रत्नकुमार सांभरिया, बेबी कांबले, सुशीला टाकभौरे जैसे रचनाकारों ने भी दलित कथा-साहित्य को नई दिशा प्रदान की है। दलित कहानियों और दलित आत्मकथाओं में दलित जीवन की त्रासदी का जो विशद वर्णन मिलता है, वह अन्यतम है। इस संबंध में जूठन में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं-**"अस्पृश्यता का ऐसा माहौल कि कुत्ते-बिल्ली, गाय-भैंस को छूना बुरा नहीं था, लेकिन यदि चूहड़े का स्पर्श हो जाए, तो पाप लग जाता था। सामाजिक स्तर पर इंसानी दर्जा नहीं था। सिर्फ ज़रूरत की वस्तु थे। काम पूरा होते ही उपयोग खत्म। इस्तेमाल करो, दूर फेंको।"**[3]

सामाजिक रूप से बहिष्कृत और तिरस्कृत दलित समाज द्वारा भोगे गए यथार्थ को अभिव्यक्त करती इन रचनाओं में उनके जीवन और समाज के विविध प्रसंगों के चित्र मिलते हैं। सामाजिक रूप से दलितों के लिए बनाई गई परम्पराएँ बेहद अमानवीय और क्रूर रही हैं, लेकिन समय बदलने के कारण उनमें परिवर्तन भी आए हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'सलाम' कहानी में दलित चेतना का प्रतिनिधित्व करते हुए हरीश सामाजिक परंपरा को चुनौती देता है और 'सलाम' जैसी अपमानजनक प्रथा को ठुकरा देता है। यह उस सामाजिक बदलाव को चित्रित करता है कि दलित पात्र केवल शोषित नहीं हैं, बल्कि वे अपने अधिकारों, सम्मान और अस्तित्व के लिए सजग हैं। इन कहानियों में दलित अनुभव के भीतर का असंतोष, विद्रोह और आत्म-सम्मान का भाव गहराई से व्यक्त हुआ है। संविधान लागू होने के बाद भी ये सामाजिक व्यवस्था के उस कुरूप चेहरे को बेनकाब करती हैं, जो आज भी जाति के नाम पर भेदभाव, अपमान और वंचना को बनाए रखना चाहता है।

दलित कथा-साहित्य में शिक्षा को बड़ा महत्त्व दिया गया है। दलितों को दयनीय स्थिति से बाहर निकालने में शिक्षा की बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। दलित आत्मकथाकारों ने भी अपनी रचनाओं में इसे चिह्नित किया है। तुलसीराम अपनी आत्मकथा 'मुर्दहिया' की शुरुआत में ही लिखते हैं-**"मूर्खता मेरी जन्मजात विरासत थी। मानव जाति का वह पहला व्यक्ति जो जैविक रूप से मेरा खानदानी पूर्वज था, उसके और मेरे बीच न जाने कितने पैदा हुए, परंतु उनमें से कोई भी पढ़ा लिखा नहीं था।"**[4] यह बताता है कि अशिक्षा दलितों के शोषण का मुख्य कारण है। इसी कड़ी में वाल्मीकि जी की 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी में शिक्षा और ज्ञान के अभाव में दलितों के शोषण का चित्रण है। उनकी कहानी 'घुसपैठिये' में शिक्षा संस्थानों में व्याप्त जातिगत भेदभाव और संस्थागत उत्पीड़न की भयावहता को उजागर किया गया है। वहीं 'कूड़ाघर' और 'मैं ब्राह्मण नहीं हूँ' जैसी रचनाएँ सामाजिक ढोंग, जातिगत छलावे और पहचान के संकट की गहरी पड़ताल करते हैं। हालाँकि ये रचनाएँ वर्तमान परिवर्तनों को भी रेखांकित करती चलती है।

दलित कथाकारों में श्यौराज सिंह बेचैन का कहानी साहित्य समकालीन दलित यथार्थ, सामाजिक विसंगतियों और सत्ता के छद्म व्यवहार का बेबाक दस्तावेज़ है। उनका कथा-साहित्य- 'भरोसे की बहन', 'संदेश', 'ओल्डएज होम', 'होनहार बच्चे', 'रावण' आदि दलित जीवन के विविध पहलुओं को उजागर करती हैं। वे यह सिद्ध करते हैं कि जातिवाद केवल परंपरा में नहीं, बल्कि आधुनिक शिक्षा, राजनीति, नौकरियों, संबंधों और वृद्धाश्रमों तक में व्याप्त है।

दलित साहित्य ने बीते दशकों में सामाजिक यथार्थ को उद्घाटित करते हुए न केवल वंचित वर्ग की पीड़ा, बल्कि उनके भीतर उठती चेतना, प्रतिरोध और आत्मसम्मान की आकांक्षा को भी स्वर दिया है। सुशीला टाकभौरे, जयप्रकाश कर्दम और सूरजपाल चौहान जैसे रचनाकारों ने अपने कथा-साहित्य के माध्यम से दलित जीवन के विविध पहलुओं, सामाजिक बहिष्कार, मानसिक उत्पीड़न, लैंगिक भेदभाव, सांस्कृतिक अवमानना और आत्मगौरव की लड़ाई को कलात्मक, भावनात्मक और वैचारिक गहराई के साथ प्रस्तुत किया है। रूपनारायण सोनकर का कथा-

साहित्य सामाजिक विषमता, जातिगत अन्याय और दलित चेतना को केंद्र में रखता है। वहीं, जयप्रकाश कर्दम का कथा-साहित्य समकालीन जीवन में जाति आधारित विभेद और सवर्णों की दुहरी मानसिकताओं की पोल खोलता है। उनकी 'नो बार' कहानी का अंत इसी तथ्य की पुष्टि करता है, जब लड़की का पिता कहता है **"वह सब तो ठीक है, हम जाती पांति को नहीं मानते और हमने मैट्रीमोनियल में नौ बार छपवाया था, लेकिन फिर भी कुछ चीज़ें तो देखनी ही होती हैं। आखिर नो बार का यह मतलब तो नहीं कि किसी चमार चूहड़े के साथ...।"**[5] यह कथन भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव की गहरी जड़ों को बताते हुए दलितों के स्वाभिमान को खंडित करती हैं। दलित साहित्य की समृद्ध परंपरा में रूपनारायण सोनकर, सूरजपाल चौहान, सुशीला टाकभौरे, अनीता भारती, कैलाश वानखेड़े, हेमलता महिश्वर, रजत रानी मीनू जैसे लेखकों-लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से दलित जीवन की जटिलताओं, संघर्षों और आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से साहित्यिक मंच पर प्रस्तुत किया है। ये रचनाकार दलित अनुभवों को सिर्फ संवेदना तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें वैचारिक और राजनीतिक विमर्श में बदलते हैं। सुशीला टाकभौरे का कथा-साहित्य दलित स्त्री चेतना और सामाजिक विसंगतियों को केंद्र में रखकर अंबेडकरवादी विचारधारा से प्रेरित होकर समाज के भीतर परिवर्तन की कोशिश करता है। उनकी 'सिलिया' कहानी भी इसको अभिव्यक्त करती है। इसमें घर आए दलित को पानी न पिलाने का प्रसंग द्रष्टव्य है। वह अपने मन में सोचती है-**"कितना मुखौटा चढ़ाए रखते हैं ये लोग। मौसी जी जानती थीं कि उसे प्यास लगी है, पर जाति का नाम सुनकर पानी का गिलास लौटा ले गई।"**[6]

यह स्पष्ट होता है कि समकालीन दलित कथा-साहित्य केवल बाह्य शोषण को ही रेखांकित नहीं करता, बल्कि समाज में पैठ जमाए बैठी उस दोहरी और छद्म मानसिकता पर भी कड़ा प्रहार करता है जो आधुनिकता के दावों के पीछे छिपी हुई है।

## निष्कर्ष

इन दलित कहानियों में दलित जीवन संघर्ष की विभिन्न छवियों का अंकन हुआ है। दलित कथा-साहित्य में अभिव्यक्त संघर्ष के अनुरूप उनके भाषा और शिल्प पर ध्यान देने पर हम पाते हैं कि इसमें लोकभाषा, ठेठ ग्रामीण मुहावरों, प्रतीकों, बिंबों और संवाद योजना के माध्यम से दलित समाज के यथार्थ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर विमर्श किया गया है। हिंदी दलित कथा-साहित्य न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि वह भारतीय समाज में व्याप्त जातीय असमानताओं के खिलाफ एक वैचारिक और सांस्कृतिक प्रतिरोध भी प्रस्तुत करता है। दलित कथा-साहित्य शोषण के विरुद्ध संघर्ष की आवाज़ हैं, जो दलित चेतना के साथ सामाजिक परिवर्तन की दिशा भी सुझाती हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि हिंदी दलित कथा-साहित्य का अध्ययन न केवल साहित्यिक विमर्श का हिस्सा है, बल्कि यह एक बेहतर भारतीय समाज की पुनर्रचना की एक ज़रूरी और सार्थक प्रक्रिया भी है। यह केवल एक साहित्यिक विधा नहीं, बल्कि इसके माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का वाहक है, जो वंचित वर्गों के संघर्ष, स्वाभिमान और अधिकारों की आवाज़ को समाज के सामने प्रस्तुत करते हुए समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना की वकालत करता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. ओमप्रकाश वाल्मीकि; दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र; राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2001, पृष्ठ सं- 7
2. कंवल भारती; दलित विमर्श की भूमिका; इतिहास बोध प्रकाशन, फरीदाबाद, तृतीय संस्करण 2004; पृष्ठ सं- 17
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि; जूठन (प्रथम खंड ई बुक); राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2015; पृष्ठ सं- 10
4. तुलसीराम, मुर्दाहिया, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली; संस्करण-2010, पृष्ठ सं- 9

5. जयप्रकाश कर्दम, दलित कहानी संचयन, संपा. रमणिका गुप्ता, साहित्य अकादमी, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 60
6. सुशीला टाकभौरे, दलित कहानी संचयन, संपा. रमणिका गुप्ता, साहित्य अकादमी, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 64

विद्वत वाणी
अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 2, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviewed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2026

# छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में राम



डॉ. ज्योति बाला साहू

अतिथि व्याख्याता (हिंदी)
डॉ. राधा बाई शासकीय
स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय
भाठागाँव-492 001,
रायपुर (छ.ग.)
संपर्क
jyotibalasahu7@gmail.com

**शोध सारांश**

छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि प्रागैतिहासिक काल से गौरवमयी एवं पूज्य रही है। इसका सबसे महत्त्वपूर्ण कारण ब्रह्मांड नायक भगवान राम को इस संसार में लाने वाली माँ कौशल्या की यह जन्मभूमि रही है। पूर्णावतार भगवान श्री राम की जन्मभूमि होने के कारण छत्तीसगढ़ की यह पावन धरती भगवान श्री राम के प्रति अधिक आस्थावान दिखाई देती है, जहाँ भगवान राम का स्वरूप लोक संस्कृति और जन आस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य में राम केवल यहाँ के धार्मिक आराध्य नहीं हैं, बल्कि एक न्यायप्रिय शासक, एक आदर्श पुरुष तथा अपने नैतिक मूल्यों के प्रतीक रूप में प्रतिष्ठित हैं। छत्तीसगढ़ी लोककथाओं, लोकगीतों, लोकनाट्य में रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का हमें वर्णन मिलता है, जो यहाँ की स्थानीय भाषा, संस्कृति, जीवन शैली में प्रत्यक्ष दिखाई देता है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जनजीवन में राम के चरित्र से संबंधित आचरणों का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। लोक साहित्य के माध्यम से रामकथा की सत्य मर्यादित लोक कल्याण की भावना पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है।

**बीज शब्द**

**1. लोकगीत 2. लोकपर्व 3. लोकनाट्य 4. लोककथा 5. जनमानस 6. लोकजीवन 7. परंपरा 8. लोक संस्कृति 9. लोक-साहित्य 10. रामचरितमानस**

**मूल शोध**

**प्रस्तावना-** भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की महान गाथा अगर किसी ग्रंथ में सजीव रूप से हमें दिखाई देती है, तो वह है रामचरितमानस। प्रभु श्री राम केवल धार्मिक आस्था एवं विश्वास के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत के जनमानस की लोक कल्याण, करुणा, मर्यादा, न्याय एवं त्याग के प्रतिनिधि हैं। राम कथा को भारत के विभिन्न देशों में अलग-अलग ढंग से गाया जाता है। कहीं राम कथा लोकगीतों की आत्मा बनी, कहीं लोकनाट्य का आधार बनी, कहीं वह भक्ति का माध्यम बनी तो कहीं सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक आदर्श की प्रेरणा स्रोत बनी है। छत्तीसगढ़ की भूमि भी राम कथा से सराबोर है। छत्तीसगढ़ की भूमि शुरू से महिमा मंडित रही है। इसका सबसे प्रमुख कारण है माता कौशल्या। भगवान राम की जननी माँ कौशल्या का मायका

छत्तीसगढ़ है, जिसके कारण राम यहाँ के भांजे हुए और हर छत्तीसगढ़वासी अपने भांजे को राम का रूप मानकर उन्हें प्रणाम करते हैं। यहाँ की संस्कृति में हमें कहीं न कहीं राम की झलक दिखाई देती है। यहाँ के लोकगीत, लोक गाथा एवं लोक कथा में हमें राम परिलक्षित होते हैं। छत्तीसगढ़ का लोक-साहित्य राम से भरा हुआ है। छत्तीसगढ़ वासियों के लिए राम केवल एक भगवान नहीं, बल्कि उनके परिवार का सदस्य, ग्राम की संस्कृति, नैतिक मूल्य एवं उनके आदर्शों के रूप में प्रतिष्ठित हैं। यहाँ बच्चों के जन्म पर राम कथा कराई जाती है। रामायण का पाठ होता है। दशहरा के अवसर पर रामलीला का आयोजन किया जाता है। राम नाम सप्ताह, रामधुनी एवं विवाह, जन्मोत्सव आदि संस्कारों में गाए जाने वाले गीतों में राम का रूप हमें सहज रूप से दिखाई देता है।

छत्तीसगढ़ की भूमि को धान का कटोरा कहा जाता है, जहाँ यह केवल कृषि प्रधान देश नहीं, बल्कि यहाँ के लोक संस्कृति, लोक साहित्य का समृद्ध भंडार हमें दिखाई देता है। यहाँ लोक जीवन में भगवान राम उनकी परंपराओं में बसे हुए हैं। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में यह विश्वास है कि भगवान राम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया है। सिरपुर, चंदखुरी, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया खरौद आदि बहुत से ऐसे स्थल हैं, जिन्हें राम कथा से जोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता है उनकी लोकाभिमुखता एवं उनकी सहजता। यहाँ राम कथा किसी ग्रंथ के रूप में नहीं गाई जाती, बल्कि खेतों में काम करते किसान अपने लोकजीवन के अनुभव, पर्व त्योहारों आदि के माध्यम से राम के नाम का स्मरण करते हैं और राम कथा को अपने जीवन का अभिन्न अंग मानते हैं।

## छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में राम

छत्तीसगढ़ की एक अमूल्य निधि है लोकगीत। लोकगीतों की परंपरा बहुत ही प्राचीन काल से चली आ रही है। छत्तीसगढ़ में विभिन्न जाति के लोग रहते हैं। लोकगीत यहाँ की जनजीवन की धड़कन है। जन्म से लेकर मृत्यु तक, विवाह से लेकर विभिन्न धार्मिक आयोजनों तक हर उपलक्ष्य पर लोकगीत गाए जाते हैं। इन लोकगीतों में भगवान राम का उल्लेख होना अत्यंत स्वाभाविक एवं आत्मीय रूप में दिखाई देता है। बसंत निर्गुणे का कथन है-**"लोकगीत लोककंठ की धरोहर है। एक कंठ से दूसरे कंठ, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचने वाले लोकगीत, शब्द और स्वर के दोहराव से संचरित होते हैं। दोहराव लोकगीतों का दोष नहीं है गुण है, उसकी शक्ति है, जिसके कारण नयी पीढ़ी सरलता से अपनी स्मृति में गीतों को ग्रहण करने में सक्षम होती है।"**[1]

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में राम कथा का वर्णन अत्यंत भावनात्मक रूप से किया गया है। विशेषकर महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले लोकगीत जैसे सोहर गीत, मंगल गीत, विवाह गीत में हमें राम कथा का उल्लेख मिलता है। अगर किसी के घर में पुत्र का जन्म हुआ है, तब महिलाएँ उस पुत्र की तुलना राम से करते हुए उस नवजात को राम जैसा आदर्श और भाग्यशाली बनने का आशीर्वाद देती हुई यह गीत गाती हैं-

**'जुग जुग जिए तोर लाला, कौशल्या दुलारा हो मैया**
**तोरे घर राम बीराजे उत्साह मंगल होवथे ना।'**

जन्म संस्कार के पश्चात महत्त्वपूर्ण संस्कार विवाह संस्कार होता है। जहाँ विवाह गीतों में दूल्हे की तुलना राम से और दुल्हन की तुलना सीता से की जाती है अर्थात छत्तीसगढ़ी समाज में राम और सीता को आदर्श दांपत्य जीवन के प्रतीक के रूप में माना जाता है। विवाह की अलग-अलग रस्में होती हैं, जहाँ सबसे प्रथम तेलचढ़ी की रस्म में वर को राम और वधु को सीता के रूप में देखा जाता है; जहाँ पर वर या वधु को पीढ़े पर बिठाकर उनके अंगों में हल्दी का लेपन करती हुई माताएँ यह गीत गाती हैं-

**"एक तेल चढ़िगे हो हरियर हरियर,**
**मड़वा माँ दुलुरु तोर बदन कुम्हलाय**

**राम लखन के तेल चढ़ते हे,**
**कहवा के दियना होव अंजोर।"[2]**

लोकगीतों में राम का चरित्र अत्यंत संवेदनशीलता एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण दिखाई देता है। लोकगीतों के माध्यम से राम कथा का प्रचार-प्रसार पीढ़ी दर पीढ़ी होता आ रहा है, जिससे समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती रही है अर्थात् राम कथा छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में लोक आस्था, सामाजिक आदर्श एवं सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। राम कथा को जन-जन तक पहुँचाने और उसे लोक जीवन का अभिन्न अंग बनाने में लोकगीतों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

**लोककथाओं में राम**

लोककथा इतनी पुरातन है कि कोई बता नहीं सकता कि इससे पहले इस लोककथा को किसने कहा था। लोककथा मुख्य रूप से एक कान से दूसरे कान, एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाई जाती है। स्थान परिवर्तित होने से उनके स्वरूप भी बदल जाते हैं। एक ही कथा अलग-अलग जगह में अलग-अलग ढंग से कही और सुनी जाती है। दादी नानी से जो गीत, कहानी, चुटकुले सुने जाते हैं, इसका निर्माण कब किसने और कहाँ किया यह बताना असंभव है। छत्तीसगढ़ की लोक कथाओं में राम केवल अयोध्या के राजा नहीं, बल्कि धर्म रक्षक के रूप में जाने जाते हैं। गाँव में बुज़ुर्ग लोग आज भी बच्चों को राम कथा सुनाते हैं। इन कथाओं में राम का जन्म, वनवास, सीता हरण, रावण वध, अयोध्या वापसी आदि घटनाओं को स्थानीय लोगों द्वारा अपनी लोक भाषा में जीवंत किया जाता है। छत्तीसगढ़ की लोककथा में श्रवण कुमार की कथा गाई जाती है। श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को चारों धाम की यात्रा के लिए ले जाते हैं, जहाँ उनके माता-पिता को प्यास लगती है और श्रवण कुमार पानी लाने जैसे ही सरोवर में जाते हैं, दुर्भाग्यवश महाराज दशरथ का शब्दभेदी बाण श्रवण कुमार को लग जाता है और वह प्राण त्याग देता है। महाराज दशरथ श्रवण कुमार के अंधे माता-पिता को खबर देते हुए कहते हैं-

**"मिरगा के भोरहा म भाँचा ला मारेव,**
**महि हा तोला पानी पियाएव**
**अतका वचन ला सुनके अंधवा,सुन दशरथ मोर बात**
**मोर बेटा ला तैहा मारे, अउ तैं मोर झोंक सराप।**
**सराप झोंकीस राजा दशरथ, पाइस फल भारी।**
**राम बनवास दशरथ के जीव ला उखारीस।"[3]**

**लोकनाट्य में राम**

लोकनाट्य हमारे छत्तीसगढ़ की एक सशक्त विधा है। लोकनाट्य से अभिप्राय उन नाटकों से है, जो एक सामान्य जनजीवन में विकसित पल्लवित एवं फलित होते हैं। लोकनाट्य का सीधा संबंध हमारे गाँव में निवासरत किसान, जनसामान्य मज़दूर से है। लोकनाट्य मुख्यतया दो शब्दों से मिलकर बना है- लोक और नाट्य। लोक अर्थात सामान्य जन-जीवन। नाटक अभिनय एवं नृत्य कला के द्वारा सामान्य जनजीवन को रिझाना ही लोकनाट्य कहलाता है।

नगेन्द्र के अनुसार-"**जीवन की सामूहिक आवश्यकताओं एवं प्रेरणाओं के बीच इसका जन्म हुआ। संस्कृत के अनेक उपरूपक तथा रूपकों में डिम, प्रहसन, हल्लीसक, रासक, रास, लास्य, लास्यनाटक, बीथी आदि लोक-नाटकों के ही परिष्कृत रूप हैं।"[4]**

छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य में रामलीला का अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। रामलीला का मंचन दशहरा, दीपावली के अवसर पर गाँव-गाँव में रामलीला का आयोजन किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से स्थानीय कलाकार राम कथा का मंचन करते हैं, जो वहाँ की स्थानीय लोक भाषा, लोक संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के कारण वह रामलीला अत्यंत आकर्षक बन जाती है। ग्रामीण दर्शक इन प्रस्तुतियों को केवल मनोरंजन के रूप में नहीं देखते, बल्कि वह उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान का भी प्रतीक बन जाते हैं। छत्तीसगढ़ में नाचा गम्मत और पंडवानी जैसे लोकनाट्य शैलियों में भी रामकथा गाई जाती है। कलाकार उसे

स्थानीय बोली में अपने हास्य, व्यंग्य और संगीत के माध्यम से रामकथा के आदर्श को जन मानस तक पहुँचाते हैं। कई-कई बार लोकनाट्य के कलाकार समकालीन सामाजिक समस्याओं व समाज की कुरीतियों को राम कथा के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि लोकनाट्य केवल धार्मिक कथा ही नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र भी है। रामलीला कब से प्रचलित है? रामलीला ही नाम क्यों पड़ा? इस विषय पर कुछ कह पाने के लिए कोई तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास जी श्री राम जी की लीला पर कहते हैं-

**"खेलउँ तहूँ बालकन्ह मीला।**
**करउँ सकल रघुनायक लीला"**[5]

## लोकपर्व में राम

छत्तीसगढ़ के गाँव अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को अपनी साँसों में अपने हृदय में सहेजे हुए हैं। यहाँ का जनजीवन आपसी प्रेम, सौहार्द, आत्मीयता तथा अपनी मातृभूमि के प्रति गहन समर्पण की भावना से अनुप्राणित है। यही सांस्कृतिक चेतना व मानवीय संवेदनाएँ इस धरती की विशिष्ट पहचान हैं। छत्तीसगढ़ में लोक पर्व को यहाँ बड़े श्रद्धा और विश्वास के साथ लोगों के आपसी मेल-मिलाप का अवसर भी कहा जा सकता है, जहाँ हमारे तीज-त्योहार, धार्मिक पर्व, अनुष्ठान आदि कार्यक्रमों में विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन में किया जाता है। छत्तीसगढ़ में पर्व एवं उत्सवों को बहुत महत्त्व दिया जाता है। जहाँ 12 महीनों में विभिन्न प्रकार के पर्व एवं उत्सव मनाए जाते हैं, जिनमें सर्वप्रथम अक्षय तृतीया, जिसे छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार भी कहा जाता है। जिसमें गुड्डे-गुड़ियों को वर-वधू के रूप में विवाह का खेल खेलते हैं। इस उत्साह के खेल में बच्चों के साथ पूरा गाँव खुशियों से भर जाता है। इस खेल में आधे बच्चे लड़की पक्ष तथा आधे बच्चे लड़का पक्ष बनकर विवाह की सारी रस्मों को पूरा करते हैं तथा गाँव के लोग भी इस विवाह में अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

अक्षय अर्थात जिनका क्षय या नाश न हो। ऐसा कहा जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन किया हुआ कोई भी कार्य; पूजा-पाठ मंत्र जाप आदि कई गुना अधिक सकारात्मक परिणाम देते हैं। इसी कारण इस दिन गाँव में देवी-देवताओं, जैसे शीतला माता, गौरा-गौरी, ठाकुर देव महामाई और महादेव में कलसी का पानी भरकर उन्हें अर्पण करते हैं।

**"आंखी म नींद नई हे, तन म थकासी**
**मन म गरब नई हे, छाये प्रेम हाँसी।**
**बिहाव के धुन मा सब्बो विधुन हे**
**छत्तीसगढ़ी अकती म अइसन बड़े गुन हे।"**[6]

शादी के समय शादी का न्योता देते हुए छत्तीसगढ़ में कन्या पक्ष के लोग अपने गाँव को जनकपुरी मानकर ये संदेश देते हुए कहते हैं-

**"जनकपुरी कस गाँव हे मोरे**
**आए अवध बिहारी हो।**
**सम्हार - पखार के भेजे हावे**
**कौसिला महतारी हो।"**[7]

छत्तीसगढ़ के लोग अपने त्योहारों को विशेष महत्त्व देते हैं, जहाँ हरेली, भोजली, जंवारा, गौरा-गौरी, कमर छठ, पोला, तीजा, पितर बेस्की, देवारी, भाई दूज, छेरछेरा, फागुन, तिहार आदि विभिन्न पर्वों को विशेष रूप से मनाते हैं।

## निष्कर्ष

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में राम हमारे प्रदेश की संस्कृति की पहचान हैं, जो हमारी संस्कृति, रीति-रिवाज़, परंपरा को सुरक्षित रखता है। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में राम, छत्तीसगढ़ के जनजीवन, यहाँ के इतिहास, परंपरा और विश्वासों को समझने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है। लोक साहित्य छत्तीसगढ़ की जीवन शैली उनकी संस्कृति व उनकी भावनाओं का जीवन दर्पण है। लोकगीत, लोक कथा, लोकनाट्य के माध्यम से प्राचीन परंपरा, संस्कृति

और लोक मान्यता को सुरक्षित रखती है, जो हमारी सामाजिक धार्मिक और ऐतिहासिक जीवन की हमें जानकारी प्रदान करती है। लोक गाथा तथा लोक कथाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ के लोगों की ईमानदारी, परिश्रम, सत्यनिष्ठा और सदाचार जैसे मूल्यों का प्रचार-प्रसार होता है, जिसमें किसानों, आदिवासियों, मज़दूरों और सामान्य लोगों के जीवन के दुःख-सुख आदि संघर्षों का चित्रण दिखाई देता है। लोक पर्व के माध्यम से लोगों में भाईचारा सहयोग और सामुदायिक भावनाओं का विकास दिखाई देता है। नाचा पंडवानी लोकनाट्य आदि लोक कथाएँ लोगों का मनोरंजन करती हैं।

❑❑❑

**संदर्भ सूची**


1. बसंत, निरगुणे, लोकसंस्कृति, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, चतुर्थ संस्करण-2005, पृष्ठ सं- 108
2. परमार, नारायण लाल, छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की भूमिका, पहचान प्रकाशन, रायपुर, संस्करण-2000, पृष्ठ सं- 110
3. यदु, मन्नूलाल, राम और रामकाज, अस्मिता प्रतिष्ठान, रायपुर, संस्करण-2005. पृष्ठ सं- 227
4. अमरनाथ, हिंदी आलोचना की पारिभाषिक शब्दावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2009, पृष्ठ सं- 453
5. रामचरित मानस : उत्तरकांड, दोहा 109. (https://www.hariomgroup.org/hariombooks_shastra/Ramcharitmanas/Mool-Paath/Uttar-Kand.pdf), पृष्ठ सं- 52
6. देशमुख, डी.पी, कला परंपरा, तीज त्योहार, वैभव प्रकाशन, रायपुर, संस्करण-2015, पृष्ठ सं- 21
7. देशमुख, डी.पी, कला परंपरा, तीज त्योहार, वैभव प्रकाशन, रायपुर, संस्करण-2015, पृष्ठ सं- 21